सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,239.47 |
| निफ्टी | 25,405.30 |
| सोना | 97,337 |
| चांदी | 1,07,620 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 4 जुलाई 2025 | 20 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 186, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### मानवाधिकार आयोग के पास पहुंचा मंत्री और अधिकारी का विवाद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के बीच चल रहे विवाद ने अब एक बड़ा राजनीतिक मोड़ ले लिया है। भाजपा नेता और पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है व इसे स्पष्ट रूप से मानवाधिकारों का उल्लंघन बताया है। यह कदम शिमला में एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर अचल जिंदल पर मंत्री अनिरुद्ध सिंह और उनके समर्थकों द्वारा कथित रूप से बेरहमी से हमला करने के आरोप में दर्ज एफआईआर के बाद उठाया गया है।

### 'आप' बिहार में अकेले लड़ेगी चुनाव : केजरीवाल



**एजेंसी, अहमदाबाद।** आम आदमी पार्टी (आप) बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने वीरवार को अहमदाबाद में कहा कि इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। अब हमारा किसी से कोई गठबंधन नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि गुजरात के विसावदर उपचुनाव में हमने कांग्रेस से अलग लड़कर तीन गुना ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा, यह जनता का सीधा संदेश है कि अब विकल्प आम आदमी पार्टी है। आगे गुजरात में चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। (अनंत ज्ञान)

### तेज बारिश के चलते चारधाम यात्रा रोकी

**एजेंसी, देहरादून।** उत्तराखंड में तेज बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से सुरक्षित होगा, तभी आगे यात्रा शुरू की जाएगी। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर बुधवार रात सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड होने से रास्ता बंद हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने वीरवार को पतंजलि को निर्देश दिया है कि वह डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भी नकारात्मक या भ्रामक विज्ञापन न दिखाए। यह आदेश जस्टिस मिनी पुष्करणा ने डाबर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। डाबर ने कोर्ट में तर्क रखा कि इस तरह के विज्ञापन न सिर्फ उनके उत्पाद को बदनाम करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को गुमराह भी करते हैं। (अनंत ज्ञान)


### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- दिन में बिछाई मिट्टी, रात को हुई बारिश और सड़क बन गई दलदल — पेज 2
- पांच मंजिला भवन गिरने की जांच के लिए कमेटी गठित — पेज 3
- आपदा से निपटने के लिए अलर्ट रहें अधिकारी : डीसी — पेज 6
- गुम्मा के पास भूस्खलन से एनएच-154 पांच घंटे रहा बंद — पेज 9
- 15 घंटे बाद बहाल हुआ मनाली-लेह मार्ग — पेज 11

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी : सीएम

## आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें; पुलिस, होमगार्ड और स्वयंसेवक राहत कार्यों में जुटे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को बताया कि हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों, खासकर मंडी जिले के थुनाग और जंजैहली में सड़कों, बिजली और जल आपूर्ति योजनाओं को बहाल करने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव लगातार अंतर-विभागीय समन्वय और त्वरित जमीनी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा बैठकें कर रहे हैं, जिससे प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें, लोक निर्माण विभाग, राज्य विद्युत बोर्ड और जल शक्ति विभाग के अधिकारी मौके पर तैनात हैं और होमगार्ड, पुलिस व स्वयंसेवक भी राहत कार्यों में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि भू-स्खलन और बाढ़ से राज्यभर में लगभग 392 सड़कें बाधित हुई हैं, जिनमें से 196 सड़कों को तुरंत खोले जाने की संभावना है और शेष को अगले कुछ दिनों में बहाल कर दिया जाएगा।

### मंडी जिले में हुआ सर्वाधिक नुकसान

**मंडी** जिले में सर्वाधिक नुकसान हुआ है, जहां 189 सड़कें बाधित हैं और लगभग 47 करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है। जल शक्ति विभाग पेयजल आपूर्ति बहाल करने के लिए प्रयासरत है और प्रभावित गांवों में साफ पानी पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बिजली आपूर्ति के मोर्चे पर मंडी में बंद हुए चार सब-स्टेशनों में से तीन और 1708 वितरण ट्रांसफार्मरों में से 1294 को बहाल कर दिया गया है।

### शिमला में फोरलेन पर भू-स्खलन से खतरे की जद में आए पांच मकान

**शिमला।** राजधानी शिमला में भारी वर्षा अब कहर बरपा रही है। शहर के ढली क्षेत्र के लिंडीधार गांव में वीरवार को भू-स्खलन हुआ। यहां फोरलेन निर्माण के तहत बनाए जा रहे डंगे (रीटेनिंग वॉल) का एक बड़ा हिस्सा भारी बारिश के बीच भरभराकर ढह गया, जिससे दर्जनों सेब के पौधे मलबे में दब गए और फोरलेन साइट के नीचे स्थित कम से कम पांच मकान खतरे की जद में आ गए हैं। मलबा और मिट्टी का भारी दबाव देखकर लोग जान बचाकर घरों से बाहर निकल भागे। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से डंगे की स्थिति खराब बनी हुई थी और इसकी बार-बार शिकायतें भी संबंधित अधिकारियों से की गई थीं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब जब डंगे का बड़ा हिस्सा अचानक गिर गया है, जिसके नतीजे बेहद खतरनाक हो सकते हैं। गौरतलब है कि इसी इलाके के भट्ट्कुफर में तीन दिन पहले एक पांच मंजिला भवन भी गिर गया था।

# विदेश में नौकरी करने वालों के लिए बनेगी वेबसाइट और ऐप



शिमला में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के युवाओं को विदेश में रोजगार दिलाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब विदेश जाने के इच्छुक युवाओं के लिए श्रम एवं रोजगार विभाग एक समर्पित वेबसाइट और मोबाइल ऐप तैयार करेगा। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पूरी जानकारी मिलेगी, जिससे पारदर्शिता आएगी और युवाओं को धोखेबाजों से बचाया जा सकेगा। शिमला में एक बैठक में मुख्यमंत्री सुक्खू ने जोर देकर कहा कि हिमाचल के युवा मेहनती और काबिल हैं। राज्य सरकार उन्हें विदेश में अच्छी सैलरी वाली नौकरी दिलाने और किसी भी तरह के शोषण से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### हर साल हजारों युवा जा रहे विदेश

**सीएम** ने इस बात पर कहा कि हर साल हिमाचल से लगभग 10,000 युवा रोजगार के लिए विदेश जाते हैं। 2023-24 में विदेशों में काम करने वाले हिमाचलियों ने 2,030 करोड़ रुपए भेजे। उन्होंने कहा कि नर्स, वेटर, ड्राइवर, इलेक्ट्रिशियन और मैकेनिक जैसे पेशेवरों की विदेशों में भारी मांग है और हिमाचल के युवा इनमें प्रशिक्षित हैं।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) को अब पंजीकृत भर्ती एजेंसी का लाइसेंस मिल गया है। एचपीएसईडीसी अब अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुसार युवाओं को ट्रेनिंग देगा।

# सोलन जिले के बसाल में 24 करोड़ रुपए से बनेंगे दो ट्विन टावर : राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नगर नियोजन एवं आवास मंत्री राजेश धर्माणी ने घोषणा की है कि सोलन जिले के बसाल में 24 करोड़ रुपए की लागत से दो ट्विन टावरों का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना प्रदेश में सतत और समावेशी शहरी विकास के प्रयासों का हिस्सा है। धर्माणी ने शिमला से जारी बयान में बताया कि बसाल स्थित हाउसिंग कॉलोनी में बनने वाले इन ट्विन टावरों के लिए 24 करोड़ 49 लाख 41 हजार 700 की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन टावरों में 24 थ्री बीएचके फ्लैट बनाए जाएंगे, जिनमें फ्लैट मालिकों के लिए पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिमुडा प्रदेशवासियों को किफायती और सुविधाजनक आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने अधिकारियों को सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश भी दिए।

**टावरों में बनाए जाएंगे 24 थ्री बीएचके फ्लैट**

# भारत में लोकतंत्र सिस्टम नहीं, संस्कार: मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा, घाना का सर्वोच्च अवार्ड मिलना सम्मान और गर्व की बात

**एजेंसी, एक्रॉ**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने घाना दौरे के दौरान वीरवार को घाना की संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। यह लोकतंत्र की भावना से भरी हुई धरती है। घाना पूरे अफ्रीका के लिए प्रेरणा का केंद्र है।' पीएम मोदी ने कहा कि हमारे लिए लोकतंत्र सिस्टम नहीं, बल्कि संस्कार है। इस वक्त भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है।

दुनिया इस वक्त कई समस्याओं से जूझ रही है, जिसमें आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन इस समय बड़ी समस्याएं हैं। भारत का लोकतंत्र आशा की किरण बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुधवार को घाना का सर्वोच्च सम्मान 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया गया। सर्वोच्च सम्मान पर मोदी ने कहा कि घाना से सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है। भारत और घाना ने चार समझौतों पर साइन भी किए। घाना के बाद मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो रवाना हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### दोनों देशों में हुए 4 समझौते

**पहला :** विदेश मंत्रालय लेबल पर जॉइंट कमीशन की स्थापना करना।
**दूसरा :** पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में दोनों देशों में एक्सपर्ट्स की ट्रेनिंग और एक्सपीरियंस शेयर करना।
**तीसरा:** तीसरा समझौता कल्चरल एक्टिविटी से जुड़ा है। इससे सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पर्यटन को बढ़वा मिलेगा।
**चौथा:** स्टैंडर्ड सेटिंग (प्रोडक्ट और सर्विस के लिए गुणवत्ता नियम तय करना) करना, जिससे आर्थिक सहयोग बढ़ेगा।

# अनुराग ठाकुर ने बाढ़ प्रभावित 17 परिवारों को पहुंचाई मदद

## अधिकारियों से बात कर ली नुकसान की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में हाल ही में हुई भारी बारिश और बाढ़ से उपजे हालातों का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर आपदा से हुए नुकसान की जानकारी ली और धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में 17 पीड़ित परिवारों को सहायता पहुंचाई। सांसद ठाकुर ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से हिमाचल प्रदेश भारी बारिश और बादल फटने की घटनाओं से प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहा है। प्रदेश के कई जिलों में इस आपदा से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सड़कें और पेयजल योजनाएं प्रभावित होने से संकट गहरा गया है। उन्होंने बताया कि उनके हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के धर्मपुर विधानसभा में भी जनजीवन प्रभावित हुआ है। वे लगातार स्थानीय प्रशासन और पार्टी पदाधिकारियों के संपर्क में हैं और स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

### प्रदेश सरकार से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने की अपील



**अनुराग** ठाकुर ने मंडी, कुल्लू, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति सहित कई जगहों से जनजीवन और संपत्ति के नुकसान की खबरों को चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि सड़कें क्षतिग्रस्त होने और मकान ढह जाने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ग्रामीण इलाकों में ज्यादा नुकसान हुआ है, जिससे कुछ इलाकों में आवागमन ठप हो गया है। उन्होंने प्रदेशवासियों और पर्यटकों से अपील की है कि वे खराब मौसम को देखते हुए नदी-नालों और भू-स्खलन संभावित इलाकों से दूर रहें, सतर्कता बरतें और अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाई जाए और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जाए।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कारावास

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय पोक्सो कोर्ट, रामपुर ने एक अहम फैसले में 21 वर्षीय भजन सिंह उर्फ अंकू को नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी मानते हुए 20 साल के कारावास और 10,000 जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला 4 नवंबर, 2021 को शुरू हुआ, जब आरोपी ने एक मेले में पीड़िता के साथ पहली बार शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद 10 दिसंबर, 2021 को उसने फिर से पीड़िता के घर जाकर उससे संबंध बनाए। पीड़िता बाद में गर्भवती पाई गई, और डीएनए जांच में भ्रूण का डीएनए आरोपी से मेल खाया। जिला उपन्यायवादी कमल चंदेल ने बताया कि अदालत में 14 गवाहों के साक्ष्य दर्ज किए गए। सभी सबूतों और पीड़िता की गवाही के आधार पर आरोपी को पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दोषी ठहराया गया है।

# बाली के पास जहाज डूबा चार की मौत, 32 लापता

**एजेंसी, जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली रिसॉर्ट द्वीप के पास वीरवार को 65 लोगों को ले जा रही एक जहाज के डूबने से 4 लोगों की मौत हो गई और 29 को बचा लिया गया है, जबकि 32 लोग अब भी लापता हैं। टुनु प्रतामा जया नामक यह जहाज पूर्वी जावा के केतापांग बंदरगाह से बाली के गिलिमानुक बंदरगाह जा रही थी, यह 50 किलोमीटर का सफर था। रवाना होने के करीब 30 मिनट बाद यह डूब गई। जहाज पर करीब 53 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे, साथ ही 22 वाहन भी थे, जिनमें कई ट्रक भी शामिल थे। स्थानीय पुलिस और जांच एजेंसी जहाज के डूबने के कारणों का पता कर रही है। सुरबाया बचाव एजेंसी ने वीरवार को एक बयान में कहा कि नौ बोट, जिनमें टगबोट और इंफ्लेटेबल जहाज शामिल हैं, सक्रिय रूप से लापता लोगों की तलाश कर रहे है। (अनंत ज्ञान)




**आपदा** — 2006 से लेकर 2024 के जीबी पंत के आंकड़ों में हुआ खुलासा

# कुल्लू जिले में तापमान बढ़ने से फट रहे बादल

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में पिछले कुछ सालों से इजाफा हो रहा है। हिमाचल प्रदेश की बात करें तो यहां कुल्लू जिले में अन्य जिलों के मुकाबले बादल फटने की घटनाएं सबसे अधिक होती हैं। ग्लोबल वार्मिंग, मौसम में बदलाव के अलावा कुल्लू जिले में पिछले काफी समय से तापमान में लगातार हो रही वृद्धि को इसका सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। यहां सालाना 0.6 केल्विन तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। यह खुलासा जीबी पंत के 2006 से लेकर 2024 के आंकड़ों से हुआ है। गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान मौहल (जीबी पंत) के वैज्ञानिकों के अनुसार कुल्लू जिले में हर साल तापमान में 0.6 केल्विन की बढ़ोतरी हो रही है, जिससे बादल फटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

बता दें कि कुल्लू जिला आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील है। जिले के सैंज, गड़सा, मलाणा, मणिकर्ण, आनी, मनाली, पलचान सहित अन्य कुछ स्थानों में बादल फटने की घटनाएं अक्सर सामने आ रही हैं।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### आपदा की दृष्टि से कुल्लू अति संवेदनशील



### क्यों फटते हैं बादल?

**बादल** फटने की घटनाएं अधिकांश संकरी घाटियों में होती हैं। संकरी घाटियों में बादल जब आसमान की ओर उठते हैं, तो आसमान में उन्हें अधिक तापमान मिलता है। तापमान में अंतर होने के कारण बादल पानी के भार को रोक नहीं पाते और एक ही स्थान पर तेजी से बरसने लगते हैं।

### ग्लेशियर पिघलना भी एक कारण

**जलवायु** परिवर्तन के कारण हिमाचल में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। इससे नदियों में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ता है। साथ ही ग्लेशियरों के पास बादल फटने की घटनाएं ज्यादा होती हैं, क्योंकि वहां ठंडी और गर्म हवाओं का मेल होता है। इसके अलावा हिमाचल में बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं का कारण जलवायु परिवर्तन, हिमालय की भौगोलिक अस्थिरता और मानव-निर्मित गलतियां प्रमुख हैं।

### प्रोजेक्ट्स भी बड़ी वजह

**कुल्लू** और सैंज वैली व मलाणा में प्रोजेक्ट्स हैं। प्रोजेक्ट के डैम में लकड़ी और अन्य जैविक पदार्थ सड़ने से मीथेन गैस निकलती है, जो तापमान को बढ़ाती है और बादल फटने जैसी घटनाओं को बढ़ावा देती है। इस कारण भी इन जगहों पर बादल फटने की घटनाएं अधिक होती हैं।

> **ग्लोबल** वार्मिंग के कारण मौसम में बदलाव होने व अन्य कई कारणों से बादल फटने की घटनाएं बढ़ रही हैं। कुल्लू जिले की बात करें तो यहां पर वर्ष 2006 से लेकर अब तक सालाना 0.6 केल्विन तापमान में वृद्धि हो रही है, जो कि बादल फटने का एक अहम कारण है।
> -डॉ. राकेश कुमार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केंद्र प्रभारी, जीबी पंत संस्थान मौहल (कुल्लू)



## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने आपदा प्रभावित परिवारों से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विधायक कै. रणजीत सिंह लगातार विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं। वह खुद मौके पर जाकर आपदा प्रभावित परिवारों से मिल रहे हैं। वीरवार को उन्होंने सचूही पंचायत के सचूही गांव और टिहरा पंचायत के टिहरा गांव में जाकर लोगों से मुलाकात की। उन्होंने घरों को हुए नुकसान का जायजा लिया। प्रशासन को मौके पर सख्ती से हर संभव सहायता देने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि जनता ने सेवा के लिए चुना है। मेरा कर्तव्य है कि हर आपदा प्रभावित परिवार से मिलूं और उनका हाल जानूं। उन्होंने कहा कि वे सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री को भी क्षेत्र की स्थिति से अवगत करवाया है। मुख्यमंत्री ने सरकार की ओर से हर संभव सहायता देने की बात कही है।

### रि. इंप्लाइज वेलफेयर एसो. की कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास ने कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। पूर्व अध्यक्ष पीडी शर्मा को चीफ पैटर्न जबकि पूर्व महासचिव विजय चौधरी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश चंद ठाकुर ने बताया कि एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास द्वारा घोषित कार्यकारिणी में यशपाल राणा को कैशियर की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि ओम प्रकाश शर्मा, मदन लाल चौधरी, सुदर्शना मिन्हास, बिशंबर लाल शर्मा व देशराज को उपाध्यक्ष, सुभाष बस्सी व ओम पगाश आनंद को प्रेस सचिव, सुरेश रत्न व जेएन ठाकुर को संयुक्त सचिव, रविंद्र कुमार पुरी, शक्ति चंद शर्मा, मदन लाल डोगरा, सुदेश कुमार जस्सल को सलाहकार, शिव कुमार डोगरा को चीफ ऑडिटर तथा बलदेव जम्वाल व सिमरजीत सिंह कौशल को आडिटर, मोती राम, संतोष कुमारी, जगदेव कौशल व बलदेव शास्त्री को संगठन सचिव बनाया गया है। इसके अतिरिक्त 11 सदस्य कार्यकारिणी बनाए गए हैं जिनमें मोहन लाल शर्मा, प्रीतम चंद भारती, अमर चंद, सुदेश शर्मा मैहता, दुर्योधन राम, सुदेश शर्मा, नानक चंद धीमान, नानक चंद नादौन, शक्ति चंद ज्वालामुखी, रविंद्र कौशल व उद्यम सिंह जम्वाल शामिल हैं। प्रकाश ठाकुर ने बताया कि एसोसिएशन के फाउंडर विशंबर दत्त शर्मा हैं।

### त्रिशा कॉलेज में प्रशिक्षु अध्यापकों को दी विदाई पार्टी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन जोल सप्पड़ हमीरपुर में बीएड द्वितीय सत्र के प्रशिक्षु अध्यापकों ने चतुर्थ सत्र के प्रशिक्षु अध्यापकों को फेयरवेल पार्टी दी। कॉलेज के अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब रंग जमाया। इस दौरान द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षण से विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गई इसके आधार पर मिस फेयरवेल शबनम, मिस ब्यूटीफुल मानसी ठाकुर, मिस पर्सनेलिटी ज्योति ठाकुर को चुना गया। कॉलेज उप-प्राचार्य पूनम भारद्वाज ने प्रशिक्षु अध्यापकों को आने वाले भविष्य के लिए क प्रेरणा दी। इस समारोह में प्रवक्ताओं सहित बीएड द्वितीय सत्र तथा बीएड चतुर्थ सत्र के के प्रशिक्षु अध्यापक उपस्थित रहे।

### छात्रों को नए-नए आविष्कारों के प्रति किया जागरूक

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (आरएआर) के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बदारण में गेस्ट लेक्चरर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हरदीप ठाकुर ने की। इस कार्यक्रम में गेस्ट लेक्चरर के रूप में एनआईटी हमीरपुर के भौतिक विज्ञान के लेक्चरर प्रो. अरविंद कुमार एवं गणित के. प्रो. पवन कुमार द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय बदारण में बच्चों को लेक्चर दिए गए। इसमें नए-नए आविष्कार और खोज के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मैडम प्रवीण ने कहा कि हमें ऐसे अभियानों के लिए बच्चों को आगे आने के लिए भी प्रेरित करना होगा। इस दौरान उप्रधानाचार्य विजय सोनी, आईटी अध्यापक वीरेंद्र, मैडम सपना, मैडम उषा, मैडम अंजनी, मैडम सरिता आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति के बाद भी समाजसेवा में जुटे डॉ. ललित



**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, जाहू।** सिविल अस्पताल भोरंज से हाल ही में सेवानिवृत्त हुए बीएमओ डॉ. ललित कालिया, जो अब भी अपने अनुभव और ज्ञान से समाज की सेवा कर रहे हैं। डॉ. कालिया 31 मई को सिविल अस्पताल भोरंज से बीएमओ पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वर्तमान में वे अस्पताल परिसर में स्थित सरकारी आवास में ही रह रहे हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने लोगों की मदद का सिलसिला नहीं रोका है। आपातकालीन स्थिति में आने वाले मरीजों को वे अपने सरकारी आवास पर ही मुफ्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। गुरुवार सुबह एक महिला सिमरो देवी, पत्नी जोगिंदर सिंह, गांव छत्तर अपने बाजू के कंधे के खिसकने की समस्या लेकर सिविल अस्पताल भोरंज पहुंची। दुर्भाग्यवश, अस्पताल में उस समय हड्डी रोग विशेषज्ञ मौजूद नहीं थे। सिमरो देवी तुरंत डॉ. कालिया के पास पहुंचीं। डॉ. कालिया ने बिना समय गंवाए उनका प्राथमिक उपचार किया और खिसके हुए कंधे को सही तरीके से बैठाया। डॉ. कालिया ने उन्हें आवश्यक दवाइयां भी लिखीं और अन्य जरूरी परामर्श दिया। ऐसे ही समाजसेवा के कार्य वे लगातार कर रहे हैं।

### जाहू में होगी लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, जाहू।** हमीरपुर जिला स्कूली स्कूली क्रीड़ा संघ की बैठक उपभोरंज की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में उपशिक्षा निदेशक उच्चतर हमीरपुर डॉ. एमआर चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम वर्ष 2024-25 में हुई जोनल व जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सफल आयोजन में हुए आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसमें समस्त सदस्यों में अपनी सहमति प्रकट की। इसके बाद भोरंज ब्लॉक के अंडर-19 लड़कों व लड़कियों के जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए निर्णय लिया गया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में अंडर-19 लड़कियों की हमीरपुर और भोरंज जोन की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में तथा भोरंज जोन की लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में करवाई जाएगी। यह प्रतियोगिताएं बरसात की होने वाली छुट्टियों के बाद करवाई जाएगी। इसके लिए सभी स्कूलों की तैयारी करवाने के निर्देश दिए गए। बैठक में कई गणमान्य उपस्थित थे।

### परिजन नहीं आए तो शुरू होगी दत्तक ग्रहण प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी तिलक राज आचार्य ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व लावारिस अवस्था में मिले तथा बाल आश्रम सुजानपुर में रखे गए एक बच्चे के परिजन अगर सामने नहीं आते हैं तो जिला बाल कल्याण समिति उसे 60 दिन के बाद गोद लेने के लिए कानूनी रूप से स्वतंत्र कर देगी। उन्होंने बताया कि 17 नवंबर 2016 को जिला बाल कल्याण समिति कांगड़ा ने राकेश नाम के एक बच्चे को ऊना जिला पुलिस की सहायता से बाल देख-रेख संस्थान सुजानपुर में भेजा था। यह बच्चा अपना नाम राकेश बताता है। अभी उसकी उम्र लगभग 17 साल है। वह पहाड़ी तथा हिंदी भाषा की जानकारी रखता है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि आज दिन तक कोई भी अभिभावक इस बच्चे से मिलने नहीं आया है।

### तकनीकी विवि में प्रमाण पत्रों की होगी जांच

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बी फार्मेसी, बीटेक सहित अन्य स्नातक व स्नातकोत्तर विषयों में विभिन्न श्रेणी के माध्यम से प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेज जांच प्रक्रिया करने का शेड्यूल जारी किया है। बी फार्मेसी, बीएचएमसीटी व बीएससी एचएमसीटी में एक्स सर्विसमैन, डिफेंस, फ्रीडम फाइटर सहित अन्य, स्पोर्ट्स और बैकवर्ड एरिया के कोर्ट के तहत काउंसलिंग के लिए आवेदन किया है, उन्हें आठ जुलाई को उपरोक्त श्रेणी के दस्तावेजों की जांच तकनीकी विवि परिसर हमीरपुर में करवानी होगी। इसके अलावा बीटेक के उपरोक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को नौ जुलाई और बी आर्क, एमटेक, एम फार्मेसी, एमबीए, एमसीए, एमबीए पर्यटन, एमटेक, एमएससी भौतिक व पर्यावरण विज्ञान, योग, फार्म डी और बीटेक व बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री) के उपरोक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को 16 जुलाई को संबंधित दस्तावेज के जांच करवानी होगी। तकनीकी विवि के कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि उपरोक्त तिथि को सुबह दस बजे अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय परिसर पहुंचा होगा। उसके बाद दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# दिन में बिछाई मिट्टी, रात को हुई बारिश और सड़क बन गई दलदल

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**




भारी बरसात में लोक निर्माण विभाग ने शुरू कर दिया सड़क पर टर्निंग प्वाइंट को इंप्रूव करने का कार्य।

**हमीरपुर।** बारिश के कारण जिले की सभी सड़कों की टारिंग और पक्का करने का कार्य बंद हो चुका है। बारिश के कारण सड़कों पर पानी बह रहा है और मिट्टी दलदल बनी हुई है। भारी बरसात के कारण सड़कों को भी नुकसान हुआ है, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने भारी बरसात में कारनामा कर दिखाया है। पिछले कल यानी बुधवार को हमीरपुर से नाल्टी, गलोड़ की तरफ जाने वाली सड़क पर मिल्खी राम पेट्रोल पंप से लेकर संतोषी माता मंदिर तक कुछ हिस्से में मिट्टी बिछा दी।

रात के समय हुई बारिश से सड़क पर बिछाई गई मिट्टी दलदल बन गई, जिससे पैदल चलने वाले लोगों, छोटे वाहन चालकों और स्कूल बसों को दिनभर दिक्कत का सामना करना पड़ा। हालांकि इसी जगह पर कुछ महीने पहले पुली का निर्माण किया गया है, जिससे सड़क चौड़ी हुई है। वहीं, इसी जगह पर टर्निंग प्वाइंट को इंप्रूव करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने बरसात में ही कार्य शुरू कर दिया। यहां आसपास के लोगों और दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने विभाग से बरसात के मौसम में कार्य शुरू न करने के लिए कहा था, लेकिन फिर भी विभाग ने बरसात को नजरअंदाज करते हुए यहां पर कार्य शुरू कर दिया। अब बारिश के मौसम में लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। विशेषकर बुजुर्गों को यहां से गुजरने के लिए बहुत अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

बारिश होने के बाद जब मिटटी दलदल बन गई और गाड़ियां दलदल में फंसना शुरू हुई तो विभाग भी हरकत में आया और इसे ठीक करने में जेसीबी लगा दी, लेकिन जो मिट्टी बिछाई गई, उसे कैसे ठीक करेंगे।
बता दें कि लोक निर्माण विभाग के इस कार्य से लोग तो परेशान हो रहे हैं, साथ ही कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठा रहे हैं कि क्या भारी बरसात में काम शुरू करना उचित था, जबकि जिला की तमाम सड़कों पर मरम्मत कार्य बंद पड़े हुए हैं। बरसात के कारण सड़कों पर ल्हासे गिर रहे हैं, उन्हें हटाने की बजाए सड़क पर मिट्टी बिछाकर दलदल कि स्थिती बना दी है।

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल ने बताया कि नादौन से गलोड़ की ओर जाने वाले वाहनों के लिए टर्निंग प्वाइंट को इंप्रूव करने का कार्य शुरू किया है। उन्होंने माना कि बारिश के कारण सड़क पर बिछाई गई मिट्टी से पैदल चलने वाले लोगों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि यहां कि स्थिति को ठीक किया जाएगा तथा काम बंद कर दिया जाएगा।

# हमीरपुर में पथ विक्रेताओं के लिए अब बनेंगे 'वेंडिंग जोन'

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हमीरपुर शहर में तहबाजारी की फीस में 10 फीसदी की बढ़ौतरी की गई है। इसके अलावा जितने भी पथ विक्रेता हैं, उन सभी का नए सिरे से सर्वे करने का फैसला भी लिया गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिर वास्तविक रूप में इनकी संख्या है कितनी, क्योंकि नगर परिषद के पास इनकी संख्या का सही आंकड़ा ही नहीं था। अब क्योंकि नगर निगम बन गया है, इसलिए व्यवस्थाएं भी बदलने लगी हैं। हिमाचल प्रदेश पथ विक्रेता जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियम नियम 2016 के अंतर्गत गठित टाउन वेंडिंग कमेटी हमीरपुर की समीक्षा बैठक बीते रोज हो गई थी, जिसका मसौदा आज तैयार हो गया है। नगर निगम के आयुक्त एवं हमीरपुर जिले के एडीसी अभिषेक गर्ग की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पथ विक्रेताओं से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की गइ व महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

**तहबाजारी फीस में होगी बढ़ौतरी :** बैठक में कमेटी के सदस्यों ने पथ विक्रेताओं की तहबाजारी फीस को पथ विक्रेता अधिनियम के तहत 10 प्रतिशत बढ़ाने का निर्णय लिया। तहबाजारी की फीस इस समय 500 रुपए प्रति है, जिसमें अब 10 फीसदी की बढ़ौतरी होगी। बैठक में यह अभी फैसला लिया गया कि शहर में सभी पथ विक्रेताओं का सर्वे किया जाएगा और उनके लिए चिह्नित स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। सभी पथ विक्रेताओं को चिह्नित वेंडिंग जोन में ही अपना व्यवसाय करना होगा।

### शहर की व्यवस्था होगी बेहतर : अतिरिक्त आयुक्त

**बैठक** में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राम पाल शर्मा ने हिमाचल प्रदेश पथ विक्रेता जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियम नियम 2016 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। रामपाल शर्मा ने बताया कि हरेक तहबाजारी के लिए अलग-अलग जोन बनाए जाएंगे। इसका मतलब यह है कि अब सब्जी, फल या अन्य तरह की सभी अलग-अलग चीजों के लिए अलग-अलग जगह पर विक्रेताओं को बैठना पड़ेगा ताकि सामान खरीदने वालों को एक स्थान पर एक ही चीज आसानी से उपलब्ध हो सके। इससे शहर की व्यवस्था भी बेहतर होगी और उन्हें काम करने का भी फायदा होगा। यह सारी व्यवस्था बहुत जल्दी तैयार होगी, क्योंकि इसकी प्रक्रिया शुरू हो गया है।

पथ विक्रेताओं के लाइसेंस भी बनाए जाएंगे। इन सभी कार्यों के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। सभी पथ विक्रेताओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'स्वनिधि से समृद्धि' कार्यक्रम के तहत आठ कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

**सफेद पट्टी से रहें पीछे :** आयुक्त ने सभी पथ विक्रेताओं को निर्देश दिए कि वे सड़क पर लगी सफेद पट्टी से पीछे ही अपना सामान रखें, अन्यथा उनका सामान जब्त कर लिया जाएगा व जुर्माना भी किया जाएगा।

# सिंघमी गांव में तेंदुए का आतंक कई कुत्तों को बना चुका है शिकार

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



सिंघमी गांव में निडर घूमता तेंदुआ।

**बड़सर।** उपमंडल बड़सर के सिंघमी गांव में तेंदुए का आतंक छाया हुआ है। गांव में पिछले कुछ दिनों से अंधेरा होते ही तेंदुए की दहाड़ सुनाई देती है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। तेंदुआ अब तक गांव के दर्जनभर पालतू व आवारा कुत्तों को अपना शिकार बना चुका है। स्थानीय निवासी अश्वनी शर्मा ने बताया कि तेंदुआ कई बार आबादी के नजदीक देखा गया है और हाल ही में एक सीसीटीवी फुटेज में तेंदुए की मौजूदगी रिकॉर्ड हुई है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। उन्होंने बताया कि तेंदुआ अब लोगों के घरों तक पहुंचने लगा है, जिससे छोटे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है ताकि गांव में भय का माहौल समाप्त हो सके। उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो यह तेंदुआ किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। विभागीय टीम के आने का ग्रामीण बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीण अब तो बच्चों को अकेले में स्कूल को भेजने से भी कतरा रहे हैं।

इस संदर्भ में जब रेंज ऑफिसर वन विभाग कमल शर्मा से बातचीत हुई तो उनका कहना था कि एक टीम साइट पर भेजी जाएगी तथा वस्तुस्थिति का पता करके बहुत जल्दी तेंदुए का रेस्क्यू किया जाएगा।

# 29 वर्ष के कार्यकाल में छुट्टी न लेने वाले राजकुमार सेवानिवृत्त



**अनंत ज्ञान, रंगस।** ऑफिस से छुट्टी लेने के लिए लोग क्या-क्या बहाने नहीं बनाते हैं, लेकिन आज जिस शख्श के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, उसने 29 साल की अपनी नौकरी में एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली। 29 साल तक शिक्षा विभाग में काम करने के बाद अब वो रिटायर हो गए हैं। राजकीय माध्यमिक स्कूल रोपा (कालेअंब) से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक राज कुमार ने ज्वाइनिंग से लेकर सेवाकाल तक एक भी छुट्टी नहीं ली है। राज कुमार का कहना है कि 29 वर्ष के कार्यकाल में एक भी अर्जित व वैकल्पिक अवकाश नहीं लिया है। उन्होंने 27 वर्ष अपने घर के नजदीक ही अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिस दौरान उन्होंने पूरी कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी से अपने कार्य को अंजाम दिया।

# कोहली में एनएच सड़क बनी तालाब, 25 दुकानों में घुसा पानी



कोहली बाजार में बारिश के बाद लगभग सभी दुकानों के भीतर की स्थिति ऐसी ही है।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर-शिमला नेशनल हाईवे पर कोहली जंक्शन पर सड़क तालाब बनी हुई है। यहां पिछले दो दिनों से पानी भरा हुआ है। आज जो बारिश हुई, उसने व्यापारियों के लिए आफत खड़ी कर दी है। दुकानों के भीतर दो-दो, तीन-तीन फुट पानी भर गया है, जिससे उनका सामान खराब हो गया।

दोपहिया वाहन चालकों के लिए यहां से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। सुबह से देर शाम तक यही स्थिति यहां बनी हुई थी। दुकानों के भीतर घुसा पानी बाहर कैसे निकाला जाए, इसके लिए दुकानदार परेशान थे। उनका कहना था कि पिछले लंबे समय से यहां की सड़क की खस्ता हालत और पुलिया के निर्माण को लेकर काफी समय से मांग कर रहे थे, लेकिन उसमें देरी हुई है और अब बरसात के मौसम में उनका यहां पर जीना दुभर हो गया है।

**कार्यशैली पर उठ रहे सवाल :** दरअसल में हमीरपुर शहर और इसके आसपास के इलाकों में सड़कों का रखरखाव दर्जे के मुताबिक नहीं रहा है। न तो बरसाती पानी के निकासी की नालियों को साफ किया गया है और न ही आसपास इनकी मरम्मत की गई है। अब बरसात की आफत उन पर आ टूटी है। लिहाजा कई जगह पीडब्ल्यूडी और नेशनल हाईवे की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

# दिव्यांग राजन कुमार को मिलेगा राष्ट्रीय अवॉर्ड



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिला दिव्यांग समीक्षा बैठक के सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता राजन कुमार को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले एक्सीलेंस अवार्ड ऑफ इंडिया 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 6 जुलाई को पालमपुर, जिला कांगड़ा में आयोजित भव्य समारोह में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे के कर-कमलों से प्रदान किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें समाज सेवा, विशेषकर दिव्यांगजनों के अधिकार, कल्याण और सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया जा रहा है। राजन कुमार ने कहा कि यह सम्मान उन दिव्यांग साथियों का है, जिन्होंने हर कदम पर मेरा हौसला बढ़ाया। उन्होंने सम्मान के लिए सोनाली शर्मा, वीरेंद्र सिंह एवं वर्सेटाइल जगज एंटरटेनमेंट की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

# 3 वाहन टकराए तीन घायल

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोटा से जाहू वाया लदरौर सुपर हाईवे मार्ग पर तीन वाहनों की जोरदार टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। जानकारी के अनुसार कार सुलगवान से जाहू की तरफ और स्कूटी व मोटरसाइकल जाहू से सुलगवान की ओर जा रही थी। इतने में कांगुघट्टी गांव के पास तेज गति से आ रही कार में स्कूटी व मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। जाहू पुलिस चौकी के कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंचे और तीनों घायलों को सिविल अस्पताल भोरंज को उपचार के लिए भेजा।

मामले की जांच कर रहे जाहू पुलिस चौकी प्रभारी फिरोज अखतर ने बताया कि इस टक्कर से सनील कुमार भगेटू गांव, अमनदीप गलोटा गांव और अनिल कुमार पुत्र प्यार सिंह 43 वर्ष गांव लदेहड़ा, डाकघर टिक्करी, भोरंज घायल हुए है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

# एनएच 3 पर गिरा बारी मंदिर पंप हाउस का डंगा, यातायात बहाल



एनएच के निर्माण से खोखली हो गई थी नींव, डंगा नेशनल हाइवे 3 पर आ गिरा मलबा।

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** टौणी देवी के पास बारी मंदिर में जलशक्ति विभाग का करीब बीस मीटर डंगा नेशनल हाइवे नंबर 3 पर आ गिरा। अभी भी इस स्थान पर खतरा बना हुआ है। वाहन रिस्क लेकर निकल रहे हैं। मौके पर जलशक्ति विभाग के अधिकारी पहुंच गए हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक एनएच निर्माण के वक्त इस डंगे की नींव खोखली हो चुकी थी।

बरसात में इस डंगे के गिरने को लेकर कई बार विभाग को आगाह किया गया था, बावजूद इसके इस डंगे के ऊपर बड़ी पाइपें रख दी गईं। पिछले दो दिन से हल्के पत्थर गिर रहे थे। बुधवार रात्रि को यह डंगा धड़ाम से गिर गया। वीरवार सुबह जलशक्ति विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया जबकि निर्माण कंपनी का कोई कर्मचारी अभी तक मौके पर नहीं दिखा। इस बारे में जलशक्ति विभाग बारी मंदिर सेक्शन के कनिष्ठ अभियंता पंकज ठाकुर ने कहा कि वह मौके पर पहुंच गए हैं।

सारी स्थिति के बारे उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। गिरी हुई पाइपें हटाई जा रही हैं। हाइवे इंजीनियर अंकित कुमार ने बताया कि नेशनल हाईवे से मलबा हटाने के लिए मशीनरी मौके पर भेजी जा रही है। शाम तक सड़क से मलबा हटा दिया जाएगा। फिलहाल हमीरपुर-आवाहदेवी सड़क पर ट्रैफिक बहाल है।

# कामगारों को किया जा रहा लाभान्वित : नरदेव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



धनेटा गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इंडक्शन चूल्हे प्राप्त करते कामगार।

हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा प्रदेश भर के कामगारों के लिए संचालित की जा रही 14 कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आम कामगारों तक पहुंचाया जा रहा है। इन कामगारों को मातृत्व एवं पितृत्व प्रसुविधा, चिकित्सा सहायता, बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा से लेकर पीएचडी तक छात्रवृत्ति, हॉस्टल का खर्च, विवाह अनुदान, पेंशन, दुर्घटना में विकलांग होने पर विकलांगता पेंशन, दुर्भाग्यवश मृत्यु पर परिवार को राहत राशि, दिव्यांग बच्चों की देखभाल के लिए सहायता राशि, बेटी के नाम एफडी, मकान निर्माण के लिए धनराशि और कई अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

इन सुविधाओं के अलावा कामगारों को उनकी दैनिक जरूरतों का सामान जैसे इंडक्शन चूल्हा इत्यादि भी प्रदान किया जा रहा है। एक जुलाई को धनेटा में आयोजित 'सरकार गांव के द्वारा' कार्यक्रम के दौरान भी मुख्यमंत्री सुक्खू ने नादौन उपमंडल के लगभग 360 कामगारों को हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की योजना के तहत इंडक्शन चूल्हे प्रदान किए। इनमें महिला कामगारों की संख्या ज्यादा रही।

### कामगार कल्याण बोर्ड से इंडक्शन चूल्हे प्राप्त करके गदगद हुए कामगार

मुख्यमंत्री सुक्खू और विधायक कमलेश ठाकुर से इंडक्शन चूल्हे प्राप्त करके क्षेत्र के कामगार काफी गदगद दिखे। गांव भदरूं की कामगार अर्चना कुमारी, लोहारडा की सुमना देवी, रंगस की वीना देवी, प्लासी की कमला देवी, नीता देवी और रक्षा देवी, गांव सलयाल के अनिल कुमार, लाहड़ के किशोरी लाल, टिल्लू के अजय कुमार, मझियार के रवि कुमार, झमेर के अनूप कुमार और अन्य कामगारों ने बताया कि उन्हें बोर्ड के माध्यम से कई प्रकार की सुविधाएं मिल रही हैं। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इन कामगारों ने कहा कि उनकी जनकल्याणकारी नीतियों से आम लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उधर, हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बोर्ड की सभी योजनाओं का लाभ पात्र कामगारों तक पहुंचाने की दिशा में तत्परता के साथ कार्य किया जा रहा है।

**मंथन** बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम ने विभिन्न मांगों को लेकर किया विचार-विमर्श

# बिजली बोर्ड को स्मार्ट मीटर नहीं, स्मार्ट मैन पावर की जरूरत

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**



बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई नादौन की बैठक में समस्याओं पर चिंतन किया गया।

**नादौन।** बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई नादौन की बैठक इकाई अध्यक्ष राजकुमार चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें इकाई के सचिव विधि चंद, वित्त सचिव पृथ्वी चंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगत राम व मोहनलाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ग ने कहा कि पिछले दो महीने में पेंशनर्स के कुछ वित्तीय लाभों की अदायगी तो हुई है, लेकिन 2022 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को उनकी लीव-इन-केशमैंट की अदायगी फरवरी 2024 व ग्रेच्यूटी की अदायगी मार्च 2024 तक हो पाई है, जिसको लेकर पेंशनर्स में भारी आक्रोश है।

उन्होंने बोर्ड प्रबंधन से कहा कि फोरम के साथ हुई बैठक में बनी सहमति के आधार पर 3-4 महीनों के अंदर लंबित पड़े वित्तीय लाभों को जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 70 से 75 वर्ष के आयु वर्ग के पेंशनर्स को 30 प्रतिशत बकाया राशि अदा करने के आदेशों को बिजली बोर्ड लिमिटिड में अतिशीघ्र लागू किया जाए।

उन्होंने कहा कि निदेशक वित्त द्वारा एक महीना पहले पेंशन ब्रांच में काम कर रहे 4 अनुभवी कर्मचारियों को हटा देने से पेंशनर्स के कार्यों में भारी व्यावधान पैदा हो रहा है। उन्होंने निदेशक वित्त से हटाए गए कर्मचारियों की तैनाती अतिशीघ्र पेंशन ब्रांच में करने की मांग की। खरवाड़ा ने कहा कि आज भी बिजली बोर्ड लिमिटिड में लगभग 70 हजार मीटर डेड-स्टॉप हैं और हजारों न्यू कनेक्शन की फाइलें मीटर उपलब्ध न होने की बजह से लंबित पड़ी हैं।

उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड लिमिटिड डेड-स्टॉप मीटर को बदलने के लिए और न्यू कनेक्शन जारी करने के लिए 500 रुपए का मीटर मुहैया नहीं करवा पा रहा है, लेकिन दस हजार रुपए का स्मार्ट मीटर लगाने में लगा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आज 125 यूनिट फ्री बिजली उपभोक्ताओं को दे रही है, जिसके चलते लगभग 12 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल शून्य आ रहा है तो ऐसे में दस हजार का स्मार्ट मीटर लगाने का कोई औचित्य नहीं है।

खरवाड़ा ने कहा कि बिजली बोर्ड लिमिटिड को स्मार्ट बनाने के लिए स्मार्ट मीटर नहीं बल्कि स्मार्ट मैन पावर की जरूरत है। उन्होंने बिजली बोर्ड लिमिटिड में स्थायी नीति के तहत भर्ती करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, आइटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति बनाने और बिजली बोर्ड लिमिटिड की संपत्तियों को हंस्तातरण करने की मुहिम को रोक लगाने, युक्तिकरण व केंद्रीकरण की प्रक्रिया को तुरंत बंद करने और रुकी हुई पदोन्नतियों को अतिशीघ्र जारी करने की मांग की।

# हाई वोल्टेज से करीब डेढ़ दर्जन घरों के बिजली उपकरण जले

**अनंत ज्ञान, नादौन**



जली एलईडी दिखाता बिजली उपभोक्ता।

नादौन के रंगस विद्युत उपमंडल के तहत आने वाले कांगू के रोहाल गांव में हाई वोल्टेज करंट आने से अनेक घरों में लगे बिजली संचालित उपकरण जल गए। इससे जहां उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई, वहीं उनका काफी नुकसान भी हुआ है। घरों में लगे टीवी, एलईडी, फ्रिज, कूलर, पंखे, मोबाइल चार्जर और एलईडी बल्ब समेत कई बिजली उपकरण जल गए, जिससे लोगों को हजारों रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है।

गांव रोहाल के निवासियों सुभाष चंद, पंडित बासुदेव शर्मा, चंपा देवी, रीता देवी, सीमा देवी, नीलम कुमारी, विपन कुमार व भगवान दास आदि ने बताया कि उनके घर के पास लगे ट्रांसफॉर्मर में जोर की आवाज आई, के बाद से ही प्रभावित घरों की बिजली आपूर्ति भी गुल हो गई, जिससे लोगों में रोष है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। बिजली की अचानक वोल्टेज बढ़ने से रोहाल गांव के सुभाष चंद के घर के एलईडी, टुल्लू पंप और इंडक्शन चूल्हा, पंडित वासुदेव शर्मा के घर के दो सीलिंग फैन, चंपा देवी के घर का एक सीलिंग फैन, रीतादेवी के घर के सीलिंग फैन, सीमा देवी के घर से सीलिंग फैन और टुल्लु पंप, नीलम कुमारी के घर के सीलिंग फैन, विपन कुमार के घर से सीलिंग फैन, विजय कुमार के घर में भी सीलिंग फैन और भगवान दास के भी कई विद्युत उपकरणों को काफी नुकसान हुआ है।

उधर, बिजली उपमंडल रंगस के एसडीओ संदीप सांगल ने कहा है कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो विभाग जांच करेगा।

# गोकुल बुटेल ने नेताजी जी की हस्ताक्षरित तस्वीर सीएम को भेंट की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (नवाचार, डिजिटल टेक्नोलॉजी और गवर्नेंस) गोकुल बुटेल ने वीरवार को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक दुर्लभ हस्ताक्षरित तस्वीर भेंट की। यह ऐतिहासिक तस्वीर बुटेल को नेताजी के भतीजे सूर्य बोस ने हाल ही में जर्मनी के हैम्बर्ग की यात्रा के दौरान भेंट की थी। गोकुल बुटेल ने हाल ही में हैम्बर्ग इंडिया वीक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में भाग लिया था और नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई थी।


सीएम को सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर भेंट करते बुटेल।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा प्रभावितों को राहत देने में जुटी एबीवीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) हिमाचल ने राज्य में 30 जून की रात हुई भयंकर प्राकृतिक आपदा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। एबीवीपी की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने मंडी जिले के धर्मपुर उपमंडल की लौंगणी पंचायत के स्याठी गांव का जिक्र किया, जहां बादल फटने से पूरा गांव तबाह हो गया। उन्होंने बताया कि इस गांव के लोगों ने पिछले दस सालों से सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास की मांग की थी। एबीवीपी ने इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का संकल्प लिया है। परिषद के कार्यकर्ता प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से लगे हैं। हर जिले में हेल्पलाइन नंबर जारी कर पीड़ितों तक राहत सामग्री, भोजन, पीने का पानी, दवाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुएं पहुंचाई जा रही हैं।



### आईजीएमसी संविदा कर्मियों की हड़ताल 9 को


बैठक में सीटू नेता आगामी रणनीति बनाते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** आईजीएमसी अस्पताल के सफाई, वार्ड अटेंडेंट, ईसीजी और लॉन्ड्री कर्मियों ने श्रम कानूनों की अनदेखी और गंभीर शोषण के खिलाफ 9 जुलाई को पूर्ण हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। शिमला के कालीबाड़ी हॉल में आयोजित एक सम्मेलन में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जहां वीरेंद्र लाल को अध्यक्ष, विद्या को महासचिव और सीता राम को कोषाध्यक्ष चुनते हुए एक 31 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा समेत कई नेताओं ने इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी सरकार द्वारा लाए गए मजदूर विरोधी लेबर कोड्स की कड़ी निंदा की, वक्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर लेबर कोड्स तुरंत निरस्त नहीं किए गए, तो आंदोलन तेज होगा, क्योंकि ये कोड्स 70 प्रतिशत उद्योगों और 74 प्रतिशत मजदूरों को श्रम कानूनों के दायरे से बाहर कर देंगे। उन्होंने आईजीएमसी अस्पताल प्रबंधन और ठेकेदारों पर मजदूरों के गंभीर शोषण का आरोप लगाया।

### मांगों को लेकर सरकार से मिला अध्यापक संघ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, शिक्षा निदेशक स्कूल आशीष कोहली और शिक्षा सचिव राकेश कंवर से मुलाकात की। इस दौरान शिक्षकों से संबंधित 13 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया, जिसमें जुलाई 2023 से लंबित 13 फीसदी महंगाई भत्ते की चार किश्तों का भुगतान, क्लबिंग सिस्टम में 30 किमी की दूरी को घटाकर 15-20 किमी करने, पिछले दो वर्षों से रुकी हुई शिक्षकों की पदोन्नति को शीघ्र शुरू करने, और प्रिंसिपलों के लगभग 900 रिक्त पदों को भरने जैसी प्रमुख मांगें शामिल थीं। संघ ने राष्ट्रीय आकलन सर्वे 2025 में हिमाचल को देशभर में 5वां स्थान प्राप्त करने पर सरकार और शिक्षकों के संयुक्त प्रयासों की सराहना भी की। बैठक में संघ के राज्य महासचिव तिलक नायक, राज्य प्रवक्ता मनोज शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### वार्षिक जीपीएफ विवरणियां उपलब्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के कर्मचारियों के लिए वर्ष 2024-25 की वार्षिक सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) विवरणियां अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं। प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी), हिमाचल प्रदेश, शिमला के एक प्रवक्ता ने बताया कि ये विवरणियां आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार की वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती हैं। सभी डीडीओ से अनुरोध है कि वे अपने कर्मचारियों की जीपीएफ विवरणियां डाउनलोड करें, वेतन बिल रजिस्टर में आवश्यक प्रविष्टियां करें और उन्हें जल्द से जल्द कर्मचारियों को उपलब्ध कराएं।

# शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर हिमाचल सरकार का जोर : शिक्षा मंत्री

## रोहित ठाकुर ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और खेल विकास पर दिया बल

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और संतुलित बनाने के लिए सरकार के प्रयासों पर बल दिया है। हाल ही में आयोजित शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर ढांचे और खेल सुविधाओं के विकास पर जोर दिया। मंत्री ने राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) में प्रदेश की उल्लेखनीय प्रगति पर विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों की सराहना की।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में हिमाचल प्रदेश 21वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है, जो राज्य सरकार की प्रभावी नीतियों और शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान का सीधा परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर बुनियादी ढांचे और खेल सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई नए सुधार किए जा रहे हैं।

### आपदा राहत और शिक्षक भर्ती में तेजी लाने के निर्देश



बैठक के दौरान, शिक्षा विभाग को आपदा राहत फंड से 30 करोड़ रुपए प्राप्त होने की जानकारी दी गई, जिसे 2023 की आपदा में 70 प्रतिशत प्रभावित स्कूलों के पुनर्निर्माण और सुधार पर खर्च किया जाएगा। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि 56 अन्य स्कूलों को डे-बोर्डिंग स्कूलों में उन्नत किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को अटल आदर्श विद्यालयों का स्वयं निरीक्षण कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर देते हुए रोहित ठाकुर ने 187 दिव्यांग जेबीटी और 194 शास्त्री शिक्षकों की भर्ती को गति देने के साथ-साथ ड्राइंग मास्टर्स की भर्ती को भी समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षकों की तैनाती स्कूल की आवश्यकता और विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर ही की जाए, और अनावश्यक डेपुटेशन को रद्द कर केवल अति-आवश्यक होने पर ही डेपुटेशन दी जाए।


### शून्य परिणाम वाले स्कूलों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**शिक्षा** मंत्री ने खराब प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों और शून्य परिणाम वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके विपरीत, उन्होंने उन शिक्षकों की पहचान करने को भी कहा जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मेधावी छात्रों को समय पर टैबलेट वितरित करने और संयुक्त निदेशक, प्रिंसिपल, प्रवक्ता तथा अन्य शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से कॉलेजों का युक्तिकरण किया जाएगा और नए कौशल-आधारित व व्यावसायिक विषय शुरू किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, उन कॉलेजों में मनोविज्ञान और समाजशास्त्र जैसे विषय भी आरंभ किए जाएंगे जहां अभी तक ये विषय नहीं पढ़ाए जा रहे हैं।

# समेज-सरपारा मार्ग पर चट्टानें गिरने से पैदल चलना हुआ मुश्किल

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के दूरदराज दुर्गम पंचायत सरपारा में फिर से आसमानी आफत ने लोगों की मुश्किल बढ़ा दी है। दो दिन की बारिश के बाद वीरवार को मौसम कुछ साफ हुआ था, लेकिन समेज-सरपारा मार्ग पर सुबह फिर से भारी भूस्खलन होने की खबर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार समेज से सरपारा को जाने वाले एकमात्र मार्ग पर भारी चट्टानें गिरने से मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। यहां तक कि पैदल चलने में भी लोगों को असमर्थता महसूस हो रही है।


सरपारा रोड पर भूस्खलन वाले स्थान को पार करता ग्रामीण।

गौर हो कि दो दिन पहले भी इसी क्षेत्र के एक गांव में बादल फटने से काफी नुकसान हुआ था। इस घटना को अभी दो दिन भी नहीं बीते कि वीरवार सुबह इस मार्ग पर भारी चट्टानें आ गिरी।

प्रधान ग्राम पंचायत एमआर कपाटिया ने बताया की इस मार्ग पर पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। पैदल चलने वालों के साथ कभी भी कोई हादसा हो सकता है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों व सरकार से गुहार लगाई है कि उपरोक्त मार्ग को फिलहाल पैदल चलने योग्य किया जाए और जल्द से जल्द वाहनों की आवाजाही योग्य किया जाए, ताकि लोग अपनी दैनिक जरूरत का सामान अपने घरों तक पहुंचा सकें। प्रधान उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में नाशपाती का सीजन शुरू हो चुका है और सेब सीजन शुरू होने वाला है। मार्ग के अवरुद्ध हो जाने से बागवानों को अपना उत्पाद बाजार तक पहुंचाने की चिंता सताने लगी है। दूरदराज के क्षेत्र में यही एकमात्र मार्ग है, जिससे बागवानों का उत्पाद बाजार तक पहुंचता है।

# शिमला में बारिश से पेयजल आपूर्ति ठप, लोग परेशान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है। पेयजल परियोजनाओं में भारी मात्रा में गाद (सिल्ट) भर जाने से पानी की सप्लाई ठप हो गई है, जिसके चलते कई क्षेत्रों में पिछले पांच दिनों से पानी नहीं आ रहा है।



जानकारी के अनुसार पिछले चार दिनों से पानी की एक बूंद भी नहीं आई है। टैंकरों से भी कई इलाकों में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। विभाग के कर्मचारियों पर फोन न उठाने और पानी की आपूर्ति को लेकर कोई स्पष्ट जवाब न देने का आरोप लगाया और नगर निगम 24 घंटे पानी देने का दावा करता है, लेकिन मौजूदा स्थिति में एक दिन छोड़कर भी पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। खलिनी, विकासनगर और पंथाघाटी सहित शहर के कई अन्य क्षेत्रों में भी पानी की भारी किल्लत देखी जा रही है, जिससे स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिमला शहर को पानी की आपूर्ति करने वाली पेयजल कंपनी ने बताया कि भारी बारिश के कारण परियोजनाओं में गाद भर गई थी। कंपनी ने युद्धस्तर पर गाद साफ करने का काम किया और आज 38 एमएलडी पानी शहर में पहुंचाया गया है। कंपनी का दावा है कि अब से पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से मिलेगी।

# पांच मंजिला भवन गिरने की जांच के लिए कमेटी गठित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला में निर्माणाधीन फोरलेन के कार्यों को लेकर अब प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। वीरवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए, जिसमें सबसे प्रमुख भट्टाकुफर में पांच मंजिला भवन गिरने की घटना की विस्तृत जांच के लिए एक विशेष कमेटी का गठन शामिल है। यह कमेटी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा की अध्यक्षता में गठित की गई है, जो मकान गिरने के कारणों, नुकसान और प्रभावितों को दी जाने वाली सहायता पर रिपोर्ट देगी। इसके साथ ही, कमेटी यह भी जांच करेगी कि फोरलेन निर्माण की कटिंग से आसपास के घरों को कोई खतरा तो नहीं है।


बैठक की अध्यक्षता करते डीसी शिमला।

बैठक में कैथलीघाट से ढली तक चल रहे फोरलेन निर्माण कार्य की स्थिति रिपोर्ट के लिए एक और कमेटी गठित की जाएगी। इस कमेटी की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा करेंगी, जिसमें लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, पुलिस, निर्माण कंपनी सहित अन्य हितधारक शामिल होंगे। यह कमेटी विशेष रूप से निर्माण कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्य की निशानदेही करेगी और यदि नियमों का पालन नहीं पाया गया तो कड़ी कार्रवाई कर संवेदनशील स्थानों की भी रिपोर्ट देगी।

उपायुक्त ने एनएचएआई को दो दिनों के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है, जिसमें कैथलीघाट से ढली टनल तक फोरलेन निर्माण से उत्पन्न खतरों के संबंध में कंसल्टेंट द्वारा दी गई रिपोर्ट और उसके बाद कंपनी द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी शामिल होगी। फोरलेन का निर्माण कर रही कंपनी को भी नियमों के पालन के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

### पीडब्ल्यूडी करेगा क्षतिग्रस्त भवनों का मूल्यांकन

**फोरलेन** के निर्माण कार्य से करीब 20 परिवार प्रभावित हुए हैं, जिनकी मांग है कि प्रभावित भवन मालिकों को आर्थिक सहायता और किराए का प्रावधान कंपनी द्वारा करवाया जाए। साथ ही, आंशिक रूप से प्रभावित घरों को सुरक्षित करने के लिए भी उचित कदम उठाए जाएं।

### एनएचएआई को सकारात्मक कदम उठाने के दिए निर्देश

उपायुक्त ने एनएचएआई अधिकारियों को प्रभावितों की मांगों पर सकारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, लोक निर्माण विभाग को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त भवनों का मूल्यांकन करने का निर्देश दिया गया है, ताकि नुकसान के आकलन के बाद उन्हें उचित मुआवजा दिया जा सके।

# डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में 'चहेते' टीचर्स की तैनाती, स्कूलों में पढ़ाए कौन?

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**हमीरपुर।** वैसे तो राज्य सरकार टीचर्स की नियुक्ति को लेकर काफी संजीदा दिखती है, लेकिन यदि स्कूलों में तैनाती की बजाय चुनिंदा चहेते टीचर्स को डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में तैनात कर दिया जाए, तो फिर सवाल तो उठते ही हैं। 'प्रभावशाली' होने की वजह से इन 'अपनों' की तैनाती दूरदराज नहीं हो सकती। जब पोस्ट खाली होगी, तो आसपास का कोई स्टेशन उनके लिए तैयार हो जाएगा। स्कूल में स्टूडेंट्स को पढ़ाना उनके लिए जरूरी नहीं है। केवल 'तैनाती' जरूरी है, कहीं भी हो जाए।

ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि हमीरपुर जिला मुख्यालय पर स्थित दोनों कार्यालयों में यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस की सरकार में ही इसकी शुरुआत हुई हो? भाजपा के समय भी अच्छी खासी तादाद में टीचर्स इन कार्यालयों में 'डेरा' जमाते थे, लेकिन यह सिलसिला आखिर थमेगा कब? यक्ष प्रश्न यही है। जिसका जवाब न तो अधिकारियों के पास है और न ही व्यवस्था चलाने वालों के पास।

### हमीरपुर के दोनों डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में टीचर्स की 'एंट्री' बरकरार



हमीरपुर के एलिमेंट्री एजुकेशन डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में अब एक बार फिर टीचर्स के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। इस कार्यालय की गुणवत्ता के लिहाज से अभी तक दो टीचर्स पहुंच चुके हैं। इतने ही अभी और आने की तैयारी में हैं।

यहां पहले भी तीन टीचर्स लंबे समय से सेवाएं दे चुके हैं। चर्चा है कि दो आ चुके हैं और लगभग तीन और आने की तैयारी में हैं। उनकी प्रक्रिया भी जारी है। यही स्थिति डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय एलिमेंट्री की है। वहां फिलहाल तो एक ही टीचर है, लेकिन इसका पूर्वकाल भी इसी बात का गवाह है कि यहां काफी ज्यादा टीचर्स सेवाएं देते रहे हैं। यहां भी कुछ और टीचर्स के आने का प्रोसेस शुरू हो चुका है, अंतिम मुहर की तैयारी हो रही है।

जिन टीचर्स को स्कूलों में बच्चों को पढ़ने के काम में व्यस्त होना चाहिए, वे यदि डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में तैनाती ले लेंगे, तो फिर बच्चों को स्कूल में पढ़ाएगा कौन? क्योंकि उनकी तनख्वाह तो स्कूल से ही निकलेगी। अभी वेतन तो इन टीचर्स को बच्चों को पढ़ाने के नाम पर स्कूल से मिलेगा और ड्यूटी इनकी डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में क्लेरिकल सिस्टम में कन्वर्ट हो जाएगी, तो फिर शिक्षा व्यवस्था का सिस्टम किस दशा दिशा की ओर जा रहा है, इस पर सवाल खड़े होंगे।

### खुद की व्यवस्था बना रहे जुगाड़ू टीचर्स

**वैसे तो** सरकार युक्तिकरण के नाम पर कई तरह के प्रोग्राम चला रही है, स्कूलों से ब्योरा मांग रही है, लेकिन दूसरी तरफ जिन टीचर्स को स्कूल में तैनात होना चाहिए वह अपने जुगाड़ू सिस्टम से डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में खुद की व्यवस्था बना लेंगे, तो इससे दूसरे टीचर्स या स्टाफ में भी 'चिड़चिड़ापन' पैदा होना स्वाभाविक है।

### क्या कहते हैं डिप्टी डायरेक्टर कमल किशोर

**इधर** डिप्टी डायरेक्टर कमल किशोर का कहना है कि दो टीचर्स उनके कार्यालय में ज्वाइन किए हुए हैं। इससे पहले भी तीन टीचर रहे हैं। अभी देखेंगे इन्हें क्या ड्यूटी देनी है। इस पर चर्चा हो रही है। उनका यह भी कहना था कि यदि जरूरी हुआ तो आसपास के किसी स्कूल में भी इन्हें पढ़ने के लिए भेजा जा सकता है।

# सुक्खू सरकार केंद्र से पैसा मांगने में अव्वल, खर्च करने में फिसड्डी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश की राजनीति में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर केंद्रीय परियोजनाओं के लिए मिले करोड़ों रुपए के फंड का कुप्रबंधन करने का गंभीर आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं ने वीरवार को शिमला में एक प्रेस वार्ता कर दावा किया कि प्रदेश सरकार केंद्र से वित्तीय सहायता मांगने में तो तत्पर रहती है, लेकिन उसे जमीनी स्तर पर खर्च कर पाने में पूरी तरह विफल रही है, जिससे राज्य के विकास पर सीधा असर पड़ रहा है।


पत्रकार वार्ता करते हुए भाजपा नेता।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, प्रवक्ता बलबीर वर्मा और मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने विशेष रूप से आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत केंद्र ने हिमाचल को 360 करोड़ 11 लाख प्रदान किए हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रदेश सरकार इसमें से अभी तक केवल 78 करोड़ ही खर्च कर पाई है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह राज्य सरकार के 'कुप्रबंधन' का स्पष्ट संकेत है।

उन्होंने आगे कहा कि इस योजना के तहत प्रदेश में 73 ब्लॉक स्तरीय पब्लिक हेल्थ यूनिट बनाए जाने प्रस्तावित थे, लेकिन उनमें से केवल छह ही बन पाए हैं, जबकि 14 के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। इसी प्रकार, आठ क्रिटिकल केयर यूनिट स्थापित होने थे, जिनमें रोहड़ू, रिकांगपिओ, घवांडल, टांडा, मंडी अस्पताल और पांवटा साहिब शामिल हैं, लेकिन इनकी प्रगति भी संतोषजनक नहीं है। भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की थी और फंड की मांग की थी, जिसे नड्डा ने पूरा भी किया।

**आपदा** — मंडी में पत्रकार वार्ता में पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष ने साझा किया अपना दर्द, बोले-

# त्रासदी से 25 वर्ष पीछे चला गया सराज, राहत कार्यों में तेजी लाए सरकार

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र में हुई भीषण त्रासदी को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में अपना दर्द साझा करते हुए भारी मन से कहा कि आज सराज 25 वर्ष पीछे चला गया है। उन्होंने कहा कि जो भीषण त्रासदी सराज में हुई है, उससे बहुत बड़ा नुकसान पूरे क्षेत्र ने झेला है। 27 वर्षों से सराज के लोग और बतौर जनप्रतिनिधि उन्होंने इस क्षेत्र को विकास के लिहाज से जिस मुकाम पर लाकर खड़ा किया था, आज त्रासदी के कारण वह सब कुछ तबाह हो गया है।

उन्होंने बताया कि जंजैहली, जरोल, च्यूणी, लंबाथाच, थुनाग, बगस्याड़, बाड़ा, परवाड़ा, थाची, सोमनाचनी, कुकलाह और बाखली में बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। पूरे क्षेत्र में अभी तक 30 से अधिक लोग लापता हैं और 9 शवों को बरामद कर लिया गया है। सबसे ज्यादा जानी नुकसान पखरैर पंचायत के देजी में हुआ है जहां एक ही गांव के 11 लोग लापता हैं। 500 से ज्यादा घरों और दुकानों को नुकसान पहुंचा है। 25 छोटे और बड़े पुल टूट गए हैं और कई सड़कें इतनी बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई हैं जिनके स्थान पर नई सड़क ही बनानी पड़ेगी। 80 से ज्यादा लोगों के वाहन बह गए हैं।


प्रेस वार्ता करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व उपस्थित विधायक।

**कहा, हमारा जीना मरना सराज की जनता के साथ**

जयराम ठाकुर ने बताया कि पिछले कल एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें सराज पहुंची हैं। खुद सीएम भी हेलिकॉप्टर के माध्यम से हवाई सर्वेक्षण करने के बाद रैणगलू में उतरे थे और वहां लोगों से मिलकर राशन भी वितरित किया था, लेकिन जो राहत कार्य सरकार और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं। जिस तरह से कार्य किया जा रहा है ऐसे तो सारी स्थितियां सामान्य होने में ही 2 से 3 महीनों का समय लग जाएगा। सरकार और प्रशासन को इसमें गंभीरता दिखाने की जरूरत है। मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए और यहां बड़ी मशीनें तैनात की जाएं। युद्ध स्तर पर सड़क, बिजली और पानी की बहाली की कार्य किया जाना चाहिए।


बेहतर होता अपनी मीडिया टीम के साथ हेलीपैड पर केंद्र से भेजे एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर से उतर कर मुख्यमंत्री नीचे हुई तबाही वाले गांवों की तरफ नजर डालते, लेकिन उन्हें तो वहां सिर्फ यह दिखाना था कि मैं सराज में पहुंच गया हूं, जबकि पूरे प्रदेश ने देखा कि वह आए जरूर, लेकिन हेलीपैड पर दो मिनट तक ही रुके और राशन उतारते ही वापस शिमला चले गए।

मैंने आज सुबह उन्हें छह बार फोन किया, लेकिन उन्होंने नहीं उठाया। उनके ऑफिस किया तो बताया कि साहब ऊपर हैं, वहां लाइन जोड़ने को मना करते हैं। आप समझ सकते हैं कि मुख्यमंत्री कितने संवदेनशील हैं।

इस मौके पर उनके साथ मंडी सदर के विधायक अनिल शर्मा, नाचन के विधायक विनोद कुमार, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी और मंडी जिला भाजपा के अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा सहित अन्य भाजपा नेता भी मौजूद रहे।

### केंद्र द्वारा भेजी जा रही मदद के लिए जताया आभार

**उन्होंने** सरकार को चेताया कि अभी वे ज्यादा कुछ नहीं कह रहे और सरकार के राहत कार्यों की हालत देख रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा भेजी जा रही मदद के लिए भी केंद्र का आभार जताया। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ पहुंच चुकी है। सर्च अभियान शुरू हो चुका है। केंद्र से हेलिकॉप्टर भी आ चुके हैं, लेकिन मुख्यमंत्री से आग्रह है कि अपनी मीडिया टीम इसमें घुमाने के बजाय राशन और जरूरी सामान उन्हें वितरित करने दें।



## जयसिंहपुर कॉलेज में पीजीडीसीए की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पीजीडीसीए की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पीजीडीसीए में दाखिले की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी। दाखिले के लिए छात्र महाविद्यालय की वेबसाइट https://gdcjaisinghpur.in/ पर जाकर प्रोस्पेक्टस डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 15 जुलाई और मेरिट सूची 17 जुलाई व काउंसलिंग प्रकिया 18-19 जुलाई को निर्धारित की गई है। छात्र 20 जुलाई से 21 जुलाई तक फीस जमा करवा सकते हैं। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने बताया कि छात्र समय रहते अपना प्रवेश सुनिश्चित कर लें, ताकि बाद में उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही महाविद्यालय प्रशासन को कड़े आदेश दिए गए हैं कि काउंसिलिंग प्रक्रिया के समय सभी छात्र अपने अभिभावकों के साथ महाविद्यालय में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# वैज्ञानिक करें शोध कार्यों को किसानों की आय बढ़ाने पर केंद्रित : राज्यपाल

### कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की उपलब्धियां सराहनीय : राज्यपाल

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



कृषि विश्वविद्यालय की 26वीं सीनेट बैठक की अध्यक्षता करते राज्यपाल शिव प्रताप।

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक, शोध व प्रसार कार्यक्रमों व कृषि विस्तार के क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय परिवार बधाई का पात्र है।

यह बात राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल ने वीरवार को पालमपुर विश्वविद्यालय की 26वीं सीनेट (अभिषद) बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआरएएफ) में विश्वविद्यालय ने देश के सभी कृषि विश्वविद्यालयों में 13वां स्थान अर्जित किया है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि समर्पित शिक्षकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिक अपने शोध कार्यों को किसानों की आय बढ़ाने पर केंद्रित करें। 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए प्राकृतिक और डिजिटल खेती को प्रोत्साहित करना, पहाड़ी क्षेत्रों में फसल विविधीकरण, स्मार्ट गांवों की स्थापना, कटाई के बाद प्रसंस्करण, कोल्ड चेन का विस्तार तथा ई-नाम के माध्यम से बाजारों तक किसान की सीधी पहुंच सुनिश्चित करना समय की मांग है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को अपनाने में विश्वविद्यालय की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। हमारे समाज की प्रमुख चुनौतियों में से एक नशा है। ये आज के समय कि जरूरत है कि विश्वविद्यालय की सभी आउटरीच गतिविधियों में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान सम्मिलित हों। रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों के समाधान के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण कार्य किया है। वहीं, राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में जिंकगो बिलोबा (जीवित जीवाश्म) का पौधा भी रोपा। पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने क्षेत्र में हल्दी की खेती को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य योजना तैयार करने की जरूरत पर जोर दिया। देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने किसानों को दिए जाने वाले कृषि उपकरणों में गुणवत्ता को सुनिश्चित करने की बात कही। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी सीनेट की बैठक में प्रस्तुत की। बैठक

## आपदा की भरपाई के लिए काटा जाए तीन माह का मानदेय : साधू

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** पूर्व पंचायत



समिति सदस्य एवं पंचायत डोल भटहेड़ के उपप्रधान साधू राम राणा ने कहा कि प्रदेश में आई आपदा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व और नैतिक जिम्मेदारी है कि वे आपदा पीड़ितों के मददगार बनकर सच्ची समाजसेवा की मिसाल पेश करें।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की कि पंचायत सदस्य से लेकर मुख्यमंत्री तक के समस्त जनप्रतिनिधियों का कम से कम तीन माह का मानदेय काटकर बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास पर खर्च किया जाए, ताकि बाढ़ पीड़ित परिवारों का जल्द से जल्द पुनर्वास किया जा सके।

### जीजीडीएसडी कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

## स्टूडेंट्स को विविध शैक्षणिक गतिविधियों से करवाया अवगत



पहले दिन छात्र-छात्राओं को कॉलेज के नियमों एवं अनुशासन के बारे में बताया गया।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय (जीजीडीएसडी) राजपुर (पालमपुर) में नए शैक्षणिक सत्र की नियमित कक्षाएं वीरवार से शुरू हो गईं। कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रथम दिवस पर छात्र-छात्राओं को कॉलेज के नियमों एवं अनुशासन संबंधी दिशा-निर्देशों से अवगत करवाया गया। विद्यार्थियों को रैगिंग निषेध, अनुशासन, उपस्थिति एवं व्यवहार संबंधी आवश्यक जानकारियां दी गईं। स्टूडेंट्स को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए वे महाविद्यालय की निर्धारित समितियों से संपर्क कर सकते हैं। डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों को पूर्व में ही कक्षाओं के आरंभ की सूचना प्रदान कर उन्हें जागरूक किया गया था।

पहले दिन विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति यह दर्शाती है कि वे अपने शैक्षणिक भविष्य के प्रति गंभीर एवं सजग हैं। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. ध्रुव देव शर्मा, अरविंद कुमार, सुमन कुमार, डॉ. गीता रानी, डॉ. ज्योति, डॉ. राधिका, अनुराग शर्मा, विनीत राणा आदि ने विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें कॉलेज की विविध शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी।

# इंडियाना पेंसिल्वेनिया व केंद्रीय विश्वविद्यालय करेंगे संयुक्त एमबीए डिग्री कार्यक्रम शुरू

### केंद्रीय विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की 80वीं बैठक में लिया फैसला

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**



केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. सत प्रकाश बंसल ने इंडियाना विश्वविद्यालय पेंसिल्वेनिया के साथ शुरू किए जा रहे कार्यक्रम पोस्टर का विमोचन किया।

**धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल की अध्यक्षता में कार्यकारी परिषद की 80वीं बैठक हुई। बैठक में अमेरिका के इंडियाना विश्वविद्यालय पेंसिल्वेनिया के साथ संयुक्त एमबीए डिग्री कार्यक्रम जुलाई 2025 सत्र से आरंभ करने को मंजूरी दी गई। यह कार्यक्रम दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करेगा और छात्रों को नए अवसर प्रदान करेगा।

कुलपति बंसल ने केंद्रीय विश्वविद्यालय और इंडियाना विश्वविद्यालय पेंसिल्वेनिया के साथ शुरू किए जा रहे कार्यक्रम के ब्राउचर (पोस्टर) का विमोचन भी किया। अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी केंद्र के निदेशक प्रो. विशाल सूद, विश्वविद्यालय अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार, कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा व विवि के अन्य शिक्षक, कार्यकारी परिषद के सदस्य और अधिकारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम छात्रों को वैश्विक व्यापारिक वातावरण में प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद करेगा और उन्हें अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक परिदृश्य में अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा। उच्च गुणवत्ता के लिए वचनबद्ध दोनों विश्वविद्यालयों का यह संयुक्त कार्यक्रम छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में मदद करेगा और उन्हें व्यापारिक जगत में सफलता प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

## स्वस्थानी धाम रक्कड़ में शोभायात्रा के साथ तंत्रकुल अनुष्ठान शुरू



कलश शोभायात्रा निकालकर महा अनुष्ठान की शुरुआत की।

**अनंत ज्ञान, गरली**

**रक्कड़** स्थित स्वस्थानी माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ और तंत्र परंपरा के नवाचार 'तंत्रकुल' का शुभारंभ हो गया है। वीरवार को कलश शोभायात्रा के साथ इस महा अनुष्ठान की विधिवत शुरुआत हुई। यह धार्मिक आयोजन 10 जुलाई तक चलेगा, जिसमें देशभर से पहुंचे सिद्ध साधक, विद्वान और श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

कलश यात्रा मां स्वस्थानी धाम पंचपीरी, रक्कड़ से प्रारंभ होकर भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार के साथ कालेश्वर महादेव तपोभूमि होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंची। शोभायात्रा में देशभर से आए 40 से अधिक सिद्ध साधक, महिलाएं, मंदिर प्रबंधक व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद शर्मा, और कई गणमान्य जन शामिल हुए।

# भूस्खलन से झरेट-रझूं पेयजल योजना क्षतिग्रस्त

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** जलशक्ति विभाग उपमंडल धीरा के तहत आने वाली झरेट रझूं पेयजल योजना द्रंग के समीप भारी बरसात के कारण हुए भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हो गई। पेयजल योजना का 50-60 मीटर से भी ज्यादा भाग मलबे के नीचे आ गया है।

**कर्मचारी योजना को ठीक करने में जुटे**

पेयजल योजना के क्षतिग्रस्त होने से कई गांवों की जलापूर्ति बाधित हो गई है। जलशक्ति विभाग उपमंडल धीरा के सहायक अभियंता डिंपल कुमार एवं जेई पंकज के नेतृत्व में कर्मचारी इस योजना को ठीक करने में जुटे हुए हैं। सहायक अभियंता डिंपल कुमार ने बताया कि भूस्खलन के कारण पेयजल योजना क्षतिग्रस्त हुई है, जिसे ठीक करने के लिए विभागीय कर्मचारी युद्धस्तर पर लगे हुए हैं और इसे शीघ्र ही ठीक करवा दिया जाएगा।



पेयजल योजना के क्षतिग्रस्त होने से कई गांवों की जलापूर्ति बाधित हो गई है।

## शांतला टीम बनी क्रिकेट विजेता

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** गरली के ऐतिहासिक मैदान में आयोजित 15 दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन बुधवार रात समापन हो गया। टूर्नामेंट के फाइनल में शांतला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चंबा पत्तन की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में क्षेत्र की 30 से अधिक टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजयुमो के जिला अध्यक्ष रमन शर्मा रहे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि यह युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने का सशक्त जरिया है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया और भविष्य में भी समर्थन देने का भरोसा दिलाया।



# अनंत पर्यटन



## देवभूमि पर प्रकृति का प्रहार

# हिमाचल के पर्यटन पर संकट के बादल

### पहाड़ों पर पसरा सन्नाटा

### पर्यटन उद्योग की धड़कनें हुईं धीमी

### पर्यटकों की आमद में भारी गिरावट

**देवभूमि** हिमाचल कुदरत के रौद्र रूप का सामना कर रही है। सावन की झड़ी व बादलों की गर्जना ने जहां एक ओर पहाड़ों की सुंदरता को निखारा है। वहीं, दूसरी ओर लगातार हो रही भारी बारिश, बादल फटने की घटनाएं और भूस्खलन ने राज्य के पर्यटन उद्योग की कमर तोड़ दी है। कभी पर्यटकों से गुलजार रहने वाली वादियां अब सूनसान पड़ी हैं और सैलानियों की आवाजाही पर लगे ब्रेक ने स्थानीय अर्थव्यवस्था पर गहरा आघात किया है। कुल्लू, मनाली, शिमला, धर्मशाला ये वे नाम हैं, जो हर साल लाखों पर्यटकों को अपनी ओर खींचते हैं, लेकिन इस मानसून में इन लोकप्रिय स्थलों की रौनक गायब है। सड़कें अवरुद्ध हैं, नदियां उफान पर हैं और पल-पल बदलता मौसम पर्यटकों के हौसलों को पस्त कर रहा है। आमतौर पर जुलाई का महीना प्रदेश के लिए पीक सीजन होता है, जब देशभर से सैलानी यहां की ठंडी फिजाओं का लुत्फ उठाने आते हैं। वे बर्फ से ढके पहाड़ों, हरी-भरी घाटियों और शांत झीलों का दीदार करने आते हैं, लेकिन मौजूदा हालात में पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित कमी आई है। होटल, गेस्ट हाउस और होमस्टे खाली पड़े हैं, उनकी बुकिंग रद्द हो रही हैं और जिन लोगों ने पहले से योजना बनाई थी, वे भी अपनी यात्राएं स्थगित कर रहे हैं। पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा पसरा है, जो कभी चहल-पहल से गुलजार रहते थे

### आजीविका पर गहरा संकट

***पर्यटन** से जुड़े लाखों लोगों की रोजी-रोटी दांव पर लगी है। टैक्सी ड्राइवर, गाइड, होटल कर्मचारी, स्थानीय दुकानदार, हस्तशिल्प विक्रेता, ढाबे मालिकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पर्यटन उद्योग हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसकी सुस्त पड़ती धड़कनें राज्य के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं।*

### बुनियादी ढांचे को व्यापक क्षति

**लगातार** हो रही बारिश और भूस्खलन ने सड़कों, पुलों और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया है। मुख्य राजमार्गों से लेकर ग्रामीण सड़कों तक, कई जगहें कट गई हैं या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इससे न केवल पर्यटकों की आवाजाही बाधित हुई है, बल्कि आवश्यक वस्तुओं जैसे भोजन, दवा और ईंधन की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जिससे स्थानीय लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। कई इलाकों में बिजली और संचार सेवाएं भी बाधित हुई हैं, जिससे बचाव और राहत कार्यों में भी बाधा आ रही है।



### आंकड़े बोल रहे हैं कहानी

**प्रदेश** पर्यटन विभाग और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी वास्तविक आंकड़े लगातार बदल रहे हैं, लेकिन जो रुझान सामने आ रहे हैं, वे चिंताजनक हैं और राज्य पर व्यापक प्रभाव डाल रहे हैं।

**● सड़क संपर्क में भारी कमी**

**राज्य** के कई प्रमुख मार्ग जैसे कि मनाली-लेह राजमार्ग और आंतरिक सड़कें या तो पूरी तरह बंद हैं या आंशिक रूप से खुली हैं। इससे पहुंच में 70-80 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई है। यह सिर्फ पर्यटकों के लिए नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी दैनिक जीवन का एक बड़ा व्यवधान है।

**● होटल व्यवसाय धड़ाम**

**जहां** पीक सीजन में होटलों की व्यवसायिक दर 80-90 फीसदी रहती थी। वहीं, अब यह 20-30 फीसदी या इससे भी कम पर आ गई है। खासकर कुल्लू-मनाली, किन्नौर और चंबा जैसे सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र शामिल हैं। होटलों ने या तो बुकिंग रद्द कर दी हैं या वे मेहमानों को स्वीकार करने की स्थिति में नहीं हैं। छोटे गेस्ट हाउस और होमस्टे भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जो ग्रामीण पर्यटन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

**● राजस्व का भारी नुकसान**

**राज्य** सरकार और स्थानीय व्यवसायों को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है, जो मानसून की अवधि बढ़ने के साथ और बढ़ सकता है। यह नुकसान केवल प्रत्यक्ष पर्यटन राजस्व तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से भी हो रहा है, जैसे कि परिवहन, खाद्य सेवाएं, और मनोरंजन उद्योगों से होने वाला नुकसान। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान है और इस गिरावट का समग्र अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**● ट्रैकिंग-राफ्टिंग पूरी तरह से बंद**

**मानसून** के इस विकराल रूप ने हिमाचल के पर्यटन को बुरी तरह प्रभावित किया है। जगह-जगह सड़क बंद होने और यात्रा में अनिश्चितता के कारण पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द या फिर स्थगित कर दी हैं। शिमला-कालका हेरिटेज रेलवे लाइन भी अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई थी, हालांकि बाद में इसे बहाल कर दिया गया। एडवेंचर गतिविधियां जैसे ट्रैकिंग और राफ्टिंग भी पूरी तरह से बंद कर दी गई हैं।

**● सरकार और प्रशासन की कोशिशें**

**राज्य** सरकार ने प्रभावितों के लिए एक विशेष राहत पैकेज की भी घोषणा की है। लोक निर्माण विभाग और अन्य एजेंसियां युद्धस्तर पर सड़कों को बहाल करने में जुटी हुई हैं, लेकिन लगातार बारिश और भूस्खलन से राहत कार्यों में बाधा आ रही है।

**400 से जयादा सड़कों पर पड़ी मार**

**प्रदेश** में मॉनसून अपने पूरे शबाब पर है और इसका सबसे ज्यादा असर राज्य की जीवन रेखा मानी जाने वाली सड़कों पर पड़ रहा है। राज्य में कई जगह भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक, 400 से अधिक सड़कें बंद हो चुकी हैं, जिनमें कई प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग भी शामिल हैं। मंडी, कुल्लू और शिमला जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं, जहां सबसे अधिक संख्या में सड़कें अवरुद्ध हैं।

### गैर-जरूरी यात्रा से बचें

**मौसम** विभाग ने अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। खासकर मंडी, कुल्लू, हमीरपुर, शिमला, सिरमौर और सोलन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों और पर्यटकों को सलाह दी गई है कि वे मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करें, नदियों और नालों के पास जाने और गैर-जरूरी यात्रा करने से बचें। फिलहाल, हिमाचल के टूरिस्ट, जो राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, मौसम के सामान्य होने और सड़कों के पूरी तरह से खुलने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि देवभूमि में एक बार फिर पर्यटकों का स्वागत किया जा सके।

*विशेष रिपोर्ट: सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।*



# बरसात ने रोके पर्यटकों के कदम

## होटल कारोबारियों पर मंदी की मार

**जुलाई में थी मुनाफे की उम्मीद, बरसात ने बदला सीजन का खेल**

**भारी बरसात ने जुलाई माह में पर्यटन व्यवसाय के पंखों को काट दिया है। होटल कारोबारियों व अन्य व्यवसायियों को जुलाई माह में अच्छे कारोबार की उम्मीद थी, लेकिन बरसात के कहर ने पर्यटकों के कदमों को रोक दिया है। पर्यटन स्थालों में पर्यटकों की आवाजाही न के बराबर हो चुकी है। हाल ही में सरकार व होटल कारोबारियों काफी उत्साहित थे। उन्होंने घोषणा की थी कि वह बरसात में फुल-हाउस सीजन के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। होटल कारोबारियों ने पर्यटकों के लिए छूट की घोषणाएं भी कर रखी थी। बावजूद इसके बरसात को देखते हुए पर्यटक पहाड़ों से दूर रहने में भलाई मानकर चले हुए हैं। दूसरी ओर सरकार व प्रशासन की हिदायतों ने पर्यटकों के सफर को कम कर दिया है। बरसात में सरकार भी ऐसा कोई रिस्क नहीं लेना चाहती, जिससे किसी को कोई नुकसान हो। हालांकि, प्रशासन व सरकार ने कहा है कि पर्यटक बरसात क मौसम में घूमने के लिए आएं, लेकिन सावधानियां बरतें और सुरक्षित रहें। सरकार ने बरसात के मौसम के दौरान प्रदेशभर में हो रहे नुकसान की घटनाओं के मद्देनजर पर्यटकों व प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि बरसात के मौसम में नदी-नालों और भूस्खलन वाले इलाकों से दूर रहें और खराब मौसम की पूर्व जानकारी के लिए सचेत और दामिनी ऐप डाउनलोड कर जानकारी पर नजर बनाए रखें। सरकार ने भूस्खलन, अचानक बाढ़ और अन्य प्राकृतिक खतरों के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है।**

### प्रशासन के निर्देशों का पालन करें पर्यटक

**पर्यटकों** से आग्रह किया कि वे मौसम की जानकारी रखें। बरसात के समय में नदी-नाले एवं पहाड़ की ऊंची चोटियों में जाने से बचें तथा स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। बरसात के मौसम के दौरान प्रदेशभर में हो रहे नुकसान की घटनाओं के मद्देनजर जिलावासियों से आग्रह किया कि बरसात के मौसम में नदी-नालों और भूस्खलन वाले इलाकों से दूर रहें और खराब मौसम की पूर्व जानकारी के लिए सचेत और दामिनी ऐप डाउनलोड कर जानकारी पर नजर बनाए रखें। परामर्श जारी करते हुए भूस्खलन, अचानक बाढ़ और अन्य प्राकृतिक खतरों के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है।

### बरसात की पर्यटन कारोबार पर मार

**बरसात** के दिनों में भारी संख्या में पर्यटक हिमाचल का रुख करते हैं। जून माह से प्रदेश में पर्यटन सीजन मजबूती की ओर बढ़ने लगा था और माना जा रहा था कि जुलाई माह में अच्छा मुनाफा दर्ज किया जाएगा, लेकिन बरसात ने हालातों को बदल दिया है। एक बार फिर से पर्यटन कारोबार मंदी के दौर से गुजरने को मजबूर हो गया है। हालांकि, प्रदेश के कई क्षेत्रों में हालात सामान्य हैं, जहां पर्यटक सफर का आनंद ले सकते हैं। बस सावधानी जरूरी है। नदी-नालों में उफान आने से खतरे को भांपते हुए पर्यटक कम ही होटलों में रुकने लगे हैं, जिससे ऑक्यूपेंसी 20 से 25 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

**विशेष रिपोर्ट : संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



## न्यूज ब्रीफ

### स्टेज कैरिज रूट्स के लिए 14 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) धर्मशाला मनीष कुमार सोनी ने जानकारी दी कि धर्मशाला कार्यालय के अधीन 18 सीटर की 55 स्टेज कैरिज रूट्स के लिए परिवहन विभाग द्वारा 9 जून से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इन रूट्स के लिए पहले अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई थी। आरटीओ ने बताया कि आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 14 जुलाई कर दिया गया है। इच्छुक आवेदक अब 14 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### नौरा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा संपन्न



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान डरोह।** सिद्धपीठ श्री पिण्डेश्वरी माता जी के सानिध्य में सरला देवी धर्मपत्नी स्व. संसार चंद के निजी निवास नौरा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा हवन-यज्ञ, पूर्णाहुति और भंडारे के साथ संपन्न हो गई। कथा में यादव वंशजों का नाश, उद्धव जी का गोपियों से भेंट, परीक्षित जी की श्राप से मुक्ति, भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की भेंट और भगवान कृष्ण का स्वधाम को लौटने के प्रसंग कथा व्यास पंडित पंडित विपिन चंद्र शर्मा उर्फ पंडित बबलू शर्मा ने सुनाए।

### लंबापट्ट के शहीद राकेश को किया याद



**कुलदीप सोनी, अनंत ज्ञान, नगरी।** नगरी के गांव लंबापट्ट के शहीद राकेश कुमार को याद किया गया। पंचायत जिया में आयोजित समारोह में परिवारजनों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भारतीय सेना के जेसीओ घनश्याम दास और दो अन्य जवानों ने राकेश कुमार के परिवार के लोगों से मुलाकात की और कारगिल विजय की शौर्य गाथा से भी अवगत करवाया। भारतीय सेना की ओर से बलिदानी की पत्नी सुदर्शना देवी को शहीद राकेश कुमार की पेंटिंग स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। जेसीओ घनश्याम दास ने कहा भारतीय सेना राकेश कुमार के बलिदान को नहीं भुला सकती। यह हमारे देश के सच्चे वीर हैं। सुदर्शना देवी ने पति के बलिदान याद करने व परिवारजनों को सम्मानित करने पर आभार प्रकट किया।

### गैर शिक्षक संघ ने जताया सीएम का आभार



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** गैर शिक्षक संघ बैजनाथ ब्लॉक ने शिक्षा विभाग में अधीक्षक ग्रेड-II की पदोन्नति पर मुख्यमंत्री का आभार जताया है। संघ प्रधान विनय मेहता ने बताया कि लंबित मांग को मुख्यमंत्री सुक्खू ने पूरा किया है। इस मौके पर सुरेंदर शर्मा, रमेश मक्कड़, राजन शर्मा, मुनीश, मीना, सुरजीत, वीना, पारुल मलिक, शिवानी, दीपक, तजेंद्र, कुलदीप, संजीव आदि उपस्थित रहे।

### नगरोटा सूरियां विकास खंड को जवाली शिफ्ट करने के विरोध में लोगों में रोष

# संघर्ष समिति के साथ कोटकरी कथोली की महिलाओं ने दिया चार घंटे धरना

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां विकास खंड को जवाली शिफ्ट करने की अधिसूचना जारी के विरोध में विकास खंड बचाओ संघर्ष समिति के धरने के 22वें दिन महिला मंडल कोटकरी कथोली की महिलाओं ने चार घंटे का सांकेतिक धरना दिया।

महिलाओं ने सरकार को चेताया कि यदि विकासखंड को जवाली शिफ्ट किया जाता है तो महिलाएं भी सड़कों पर उतरेंगी और क्रमिक धरना पर बैठना शुरू कर देंगी। धरने में महिला मंडल कोटघर कथोली की प्रधान रानो देवी, मोनिका सरोज, संतोष कुमारी, रेखा देवी,



नगरोटा सूरियां में संघर्ष समिति के साथ सांकेतिक धरने पर बैठी महिलाएं।

वीना देवी, सरोज पठानिया, सुदेश कुमारी ने हिस्सा लिया। धरने के 22वें दिन कथोली पंचायत के वरिष्ठ नागरिक गुरुबचन सिंह, पवन

**कहा- विकास खंड को जवाली शिफ्ट किया तो उतरेंगी सड़कों पर**

तलवाड़, दिलबाग सिंह, कुलदीप सिंह, मेहर चंद धरने पर बैठे। संघर्ष समिति के संयोजक संजय महाजन ने बताया कि कई दिव्यांग तथा नेत्रहीन लोगों ने भी उनसे संपर्क कर धरने पर बैठने की अपनी इच्छा जताई है।

इस अवसर पर कथोली पंचायत प्रधान गुरचरण सिंह बेदी, जसवंत सिंह, खबल पंचायत प्रधान रिंपल कुमारी, प्रधान नगरोटा सूरियां रजनी महाजन, अशोक कुमार, सुशील भंडारी भी उपस्थित रहे।

# कांगड़ा पुलिस ने एक माह में किए सात हजार चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**जिला** कांगड़ा पुलिस ने एक माह में सात हजार से अधिक चालान किए गए हैं। इनमें सबसे अधिक तीन हजार चालान ओवर स्पीड के हैं, जो इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम आईटीएमएस के तहत हुए हैं। पुलिस की यह कार्रवाई जून माह में यातायात एवं अनुशासन जागरूकता माह के तहत अमल में लाई गई है।

**ओवरस्पीड, ड्रंक एंड ड्राइविंग सहित रैश ड्राइविंग पर कसा शिकंजा**

जिला पुलिस को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से ओवरस्पीड, ड्रंक एंड ड्राइविंग सहित रैश ड्राइविंग की शिकायतें मिलती रहती हैं, जिन पर जून माह में यातायात एवं अनुशासन जागरूकता माह के तहत कार्रवाई की गई है। जून माह में जिला पुलिस ने यातायात एवं अनुशासन जागरूकता माह के दौरान 7 हजार से अधिक चालान जिलेभर में किए गए। ड्रंक एंड ड्राइविंग के 187, आईटीएमएस के माध्यम से ओवरस्पीड के 3 हजार से अधिक चालान किए गए। रैश और नेगलीजेंस ड्राइविंग के 175 चालान किए गए हैं। एसएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि सड़क किनारे पार्किंग सहित रैश ड्राइविंग व ओवरस्पीड जैसी समस्याओं का समाधान व्यक्तिगत अनुशासन से भी हो सकता है, जिसमें पुलिस हस्तक्षेप की भी जरूरत नहीं होगी, बशर्ते लोग यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हों। यही वजह है कि जिला पुलिस ने जून माह में विशेष जागरूकता अभियान के तहत जहां वाहन चालकों को जागरूक किया गया। वहीं, चालान भी काटे गए। हैं

# पठानिया ने किया बीडीओ ऑफिस का निरीक्षण

## बोले- शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों और पुलों पर खर्च किए जा रहे 54 करोड़ रुपए



रैत में निर्माणाधीन बीडीओ कार्यालय का निरीक्षण करते उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**उपमुख्य** सचेतक एवं स्थानीय विधायक केवल सिंह पठानिया ने वीरवार को रैत में निर्माणाधीन खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों एवं पुलों के निर्माण पर लगभग 54 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 5.50 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा बीडीओ कार्यालय रैत का नया भवन मिशन मोड में अगले एक वर्ष में पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

इस भवन निर्माण का कार्य हाल ही में प्रारंभ हुआ है और अब तक 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य की गति और गुणवत्ता की सराहना की। केवल सिंह पठानिया ने बताया कि 1952 से संचालित यह बीडीओ कार्यालय अपनी भूमि तक से वंचित था और भवन भी बेहद जर्जर स्थिति में था। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती जनप्रतिनिधियों ने इस महत्वपूर्ण कार्यालय की स्थिति की ओर कभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने भवन निर्माण के लिए समुचित बजट उपलब्ध करवाया। पठानिया ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि शाहपुर में विकास नहीं हो रहा, लेकिन हकीकत यह है कि यहां अनेक विकास परियोजनाएं तेजी से प्रगति पर हैं। लगभग 11 करोड़ रुपए की लागत से सिविल अस्पताल शाहपुर का नया भवन निर्माण अंतिम चरण में है। इसके अलावा लंज में 1.50 करोड़ रुए की लागत से सीएचसी भवन का निर्माण किया जा रहा है। वहीं, पिछले 31 वर्षों से पुराने भवन में संचालित वेटरनरी अस्पताल शाहपुर के लिए भी नया भवन बनाया जा रहा है।

### जांगल गांव में कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा शुरू



जांगल गांव (आलमपुर) में श्रीराम कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली गई।

**अनंत ज्ञान, आलमपुर**

**जांगल** गांव (आलमपुर) में कलश यात्रा के साथ वीरवार को श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। यह श्रीराम कथा 11 जुलाई तक चलेगी। कथा के शुभारंभ पर बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इस धार्मिक आयोजन में कथावाचक के रूप में आचार्य अनिल डोहरु जी महाराज भक्तों को श्रीराम के आदर्शों और जीवन की प्रेरणादायी घटनाओं का श्रवण करा रहे हैं। कथा का समय प्रतिदिन सायं 3 बजे से 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। संयोजक रामप्रसाद शर्मा 'मंगलम परिवार' जांगल ने बताया कि दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन आदि की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे सभी को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस आध्यात्मिक आयोजन में स्थानीय ग्रामीणजन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग ले रहे हैं। वहीं, आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं।

# हर्बल चिकित्सा की प्रमाणिकता पर दिया बल



सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में दो दिवसीय हर्बल सेक्टर स्टेकहोल्डर मीट-2025 संपन्न।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**सीएसआईआर**-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर दो दिवसीय हर्बल सेक्टर स्टेकहोल्डर मीट-2025 संपन्न हो गई। इसमें देशभर से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें वैज्ञानिक, किसान, नीति निर्धारक, उद्योगपति, शोधकर्ता, चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञ, एनजीओ और एफपीओ के सदस्य शामिल थे।

पहले सत्र का विषय हर्बल खेती में चुनौतियां और सतत स्रोत था, जिस पर डॉ. डीआर नाग ने

**डॉ. डीआर नाग ने औषधीय संसाधनों पर प्रकाश डाला**

औषधीय संसाधनों पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में हर्बल उत्पादों की गुणवत्ता नियंत्रण और वैज्ञानिक प्रमाणन पर चर्चा हुई। इसकी अध्यक्षता फार्माकोपिया कमीशन फॉर इंडियन मेडिसिन एंड होम्योपैथी, गाजियाबाद के निदेशक डॉ. रमन मोहन सिंह ने की। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सीके कटियार, सलाहकार ने व्याख्यान दिया। उन्होंने पादप गुणवत्ता मापदंडों के मूल्यांकन पर जोर दिया। तीसरा सत्र हर्बल क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित था, जिसमें प्रमुख व्याख्यान डॉ. विजय चौधरी, प्राचार्य राजीव गांधी आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, पपरोला ने दिया। उन्होंने हर्बल चिकित्सा की प्रमाणिकता और सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए मुद्दों और प्रश्नों के उत्तर विशेषज्ञों द्वारा दिए गए। प्रतिभागियों ने संस्थान की प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर वहां हो रहे शोध को प्रत्यक्ष रूप से देखा और सराहा।

# केंद्रीय योजनाओं के लिए आवंटित पैसा नहीं खर्च कर पाई सुक्खू सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**भाजपा** नेता व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार, प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर व प्रदेश प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने एक संयुक्त बयान में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के द्वारा किया गया खुलासा चौकाने वाला है कि केंद्रीय योजनाओं के लिए आवंटित पैसा प्रदेश सरकार खर्च नहीं कर पा रही है। यह मुख्यमंत्री की लापरवाही को दर्शाती है और इस लापरवाही की वजह से प्रदेश की जनता को समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है।

यही नहीं आपदा के लिए आवंटित धनराशि का भी प्रदेश सरकार पूरी तरह उपयोग नहीं कर पाई, जबकि केंद्र सरकार के ऊपर अनदेखी का आरोप मुख्यमंत्री आए दिन लगाते रहते हैं और प्रदेश में ऐसा माहौल बनाने का प्रयत्न करते हैं कि केंद्र की सरकार हिमाचल को उसका हक नहीं दे रही है। सच्चाई उसे एकदम उलट है। पीएम अभी योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार अभी तक महज 21.7 फीसदी राशि ही खर्च कर पाई है, जो कि प्रदेश के हितों के साथ राज्य सरकार का खिलवाड़ है और



**भाजपा नेता बोले- सीएम की लापरवाही से जनता हो रही परेशान**

आम आदमी को केंद्रीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। 15में वित्त आयोग का भी मुश्किल से 24.6 फीसदी पैसा ही अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा खर्च हो पाया है, जिसके लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। पीएम अभि योजना के अंतर्गत 2021 से 2025 तक हिमाचल प्रदेश को 360 करोड़ रुपए से अधिक पैसा दिया गया है, लेकिन प्रदेश सरकार अभी 78 करोड़ ही खर्च कर पाई है। 15में वित्त आयोग के तहत प्रदेश को 521 करोड़ रुपए जारी किए गए। हैरानी की बात है कि प्रदेश सरकार इस आयोग का अंतिम वर्ष शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक 128.62 करोड़ ही खर्च कर पाई है और यह जनता के साथ धोखा है।

# बीमा कंपनी को पांच लाख की राशि अदा करने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** स्थित जिला उपभोक्ता आयोग की अदालत ने अहम फैसले में जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा शिकायतकर्ता उपभोक्ताओं को पांच लाख रुपए की बीमा राशि समान रूप से अदा करने का फैसला सुनाया है। बीमा कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को 25 हजार रुपए हर्जाना और 10 हजार रुपए वाद व्यय के रूप में भी अदा करने होंगे। वीरवार को आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए आदेश जारी किए। आयोग ने यह भी आदेश दिए हैं कि यह राशि नौ फीसदी वार्षिक ब्याज दर पर शिकायत की तिथि से भुगतान करनी होगी। आयोग के पास पहुंचे मामले के तहत शिकायतकर्ता दंपती ने यह शिकायत दुर्घटना में हुई उनके बेटे की मौत के उपरांत बीमा राशि न मिलने पर आयोग में दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ताओं ने बताया था कि उनका पुत्र पटियाला की एक यूनिवर्सिटी का छात्र था और यूनिवर्सिटी की ओर से जारी एक ग्रुप पर्सनल एक्सिडेंट पॉलिसी के तहत बीमित था। यह पॉलिसी

**उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला**

एक बीमा कंपनी द्वारा यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए ली गई थी, जिसमें प्रत्येक छात्र के लिए 5 लाख का बीमा कवर था। 26 जनवरी 2023 की रात करीब 2:30 बजे उनका पुत्र अपने दोस्तों के साथ एक चौपहिया वाहन में सवार था। वाहन का नियंत्रण खो जाने से हादसा हुआ और उनके बेटे की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने सभी दस्तावेज बीमा कंपनी को दिए, लेकिन कंपनी ने दावा खारिज कर दिया। साथ ही कंपनी ने यह दावा किया कि उनका बेटा शराब के नशे में था और चलती गाड़ी में खिड़की से बाहर झांकते हुए नाच रहा था, जिससे वह पेड़ से टकराया और उसकी मौत हुई। इस आधार पर कंपनी ने बीमा क्लेम भुगतान अस्वीकार कर दिया। आयोग को मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जनरल डायरी के आधार पर पाया कि मृतक युवक के शरीर में शराब के सेवन का कोई प्रमाण नहीं था।

मृत्यु का कारण वाहन का दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिरना था, जबकि बीमा कंपनी द्वारा यह दावा करना कि पेड़ से टकराकर मृत्यु हुई है यह सही नहीं पाया गया। साथ ही चालक के नशे में होने से बीमा धारक (मृतक युवक) की पात्रता प्रभावित नहीं होती, क्योंकि वह स्वयं चालक नहीं था। इसको आधार मानते हुए आयोग ने शिकायतकर्ता उपभोक्ताओं के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उपरोक्त आदेश जारी किए हैं।

**परेशानी** विशेषज्ञ डॉक्टर को वीआईपी ड्यूटी पर भेजने से मरीज हो रहे परेशान, स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर

# बैजनाथ अस्पताल में हांफी स्वास्थ्य सुविधाएं

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** सिविल हॉस्पिटल बैजनाथ में डॉक्टरों की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाएं हांफती नजर आ रही हैं। कहने को तो यह उपमंडल स्तर का अस्पताल है, परंतु सुविधाओं के नाम पर यहां टोटा है। कागजों में 10 डॉक्टर कार्यरत हैं, परंतु असलियत वीरवार को यह थी कि केवल मात्र तीन ही डॉक्टर ड्यूटी पर तैनात थे।

**कागजों में दस डॉक्टर, ड्यूटी पर तीन तैनात, कुछ छुट्टी पर**

कुछ डॉक्टर निजी कार्य से छुट्टी पर थे, तो वहीं एमडी मेडिसिन डॉक्टर अक्षय शर्मा की वीआईपी ड्यूटी लगा दी गई है। एमडी मेडिसिन के अस्पताल में न होने की वजह से उपचाराधीन मरीजों के स्वास्थ्य पर तो बुरा असर पड़ रहा है। वहीं, दूरदराज से आने वाले मरीजों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जोगिंद्रनगर के डाक बंगला से आए हुए 85 वर्षीय बुजुर्ग ने बताया कि वे पिछले लंबे समय से यहां पर तैनात डॉक्टर अक्षय शर्मा से ही दवाई लेते आ रहे हैं, लेकिन पिछले तीन दिनों से उनके यहां पर न होने की वजह से उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। वहीं, लोगों का मानना है कि पालमपुर में एमडी मेडिसिन के एक से ज्यादा डॉक्टर हैं।

ऐसे में वहां से किसी की वीआईपी ड्यूटी में लगा दी होती तो बैजनाथ की स्वास्थ्य सुविधाएं पर इतना असर नहीं पड़ता। भारी बरसात के बावजूद अपने इलाज के लिए अस्पताल पहुंची कनारथू गांव की रहने वाली बुजुर्ग महिला का कहना है कि वीआईपी के लिए तो कहीं और से भी डॉक्टर का इंतजाम हो सकता था, लेकिन उनके पास ऐसे साधन भी नहीं है कि वे अपना इलाज किसी महंगे निजी हॉस्पिटल में करवा सके। यहां पर तैनात एकमात्र विशेषज्ञ चिकित्सक अक्षय शर्मा को बाहर भेजना यहां की जनता के साथ सरासर खिलवाड़ है।

इलाज करवाने आए बैजनाथ नगर परिषद के पार्षद अमित कपूर ने कहा कि अगर आम जनता को दरकिनार करके डॉक्टर की ड्यूटी वीआईपी के लिए ही लगानी है तो स्वास्थ्य सुविधाओं पर लाखों करोड़ों रुपए खर्चने की क्या जरूरत है। चौबिन पंचायत से अपनी आंखों का इलाज करवाने आए पूर्व सैनिक घनश्याम राणा ने कहा कि अस्पताल में अच्छा डॉक्टर मिल जाए, यही काफी है। दवाई तो बाजार से भी ले सकते हैं। डॉक्टर न होने से लोगों को अपने इलाज के लिए आयुर्वेदिक हॉस्पिटल पपरोला का रुख करना पड़ा।

### डॉक्टर को बुलाया जाएगा वापस: किशोरी



**बैजनाथ** के विधायक किशोरी लाल ने कहा कि उनके ध्यान में यह मामला आया है। जल्द ही विशेषज्ञ डॉक्टर अक्षय शर्मा को बैजनाथ वापस बुला लिया जाएगा तथा भविष्य में इस तरह का कोई भी मामला न दोहराया जाए । इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### डॉक्टर की वीआईपी ड्यूटी लगाकर मरीजों के साथ किया जा रहा खिलवाड़: मुल्कराज



**बैजनाथ** के पूर्व विधायक मुल्कराज प्रेमी का कहना है कि अक्षय शर्मा जैसे विशेषज्ञ डॉक्टर की वीआईपी ड्यूटी लगाना दूरदराज इलाकों से आने वाले लोगों के स्वास्थ्य से सीधा-सीधा खिलवाड़ है। यहां पर सबसे ज्यादा मरीजों की तादाद डॉक्टर अक्षय शर्मा के पास ही होती है। ऐसे में उनकी जगह किसी अन्य डॉक्टर को जिला मुख्यालय से वीआईपी ड्यूटी के लिए लगाया जा सकता है, जिससे यहां पर लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़ता।

# हिमाचल में डर और अराजकता का माहौल: होशियार

## बोले-देहरा उपचुनाव में हुई थी बड़ी धांधली, मंत्री अधिकारियों को पीट रहे और कार्यकर्ता धमकाने में लगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**देहरा** के पूर्व विधायक होशियार सिंह ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में डर एवं अराजकता का माहौल है। कहीं कांग्रेस के मंत्री अधिकारियों को पीट रहे हैं, तो कई जगह कांग्रेस कार्यकर्ता अधिकारियों को डराते धमकाते नजर आ रहे हैं। इस कुशासन के लिए कौन जिम्मेदार है? होशियार सिंह ने आरोप लगाया कि देहरा उपचुनाव में सीएम ने अपनी धर्मपत्नी को जिताने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए गए। उस वक्त भी गुंडागर्दी सरेआम देखने को मिली थी।

उन्होंने कहा कि उपचुनाव में जब आचार संहिता लगी थी, उस समय भी महिला मंडलों के खातों में पैसे जमा करवाए गए, जो कि सरासर गलत है। इस बात की उन्होंने आरटीआई भी ले ली, जिसका जवाब भी आ चुका है। जल्द ही उस बाबत एक पटीशन कोर्ट में दायर की जाएगी। होशियार ने कहा कि इस सरकार में कांग्रेस के ही कार्यकर्ता रोष में है। प्रदेश कांग्रेस सरकार ने चुनाव से पहले विभिन्न गारंटियां जनता को देने की बात कही थी, लेकिन एक भी गारंटी पूरी नहीं की गई। महिलाओं को न 1500 रुपए और न ही युवाओं को रोजगार मिला। कान्ट्रैक्ट पर युवाओं को नौकरी देने का प्रयास करना सीधा युवाओं के साथ कुठाराघात है, जिसका पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं।



न्यूज ब्रीफ

## शिमला मिर्च के दाम में दोगुना वृद्धि होने से किसान खुश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला मिर्च के दाम में करीब दो गुना वृद्धि होने से जुन्गा क्षेत्र के किसान बेहद प्रसन्न हैं। वीरवार को प्रदेश की सबसे बढ़ी सब्जी मंडी सोलन में शिमला मिर्च का बाजार बहुत अच्छा रहा और शिमला मिर्च अधिकतम 70 रुपए प्रति किलोग्राम बिकी। जबकि बीते तीन दिनों से शिमला मिर्च का भाव सोलन सहित अन्य मंडियों में 30 से 35 रुपए प्रति किलोग्राम रहा था। यहां तक कि बीते सप्ताह शिमला मिर्च केवल 15 रुपए प्रति किलोग्राम बिकी थी। बता दें इन दिनों जुन्गा क्षेत्र से टमाटर, शिमला मिर्च और फ्रांसबीन जैसी नकदी फसलें प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन के अतिरिक्त दिल्ली, पानीपत और चंडीगढ़ मंडियों में पहुंच रही है, जिसमें फ्रांसबीन का रेट वीरवार को बीते दो दिनों की अपेक्षा काफी अच्छा रहा। अर्थात अच्छी किस्म की फ्रांसबीन 40 से 60 रुपए प्रति किलो बिकी। जबकि टमाटर सोलन व सनौरा मंडी में 500 से 800 रुपए प्रति क्रेट बिके। प्रगतिशील किसान मनोहर सिंह ठाकुर, प्रीतम सिंह ठाकुर सहित अनेक किसानों ने बताया कि यदि टमाटर, फ्रांसबीन और शिमला मिर्च के रेट स्थिर रहे तो किसानों को अच्छा लाभ होने की संभावना है। आढ़ती विनोद शर्मा ने बताया कि टमाटर और शिमला मिर्च की आवक बढ़ने से दाम घट भी सकते हैं।

## शिमला में 222 आवेदनों को मिली मंजूरी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, शिमला में आज जिला कार्यान्वयन समिति ने 222 आवेदनों को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय उपायुक्त शिमला की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में लिया गया। बैठक में योजना के क्रियान्वयन की प्रगति, लक्ष्यों की प्राप्ति और लाभार्थियों तक जानकारी पहुंचाने के उपायों पर गहन चर्चा हुई। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि योजना के तहत चिन्हित पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को समय पर लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने जोर दिया कि पीएम विश्वकर्मा योजना का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक हस्तशिल्प और कारीगर समुदायों को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, उपकरण और विपणन सहयोग प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है। बैठक में यह भी सामने आया कि कई आवेदन गलत बैंकिंग विवरण के कारण अस्वीकृत हो रहे हैं। उपायुक्त ने ज़िले के सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे योजना के तहत आवेदन करते समय सही बैंकिंग विवरण उपलब्ध कराएं, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहना पड़े।

## भाजपा मंडल छौहारा की मासिक बैठक संपन्न



**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** भारतीय जनता पार्टी छौहारा मंडल की मासिक बैठक वीरवार को मंडल अध्यक्ष आशा खाची रिठवाण की अध्यक्षता में संदासू विश्राम गृह में आयोजित हुई। बैठक में मंडल के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। वहीं मंडल के दोनों महामंत्री राजकुमार शरवाण व मेघ क्यालटू भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता लायक राम चौहान बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा नेत्री शशि बाला, मंडल अध्यक्ष आशा खाची रिठवाण एवं मंडल के पदाधिकारियों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने डॉ. राजीव बिंदल को तीसरी बार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई दी है। इस दौरान छौहारा मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने डॉ. राजीव बिंदल को प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### डीसी शिमला ने ठियोग में हुई तैयारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, टीमें रहेगी सजग

# आपदा से निपटने के लिए अलर्ट रहें अधिकारी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल में मानसून का मौसम दस्तक दे रहा है, ऐसे में आपदाओं से निपटने और जनजीवन को सामान्य बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में, ठियोग उपमंडल में आगामी मानसून की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया टीमों की 24×7 तैनाती सुनिश्चित करने और सभी संबंधित विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए।

बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त शिमला ने पुलिस अधीक्षक के साथ की। इस दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ठियोग उपमंडल में पुलिस का त्वरित प्रतिक्रिया दल ठियोग पुलिस थाना में और होमगार्ड का त्वरित प्रतिक्रिया दल होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र पराला में चौबीसों घंटे तैनात रहेगा। इसके अतिरिक्त, सभी पटवारियों और पंचायत सचिवों को भी मानसून के दौरान अपने स्टेशन पर उपस्थित रहने को कहा गया है।



डीसी और एसपी सहित अन्य अधिकारी आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करते हुए।

### प्रधानों के साथ संपर्क बनाए रखें अधिकारी

उपायुक्त ने सभी उपमंडल अधिकारियों को मानसून में पूरी तरह तत्पर रहने और स्थानीय प्रधानों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मानसून में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका तत्काल समाधान किया जाए और आपदा के दौरान सभी प्रतिक्रिया एजेंसियों की प्रतिक्रिया त्वरित होनी चाहिए। खंड विकास अधिकारी को स्वयंसेवकों की सूची उपमंडल दंडाधिकारी और उप-पुलिस अधीक्षक के साथ साझा करने का निर्देश दिए गए, ताकि आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों में उनकी मदद ली जा सके। इसी प्रकार, खंड चिकित्सा अधिकारी को सभी सरकारी और निजी एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति

लोक निर्माण, जल शक्ति और विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपदा के दौरान बाधित सेवाओं को जल्द से जल्द बहाल करने के निर्देश दिए गए। मशीनरी को संवेदनशील स्थानों के नजदीक तैयार रखने को कहा।

### आपदा प्रबंधन उपकरण

बैठक के बाद, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने पराला स्थित होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया और वहां उपलब्ध आपदा प्रबंधन से संबंधित उपकरणों का निरीक्षण किया। सभी उपकरण बेहतर स्थिति में पाए गए।

### वैकल्पिक पुल का निरीक्षण

उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने महिपुल के क्षतिग्रस्त पुल और हाल ही में तैयार किए गए वैकल्पिक पुल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को 15 दिन के भीतर वैकल्पिक पुल तैयार करने के लिए बधाई दी।

## शिमला में आरट्रैक ने उत्कृष्ट प्रदर्शनकारी किए सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



सेना के अधिकारी सम्मानित करते हुए।

सेना प्रशिक्षण कमान (आरट्रैक) का अलंकरण समारोह 2025 आज शिमला के डैनफे ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। आरट्रैक के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी), लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने समारोह की अध्यक्षता की, जिसमें प्रशिक्षण वर्ष 2023-24 के उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

तीन 'श्रेणी ए' प्रतिष्ठानों और दो संबद्ध इकाइयों-मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, महू, कॉम्बैट आर्मी एविएशन ट्रेनिंग स्कूल, नासिक, आर्मी एयरबोर्न ट्रेनिंग स्कूल, आगरा और 118 इन्फेंट्री बटालियन ग्रेनेडियर्स को उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित जीओसी-इन-सी सेना प्रशिक्षण कमान इकाई प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया।

वित्तीय प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए मिलिट्री कॉलेज ऑफ मैटेरियल मैनेजमेंट, जबलपुर, काउंटर इंसर्जेंसी जंगल वारफेयर स्कूल, वैरिएनगेट और मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिकंदराबाद को वित्तीय उत्कृष्टता पुरस्कार मिला। वहीं, ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आर्मर्ड कॉर्प्स सेंटर एंड स्कूल, अहिल्यानगर, और एमसीएमएम, जबलपुर को ई-ऑफिस उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

व्यक्तिगत श्रेणी में, लेफ्टिनेंट कर्नल अनुज चंद्र श्रीवास्तव सहित नौ अधिकारियों और जेसीओ को उनके नवाचारों के लिए तकनीकी उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, मुख्यालय आरट्रैक के कर्नल के. सुंदरेश, हिमाचल प्रदेश पुलिस की कांस्टेबल सुनीता देवी, सीपीडब्ल्यूडी के कैलाश चंद, और एमेच्योर ड्रामेटिक्स क्लब के रमेश चंद को उनकी विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

## सरकार प्रदेश में चला रही 'गुंडातंत्र' : गौरव



**अनंत ज्ञान, शिमला।** सामाजिक कार्यकर्ता गौरव कुमार ने कहा है कि उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकारी अधिकारी-कर्मचारी सुरक्षित नहीं हैं, क्योंकि कभी मंत्री अधिकारियों से मारपीट कर रहे हैं तो कभी विधायक और पूर्व विधायक पुलिस अधिकारियों से धक्का-मुक्की कर रहे हैं। कुमार ने पंचायती राज मंत्री द्वारा एनएचएआई अधिकारी पर किए गए हमले को बेहद निंदनीय बताया। उन्होंने इसे लोकतंत्र की आत्मा पर हमला बताते हुए कहा कि जब एक जन प्रतिनिधि अपनी पद की मर्यादा लांघता है और एक सरकारी अधिकारी की पिटाई करता है, तो यह शर्मनाक है।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यही वह संविधान है जो हमें बोलने, काम करने और न्याय पाने की आजादी देता है, जब एक आईआईटी से निकले अधिकारी को उसके कर्तव्य निभाते समय पीटा जाता है। गौरव ने सरकार और प्रशासन से इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा कि यदि मंत्री दोषी पाए जाते हैं, तो उन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए ताकि यह संदेश जाए कि कानून सबके लिए बराबर है।

## मिड-डे मील में हो ताजी खाद्य सामग्री का उपयोग

अनंत ज्ञान, शिमला

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत आज जिला स्तरीय सलाहकार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में उपायुक्त ने स्कूलों में मिड-डे मील के भोजन में ताजी खाद्य सामग्री का इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश दिए।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सभी स्कूलों में पानी उबाल कर ही इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी स्कूल से मिड-डे मील के भोजन में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने फील्ड स्टाफ को निर्देशित किया कि वे स्कूलों में मिड-डे मील के भोजन के सैंपल समय-समय पर एकत्रित करते रहें। डीसी ने आगे कहा कि जिले में बड़े होटल और रेस्तरां की निरंतर सैंपलिंग होती रहनी चाहिए, ताकि लोगों को बेहतरीन और ताजी खाद्य वस्तुएं उपलब्ध हो सकें।

### अप्रैल माह से 30 जून तक 652 पंजीकरण किए

**बैठक** में जानकारी दी गई कि अप्रैल माह से 30 जून तक 652 पंजीकरण हुए हैं, जबकि 7 लाइसेंस जारी किए गए हैं। नगर निगम शिमला के दायरे में 103 पंजीकरण और 12 लाइसेंस दिए गए हैं। दूध और अन्य दुग्ध उत्पादों के 171 सैंपल लिए गए हैं, जिनमें से 131 नगर निगम के दायरे में और 40 जिले भर से हैं। ये सभी सैंपल मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से लिए गए हैं। 9 स्कूलों के मिड-डे मील के सैंपल और स्कूलों के आसपास की दुकानों से खाद्य सामग्रियों के सैंपल लिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग मुख्यालय, एसजेवीएनएल शनान, एसबीआई कसुम्पटी और हिप्पा कैंटीन से भी सैंपल लिए गए हैं।

### उपभोक्ता पुराने मीटरों को करवाए सही नाम पर पंजीकृत

**प्रधानमंत्री** सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आज शिमला में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। इस योजना का उद्देश्य सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर बिजली की बचत करना और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना है। बैठक में मॉडल सोलर विलेज घटक पर भी चर्चा हुई। शिमला जिले में त्यावल, छकड़ेल, नेरवा और सुंदा भौरा गांवों में से किसी एक को मॉडल सोलर विलेज के रूप में चयनित किया जाएगा। अधिकारियों को इन पंचायतों में जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने बिजली उपभोक्ताओं से अपने पुराने मीटरों को सही नाम पर करवाने की अपील भी की, जिसके लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

## सेब सीजन के दौरान माल ढुलाई की दरें निर्धारित

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, कुमारसैन।** उपमंडलाधिकारी (ना.) कुमारसैन मुकेश शर्मा द्वारा सेब सीजन के दौरान माल ढुलाई के लिए ट्रकों, मिनी ट्रकों, टाटा-407, आयशर तथा पिकअप की दरें निर्धारित कर अधिसूचना जारी की है।

अधिसूचना के तहत उपमंडल क्षेत्र से दिल्ली के लिए छः या इससे अधिक टायर वाले ट्रकों की माल ढुलाई दर प्रति किलोमीटर प्रति क्विंटल 1.00 रुपए निर्धारित की गई है। चंडीगढ़ तक 4 पहिया वाहन टाटा-407 एवं आयशर की माल ढुलाई दर प्रति किलोमीटर प्रति क्विंटल 1.60 रुपए, 30 किलोमीटर से अधिक के रूट पर चलने वाली पिक-अप की माल ढुलाई दर प्रति किलोमीटर प्रति क्विंटल 2.80 तथा 30 किलोमीटर तक के स्थानीय लिंक रूट की पिकअप की माल ढुलाई दर प्रति किलोमीटर प्रति क्विंटल 3.40 रुपए निर्धारित की गई है।

# नड्डा के पिता डॉ. नारायण लाल के शतायु समारोह में उमड़ा सैलाब

## कार्यक्रम में राज्यपाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग, जयराम ठाकुर सहित कई हस्तियां हुईं शामिल

अनंत ज्ञान टीम, बिलासपुर/झंडूता

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के पिता डॉक्टर नारायण लाल नड्डा ने आज अपनी जिंदगी के 100 साल पूरे किए। झंडूता उपमंडल के विजयपुर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा मौजूद रहे। पौत्र हरिश नड्डा ने भावुक होते हुए कहा कि हमारे दादाजी ने आज अपने जीवन के 100 वर्ष पूरे किए हैं।

मैं ईश्वर से उनकी दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। उनके संस्कारों और विचारों के साथ नड्डा परिवार हमेशा आगे बढ़ता रहेगा। इस खुशी के मौके पर शामिल होने वाले सभी साथियों का में तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूं। वहीं, 'नारायण कृष्णा फाउंडेशन' की स्थापना की भी घोषणा की गई, जिसके माध्यम से 16 से 20 वर्ष की आयु वर्ग के विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रतियोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किए जाएंगे।

समारोह में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने भी विशेष रूप से उपस्थित होकर डॉ. नारायण लाल नड्डा को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भाजपा के शीर्ष नेताओं का जमावड़ा देखने को मिला। बधाई देने वालों में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, हिमाचल भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, विपिन परमार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, सतपाल सत्ती, जीतराम कटवाल, त्रिलोक जम्वाल आदि नेता मौजूद रहे।



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के पिता डॉ. नारायण लाल नड्डा के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे राज्यपाल शुक्ल।

### राज्यपाल ने प्रो. नारायण लाल नडडा को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने वीरवार को जिला बिलासपुर के विजयपुर में केंद्रीय स्वास्थ्य, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के आवास पर आयोजित पारिवारिक समारोह में भाग लिया। उन्होंने प्रो. नारायण लाल नड्डा को शतायु होने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु, स्वस्थ तथा सक्रिय जीवन की कामना की। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी राज्यपाल के साथ उपस्थित थीं। राज्यपाल ने कहा कि प्रोफेसर नारायण लाल नड्डा का जीवन अनुभव, मूल्यों और संस्कारों की सजीव मिसाल है। राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और उनके परिजनों से भी भेंट की।

### तीन पीढ़ियों के साथ किया शतायु पूजन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। विजयपुर स्थित नड्डा निवास वीरवार को आध्यात्मिक उल्लास और भावनात्मक समर्पण का केंद्र बन गया, जब प्रोफेसर डॉक्टर नारायण लाल नड्डा ने अपने जीवन के सौ वर्ष पूरे किए। इस शुभ अवसर पर भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित देश और प्रदेश के अनेक गणमान्य नेता एवं परिजन सम्मिलित हुए। डॉ. नारायण लाल नड्डा ने अपनी तीन पीढ़ियों के साथ शतायु पूजन किया। दोपहर को आयोजित भजन संध्या में दिल्ली से पधारे प्रसिद्ध संकीर्तन गायक अजय भाई ने समां बांधा।

## नड्डा के बिलासपुर आने पर ही क्यों होते बंबर ठाकुर पर हमले : नंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी करण नंदा ने कांग्रेस नेता बंबर ठाकुर पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जब देखो कांग्रेस की इस नेता के ऊपर जानलेवा हमले होते रहते हैं। यह हमले तभी होते हैं, जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमाचल आते हैं या आने वाले होते हैं। खुद शूटर को हायर करना और अपने पर गोली चलवाना बंबर ठाकुर का ट्रेंड बन गया है, पर अब जनता ठगी नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि सवाल तो यह उठता है कि बार-बार बंबर ठाकुर पर ही हमले क्यों होते हैं, वह मुख्यमंत्री तो है नहीं, जब हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पर हमले नहीं हो रहे हैं तो आप क्या मुख्यमंत्री से ऊपर हैं। बंबर ठाकुर ने बिलासपुर में एक ड्रामा किया, वह राजनीति से प्रेरित था, पहले तो वह डीसी ऑफिस के पास धरना देने इस समय गए, जब भाजपा के दिग्गज नेता जगत प्रकाश नड्डा का काफिला सामने से आ रहा था, जब पुलिसकर्मी को लगा कि जगत प्रकाश नड्डा जिनके पास जेड प्रोटेक्शन है। उन्होंने उनको रोकने का कार्य किया, पर कांग्रेस नेता ने वर्दी पहने पुलिस अफसर पर हाथ उठाया और धक्का दिया यह गलत है। उन्होंने कहा कि भाजपा मांग करती है कि इस कांग्रेस नेता के ऊपर कड़ा केस दर्ज होना चाहिए।

## चांगुरु बस्ती में पेयजल संकट, डीसी से मिले लोग



**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** हिमुडा निदेशक मंडल के सदस्य जितेंद्र चंदेल की अगुवाई में चांगुरु बस्ती के लोगों ने वीरवार को उपायुक्त राहुल कुमार से भेंट की और क्षेत्र में पेयजल समस्या को उनके समक्ष उठाया। जितेंद्र चंदेल ने डीसी को अवगत करवाया कि चांगुरु बस्ती में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस्ती के लिए बोरवेल की आवश्यकता है, ताकि नियमित व स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। डीसी ने लोगों को आश्वासन दिया कि पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

## स्टेज कैरिज रूट्स के लिए आवेदन तिथि बढ़ी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा चयनित 350 बस रूटों पर स्टेज कैरिज वाहनों (टेंपो ट्रैवलर) के संचालन के लिए पूर्व में 9 जून से 30 जून, तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब विभाग द्वारा इन रूटों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 14 जुलाई कर दी गई है। सूची तथा रूट आवंटन प्रक्रिया से संबंधित सभी नियम एवं शर्तें विभाग की वेबसाइट https://himachal.nic.in/transport पर उपलब्ध हैं। अधिसूचित 350 रूटों में से 21 रूट जिला बिलासपुर से संबंधित हैं।

## पेयजल की गुणवत्ता सुधारने को चलेगा अभियान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बरसात के मौसम में पेयजल स्रोतों के दूषित होने की आशंका के मद्देनजर जल शक्ति विभाग घुमारवीं ने क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सख्त और प्रभावी कदम उठाए हैं। विभाग ने स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता मस्तराम चौहान ने बताया कि उपमंडल घुमारवीं के तहत आने वाली समस्त पेयजल योजनाओं का निरीक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सभी जलाशयों, टैंकों और पाइपलाइनों की गहन सफाई की गई है, ताकि बरसात के दौरान दूषित जल आपूर्ति की कोई संभावना न रहे।

## लोगों को करें स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** श्री नयना देवी जी में वर्ल्ड हेरिटेज फाउंडेशन एवं क्लीयर मेडी हेल्थकेयर की ओर से आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनएसएस इकाई ने भाग लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि एनएसएस इकाई के 27 स्वयंसेवियों ने स्वास्थ्य जांच शिविर में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ ऐसी गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियों का समग्र विकास होता है। आप स्वयंसेवियों ने जिस संकल्प के साथ सेवा की भावना को अपनाया है, जिससे आप सभी को चारित्रिक बल मिलेगा। आप सभी इस शिविर में भाग लेकर लोगों को स्वास्थ्य जांच के लिए जागरूक करें और अपने स्वास्थ्य की जांच भी अवश्य करवाएं।

## गुजरात में मिली लापता नाबालिग युवती

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं के तहत 22 जून को लापता हुई प्रवासी नाबालिग को पुलिस ने गुजरात से बरामद कर लिया है। नाबालिग को साथ ले जाने वाले युवक को भी पुलिस पकड़कर ले आई है और मामले की जांच जारी है। नाबालिग अपने परिवार के साथ घुमारवीं क्षेत्र में रहती है। लड़की के माता-पिता मजदूरी का काम करते हैं। लड़की के अचानक घर से गायब होने के बाद लड़की के पिता ने बिहार के रहने वाले एक प्रवासी पर भगा ले जाने की शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में पुलिस को सुराग मिले कि आरोपी युवक लड़की को गुजरात ले गया है। घुमारवीं थाना पुलिस ने एक टीम को गुजरात के भूज जिले के खवाड़ा दोराडो क्षेत्र के लिए रवाना किया। पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता से उक्त स्थान पर दबिश देकर युवक और नाबालिग को बरामद कर लिया। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने पुष्टि की है।

## चित्रकला स्पर्धा में दीक्षा ने झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आदर्श शिक्षा महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तहत ड्रग एब्यूज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। चित्रकला मे आठ प्रशिक्षु छात्रों व निबंध लेखन प्रतियोगिता में भी आठ प्रशिक्षु छात्रों ने भाग लिया। चित्रकला स्पर्धा में दीक्षा चैधरी ने प्रथम, नीतिका ने दूसरा व कृतिका ने तृतीय व निबंध लेखन प्रतियोगिता में अंकित ने प्रथम, रिया ने द्वितीय तथा शिवाली शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## नगर परिषद बिलासपुर के वार्डों का अंतिम परिसीमन आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** प्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 2015 के तहत नगर परिषद बिलासपुर के वार्डों का अंतिम परिसीमन आदेश जारी कर दिया गया है। डीसी राहुल कुमार ने बताया कि नगर परिषद बिलासपुर के वार्डों के परिसीमन के संबंध में आपत्तियां व सुझाव आमंत्रित किए गए थे। उपायुक्त ने बताया कि नोटिस में नगर परिषद बिलासपुर के नागरिकों को 7 दिन का समय प्रदान किया गया था, ताकि वे परिसीमन के प्रस्ताव पर अपनी आपत्तियां अथवा सुझाव प्रस्तुत कर सकें। निर्धारित अवधि के दौरान डीसी कार्यालय और नगर परिषद बिलासपुर के कार्यालय में इस विषय में कोई भी आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त नहीं हुए। उन्होंने कहा कि नियमानुसार प्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 2015 के नियम 9 के अंतर्गत नगर परिषद बिलासपुर के वार्डों का अंतिम परिसीमन आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार, अब नगर परिषद बिलासपुर में कुल 11 वार्ड होंगे, जिनके निहाल (वार्ड-1), स्टेडियम (वार्ड-2), रौड़ा (वार्ड-3), गुरुद्वारा (वार्ड-4), मेन मार्किट (वार्ड-5), कोसरियां (वार्ड-6), चंगर (वार्ड-7), लक्ष्मी नारायण मन्दिर (वार्ड-8), टाउन हाल (वार्ड-9), घौलरा (वार्ड-10) तथा लखनपुर (वार्ड-11) होंगे। डीसी ने कहा कि परिसीमन आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होगा।

## महिला आयोग की अध्यक्ष नेगी ने किया बिलासपुर के वन स्टॉप सेंटर का विजिट





प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने पौधा लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**हिमाचल** प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने बिलासपुर के वन स्टॉप सेंटर का विजिट किया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा, सीडब्लयूसी की चेयरपर्सन तृप्ता ठाकुर, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक वंदना शर्मा, पैरालीगल शिवाली शर्मा, काउंसलर नीलम शर्मा और केस वर्कर मंजूबाला आदि ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और मां नयनादेवी की प्रतिमा भी भेंट की। विद्या नेगी ने वन स्टॉप सेंटर की ओर से पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी हासिल की। विद्या नेगी ने वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली, सेवाओं और सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्हें बताया कि यहां महिलाओं को कानूनी सहायता, काउंसिलिंग, अस्थायी आश्रय और अन्य हरसंभव मदद दी जाती है। महिला आयोग अध्यक्ष ने वन स्टॉप सेंटर के कार्य पर संतोष जताया और स्टाफ की मेहनत की भी सराहना की। वहीं, सेंटर के परिसर में पौधा लगाकर विद्या नेगी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया और लोगों के लिए एक संदेश भी दिया। विद्या नेगी ने राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं जैसे सखी वन स्टॉप सेंटर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और निर्भया योजना आदि की जानकारी साझा की। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर टीम को अपना हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

## एएसडीसी गागल सेंटर में असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन के तीसरे बैच का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**एएसडीसी** गागल सेंटर में असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन कोर्स के तीसरे बैच का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कंपनी की ओर से सभी प्रशिक्षुओं को नि:शुल्क पुस्तकें और टी-शर्ट वितरित की गईं। कार्यक्रम में सेंटर हेड विनय मेहता, प्रशिक्षक सुभाष शर्मा, तथा ड्रोन ट्रेनर अमन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को अध्ययन सामग्री और टी-शर्ट प्रदान की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विनय मेहता ने कहा एएसडीसी गागल युवाओं को कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। यह तीसरा बैच हमारी प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। हमें विश्वास है कि ये प्रशिक्षु भविष्य में बेहतरीन कार्य करेंगे।





कंपनी की ओर से प्रशिक्षुओं को पुस्तकें और टी-शर्ट वितरित की गईं।

## न्यूज ब्रीफ

### कल होगी हिम आंचल पेंशनर्स संघ बनीखेत ब्लॉक की बैठक

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिमाचल पेंशनर्स संघ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार कोड़ा ने बताया कि हिमाचल पेंशनर्स संघ बनीखेत ब्लॉक की बैठक 5 तारीख को एचपी पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बनीखेत में ब्लॉक प्रेसिडेंट एमएल अरोड़ा की अध्यक्षता में होगी जिसमें कि पेंशनर्स के बारे में जरूरी बातों पर चर्चा की जाएगी, इसलिए सभी पेंशनर्स सदस्यों को विनती की जाती है की बैठक में पहुंचने की कृपा करें ।

### सिराज के लोग सबसिडी पर कर सकेंगे रोप-वे की यात्रा

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** सिराज विधानसभा क्षेत्र की बाढ़ प्रभावित 12 पंचायतों के लोगों को पडोह बगलामुखी रोप-वे में सबसिडी रोप-वे यात्रा 2 जूलाई से ही आरम्भ कर दी गई है। जिससे इन बाढ़ पिडित हजारों लोगों को जहां यातायात सुविधा मिल रही है वहीं इन्हें आर्थिक बोझ से भी बड़ी राहत मिली है। कुकलाह पंचायत उप प्रधान रेवती ठाकुर ने बताया कि रोप-वे संचालक आईटीडीसी ने जनहित में यह बड़ा फैसला लिया है। जो काबिले तारीफ है। बता दें कि इस मांग को पुर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने भी ज़ोरदार तरीके से उठाया था। उन्होंने कहा कि जब तक बाढ़ प्रभावित लोगों की आवाजाही के सभी साधन पुनः सुचारू नहीं होते हैं तब तक यातायात का सबसे बेहतर साधना यह रोप-वे है। कुकलाह पुल पडोह सराची सड़क मार्ग का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण साधन था। जो पुरी सराज घाटी और जिला मुख्यालय मंडी को जोड़ने वाला एकमात्र सेतू था। यहां से सराची के लिए सुगम सस्ता सड़क मार्ग है। मगर इस पुल के बह जाने से अब लोग बहुत परेशान हैं। इतना ही नहीं पडोह सराची सड़क मार्ग पडोह डैम से ले कर कुकलाह तक दर्जनों स्थानों से नामोनिशान मिट गया है। अब पंडोह बगलामुखी रोप-वे पडोह-सराची सड़क पर यात्रा करने वाले लोगों का एकमात्र साधना है। इस सम्बन्ध में आर टी डीसी के डीएम मुनिष जी ने बताया कि हमनें सरकार के आदेशानुसार 2 जुलाई 2025 से ही बाढ़ प्रभावित 12 पंचायतों के लोगों को सब्सीडी दरों पर यात्रा के आदेश जारी कर दिए हैं। ये तब तक जारी रहेंगे जब तक प्रभावित परिवारों के परिवहन साधना फ़िर से। सुचारू नहीं हो जाते । उन्होंने कहा कि पडोह से बगलामुखी के लिए 150 और आने-जाने के 250 रुपए लिए जाते हैं। अब इन पिडित परिवारों से 20 और 30 आना- जाना 50 रुपए मात्र प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है।

### करसोग में प्रभावितों को राहत राशि की वितरित

**पीयूष, अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग में हुई बादल फटने की घटना और भारी बारिश से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गत दिवस मंडी जिले के दौरे के उपरांत राहत एवं बचाव अभियान ने और गति पकड़ी है। एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार प्रभावितों को अब तक एक लाख 92 हजार 500 रुपए की राहत राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवारों को प्रशासन की ओर से लगभग 81 तिरपाल, 36 कम्बल और 10 राशन किट बांटी गई हैं। उन्होंने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा से 100 से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं। जल शक्ति विभाग के एक्सियन के.के.शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में कुल 144 पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई थीं, जिनमें से अभी तक 52 पेयजल योजनाओं को बहाल कर दिया गया है। एक्सईएन लोक निर्माण विभाग सुरेश चंदेल ने बताया कि क्षेत्र की 10 मुख्य सड़कों को आवाजाही के लिए पूरी तरह से बहाल कर दिया गया है। विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता चंद्रमणि शर्मा ने बताया कि आपदा के कारण क्षेत्र में लगभग 420 ट्रांसफार्मर बंद हुए थे, जिनमें से 380 को पुनः ठीक कर विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया गया है।

### सुन्नी में पेंशनरों ने मांगों को लेकर की बैठक

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की सुन्नी यूनिट की विशेष बैठक यूनिट के अध्यक्ष ऋतु राज शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को सुन्नी स्थित यूनिट कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मस्त राम,उपाध्यक्ष दुली चंद, नोखराम,कोषाध्यक्ष हेत राम, मुख्यासलाहकार सी एल गुप्ता,महासचिव बाबूराम शर्मा, सदस्य टैल दास, तुलसी राम, प्रेम लाल, अमी चंद, खीमि राम, विनोद कुमार, अमर सिंह और नोके राम सहित लगभग 50 पेंशनरों ने अपनी समस्याओं पर मंथन किया। इस दौरान पेंशनरों द्वारा हर वर्ष जिलेवार कोषागार कार्यालय में जमा करवाए जाने वाले जीवन प्रमाण पत्र भी आबंटित किए गए तथा उपस्थित पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने का सरकार द्वारा निर्धारित समय बारे भी जानकारी दी गई । इसके अतिरिक्त बैठक में वर्ष 2025-2026 का सदस्यता शुल्क भी एकत्रित किया गया और नए सदस्यों को यूनिट की सदस्यता ग्रहण करने के लिए भी आमंत्रित किया गया। बैठक में पेंशनर्स के समस्त हितों पर विस्तृत चर्चा की गई और बैठक के माध्यम से वर्तमान सरकार तक पेंशनरों की लंबित मांगों को बुलंद किया गया । इस दौरान सरकार द्वारा 70 से 75 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनरों को 30 फीसदी लाभ दिए जाने के लिए सरकार का धन्यवाद किया गया । संगठन द्वारा सरकार से वर्ष 2016 से 2022 के मध्य जो सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों को मिलने वाले वित्तीय लाभ की जल्द बहाली की भी गुहार लगाई गई । पेंशनरों की चिरलंबित मांग में अतिरिक्त मंहगाई भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल शीघ्र अतिशीघ्र अदा करने की भी मांग की गई ।



### सूडोकु नवताल- 7480

*सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7479 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

4 जुलाई, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (क्रोधी), **मास** : आषाढ़, **तिथि** नवमी (16:32): **नक्षत्र** चित्रा (16:50), **पक्षः** शुक्ल, योग : शिव (19:36) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:54-12:50), **राहुकाल** (10:30-12:00)।

### विशेष दिन

- 4 जुलाई : भडल्या नवमी आज।
- 4 जुलाई : गुप्त नवरात्र आज होंगे पूर्ण।

**मेष:** व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**वृषभ:** दिन-भर उत्साह रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं।

**मिथुन:** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क:** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**सिंह :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**कन्या :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**तुला:** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिक:** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**धनु:** सुख आरोग्य प्रभावित होगा। गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मकर :** स्वविवेक से कार्य करें। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**कुंभ :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मीन :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

# हिमालयन गोरल का अवैध शिकार करने पर दो गिरफ्तार



काबू किए गए आरोपी विभाग की टीम के साथ।

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** ग्राम गुराड़, डाकघर समरा, धरवाला क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची–1 में सूचीबद्ध दुर्लभ प्रजाति हिमालयन गोरल के अवैध शिकार के मामले में दो आरोपियों को 2 जुलाई 2025 को दोपहर लगभग 12:30 बजे रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

शिकायत प्राप्त होते ही वन रक्षक विनोद और नवीन मौके पर पहुंचे और दोनों आरोपियों को गोरल के मांस सहित पकड़ लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपियों के निवास स्थान से एक बंदूक भी बरामद की गई, जिससे साफ है कि यह शिकार सुनियोजित था। वन विभाग द्वारा आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है। यह पूरी कार्रवाई वन मंडलाधिकारी चंबा, कृतज्ञ कुमार के सख्त निर्देशों और वन्यजीव अपराधों के प्रति उनकी जीरो टॉलरेंस नीति के चलते संभव हो सकी। उन्होंने ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने का स्पष्ट संदेश दिया है।

## चोरी की 20 भेड़ों सहित आरोपी काबू

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान, भटियात।** पुलिस थाना चुवाड़ी के तहत एक पिकअप जीप से 20 भेड़ों सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस थाना चुवाड़ी में शिकायतकर्ता गफूर हुसैन ने शिकायत दर्ज करवाई कि गत रात जोत से उसकी 20 भेड़ें चोरी हो गई थी। जिन्हें पुलिस द्वारा चुवाड़ी के पास काली घार से बरामद कर लिया गया है। गफूर हुसैन ने बताया कि वह किसी काम से बाहर गया था। जब सुबह उसकी पत्नी घर के बाड़े में गई तो उसने देखा कि बाड़े का दरवाजा खुला था और बाड़े में भेड़े नहीं थी, जिसकी सूचना गफूर को दी। गफूर हुसैन ने जानकारी पुलिस थाना चुवाड़ी व अपने भतीजे कर्म दीन को दी। कर्म दीन ने पुलिस थाना में बताया कि एक पिकअप जीप चुवाड़ी से लाहडू की ओर गई है। जिसे ही पुलिस थाना चुवाड़ी ने काली घार के रोका तो एचपी 38 सी 7207 में भेड़े पाई गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चालक गुलजार मौहम्मद पुत्र हसन दीन जवाली जिला कांगड़ा को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि डीएसपी चुवाड़ी योगराज चंदेल ने की है।

## सलूणी में एक डॉक्टर के कंधों पर मरीजों की जिम्मेदारी : सोनू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने बीजेपी–कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा की सलूणी तहसील की दुर्दशा अब किसी से छिपी नहीं रही। एक ओर जहां सिविल अस्पताल सलूणी में 50 हजार लोगों की जिम्मेदारी सिर्फ एक डॉक्टर के कंधों पर है, वहीं किहार अस्पताल में तो वह एकमात्र डॉक्टर भी उधार का है। यह हालत उस समय है जब भाजपा के विधायक सत्ता में होने का जश्न मना रहे हैं।



सलूणी के नए अस्पताल भवन का कार्य तीन साल से अधूरा पड़ा है। जब जनता इलाज के लिए दर–दर भटके तो यह सरकारों की 'विकास' की पोल खोलता है। सोनू ठाकुर ने कहा जनता पूछ रही है, आखिर कब सुधरेंगे सलूणी और किहार के हालात, कब मिलेगा उन्हें बेहतर इलाज ? आम आदमी पार्टी मांग करती हे की सलूणी और किहार अस्पताल में तुरंत डॉक्टरों, स्टाफ नर्स और फार्मासिस्ट की नियुक्ति की जाए, और सलूणी अस्पताल के भवन का लंबित कार्य तत्काल पूरा किया जाए।

# दिघाई पंचायत मार्ग पर लगवाई गई रेलिंग, लोगों को मिली राहत

**अनंत ज्ञान, चंबा**

ग्राम पंचायत दिघाई, तहसील सलूणी (चंबा) में एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग पर रेलिंग का कार्य वर्षों से लंबित था। यह मार्ग न केवल स्थानीय स्कूल को जोड़ता है, बल्कि पूरे गांव की आमजनता की आवाजाही का प्रमुख रास्ता है। इस मार्ग पर किनारे की ओर गहरी ढलान है, जिससे हमेशा हादसे का खतरा बना रहता था। विशेष रूप से बरसात के मौसम में यह रास्ता बेहद फिसलन भरा और असुरक्षित हो जाता है। इसी मार्ग पर ग्राम पंचायत की ही एक स्थानीय महिला पिंकी कुछ महीने पहले फिसलकर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं और उनके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया था। यह घटना गांव के लिए एक चेतावनी की तरह थी, लेकिन फिर भी पंचायत के जिम्मेदार प्रतिनिधियों प्रधान और उपप्रधान द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।



अंजू धीमान।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्राम भेडोग की समाजसेविका अंजू धीमान ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और आगे आकर व्यक्तिगत स्तर पर पहल की। उन्होंने न केवल प्रशासनिक चुप्पी को चुनौती दी, बल्कि समाजसेवी प्रवीण टंडन के सहयोग से रेलिंग के कार्य को शुरू करवाया और उसे पूरा करवा कर ही दम लिया। इस कार्य के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था भी प्रवीण टंडन द्वारा की गई। अब इस मार्ग पर रेलिंग लगने के बाद न केवल स्कूली बच्चों की आवाजाही सुरक्षित हो गई है, बल्कि ग्रामीण बुजुर्ग, महिलाएं और अन्य आमजन भी राहत की सांस ले रहे हैं।

अंजू धीमान का यह प्रयास एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है कि जब तंत्र निष्क्रिय हो जाए, तो जागरूक नागरिक भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उनका यह कार्य सामाजिक जिम्मेदारी, सेवा भाव और नारी शक्ति का प्रतीक बन चुका है, जिसकी सराहना पूरे क्षेत्र में की जा रही है।

रेलिंग लगने से जहां अब हादसों पर अंकुश लगेगा, वहीं यह रास्ता ग्राम पंचायत की सुरक्षा और विकास की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा रहा है।

## ग्राम पंचायत चाड़ी निवासी ने डीसी चंबा को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विकास खंड मेहला की ग्राम पंचायत चाड़ी के निवासी अर्जुन कुमार ने जिला उपायुक्त चंबा मुकेश को खाद वितरण में कथित अनियमितताओं को लेकर एक गंभीर मुद्दा उठाया है। अर्जुन का कहना है कि खाद भंडार कुराह, विकास खंड मेहला में किसानों से खाद की एक बोरी का 350 तक मूल्य वसूला जा रहा है, जबकि संबंधित सरकारी गोदाम में उसी खाद का मूल्य 266.50 बताया गया है।

**खाद की दरों में अनियमितता का आरोप**

उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस मूल्य अंतर को लेकर संबंधित गोदाम में पूछताछ की, तो वहां मौजूद कर्मचारी ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि 'हमने मेहला वालों को इसी दर से दिया है', जोकि अधिकारी की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने उपायुक्त से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# भूस्खलन की वजह से घर में सो रहे एक व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जिला की जडेरा पंचायत के क्लयू गांव में देर रात भारी बारिश की वजह से भूस्खलन की चपेट में एक मकान आने से एक व्यक्ति की मौत और एक घायल हुआ। देर रात करीब 1:00 बजे मूसलाधार बारिश से सड़क से नीचे भूस्खलन की वजह से एक मकान में सो रहे दो लोग इसकी चपेट में आ गए।



आसपास के गांव वाले आवाज सुनकर जब मौके पर पहुंचे तो वहां पर एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हुई थी दूसरे को उन्होंने निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर मृतक व्यक्ति को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा भेजा और प्रशासन ने राहत के तौर पर मृतक व्यक्ति के परिजनों को राहत राशि प्रदान की। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन व लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया है कि जहां पर एक सही तरीके से नाली बनाई जाए, क्योंकि यहां पर और भी बहुत से ऐसे घर है जिन्हें खतरा हो सकता है।

# बास्केटबॉल क्लब ने डीसी को बताई समस्याएं

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिव भूमि बास्केटबॉल क्लब के अध्यक्ष गौरव चोपड़ा और उपाध्यक्ष राहुल सहगल ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपासवाल को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में उन्होंने जिले में बास्केटबॉल खेल से जुड़ी कई अहम समस्याओं को उजागर किया। उन्होंने बताया कि चंबा में न तो कोई प्रशिक्षित कोच उपलब्ध है और न ही अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बास्केटबॉल कोर्ट, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास करने में दिक्कतें आती हैं।



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए बास्केटबॉल क्लब के सदस्य।

उन्होंने यह भी कहा कि जब खिलाड़ी बाहरी प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं, तब उन्हें असली अंतर का एहसास होता है, बावजूद इसके चंबा के युवाओं ने अपनी मेहनत और लगन से राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल भी जीते हैं। विशेष रूप से द्वद्व चंबा के छात्रों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि जिले में बास्केटबॉल को लेकर आधारभूत ढांचे का विकास किया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मिनजर मेले में बास्केटबॉल टूर्नामेंट को भी शामिल करने की मांग की, ताकि युवाओं को एक मंच मिल सके और जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल खेल को बढ़ावा देगी, बल्कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में भी सहायक सिद्ध होगी।

# सितंबर तक विकास कार्यों को पूरा करने के आदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा चंबा जिला में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा को लेकर खंड विकास अधिकारी कार्यालय चुवाड़ी के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया।



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ।

बैठक में विभिन्न खंड विकास अधिकारियों एवं जिला विकास कार्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

उपायुक्त ने बैठक के दौरान मनरेगा, पीएम आवास योजना–ग्रामीण, आजीविका मिशन, 14वें वित्त आयोग, सहित अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को माह सितंबर से पहले जारी विभिन्न विकास विकासात्मक को पूरा करने के भी निर्देश दिए।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए और कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता तथा समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में विभागीय समन्वय, निगरानी और जन भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, जिला विकास अधिकारी ओपी ठाकुर, अर्थशास्त्री विनोद कुमार सहित विभिन्न खंड विकास अधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग के सहायक अभियंता एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी–उपस्थित रहे।

# नन्ही दृष्टि ने लौटाया लाखों का मंगलसूत्र, समाज के लिए बनी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

एक नन्ही बच्ची दृष्टि ने ईमानदारी और समझदारी की मिसाल पेश करते हुए समाज के लिए प्रेरणा बनी है। दृष्टि, जो कपिल देव और उनकी धर्मपत्नी वंदना कुमारी की सुपुत्री हैं, मंगलवार की शाम लक्ष्मी नारायण मंदिर से लौटते वक्त डोगरा बाजार में एक मंगलसूत्र जमीन पे गिरा हुआ मिला।



नन्ही बच्ची दृष्टि।

जांच के बाद स्पष्ट हुआ कि मंगलसूत्र 22 कैरेट असली सोने का है, तो दृष्टि के पिता कपिल और माता वंदना कुमारी ने इसे उसके असली मालिक तक पहुंचाने का निर्णय लिया। उन्होंने चंबा की प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था प्रेरणा–द इंस्पिरेशन के अध्यक्ष दीपक भाटिया से जानकारी साझा की। दीपक भाटिया ने इस नेक कार्य को अपने फेसबुक पृष्ठ पर पोस्ट कर यह अपील की कि जिस किसी का मंगलसूत्र गुम हुआ है, वह उचित प्रमाण लेकर संपर्क करे। बुधवार को मंगलसूत्र उस महिला को सौंपा गया जिनका यह वास्तव में था। बताया गया कि वह महिला पेशे से जेबीटी अध्यापिका हैं।

## पंजाब रोडवेज बस की ब्रेक हुई फेल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे पर बनीखेत के समीप उस वक्त माहौल तनावपूर्ण हो गया जब पंजाब रोड़वेज बस की ब्रेक फेल हो गई। चालक ने होशियारी बरतते हुए बस को पहाड़ी से टकरा दिया। इससे बस हाईवे पर ही रूक गई। बस में चालक और परिचालक के अलावा कोई भी यात्री सवार नहीं था। बताया जा रहा है कि यह बस डलहौजी से पठानकोट के लिए वापिस जा रही थी। इस हादसे में चालक और चालक सुरक्षित है।

# बनीखेत व्यापार मंडल ने एसडीएम डलहौजी को सौंपा रोष पत्र

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान**

**डलहौजी।** बनीखेत में चल रहे आषाढ़ नाग देवता मेले को लेकर बनीखेत व्यापार मंडल ने एक रोष पत्र एसडीएम डलहौजी को सोपा है। व्यापार मंडल के सदस्यों का कहना है की पद्दर मैदान में प्रवासियों द्वारा लगाई गई दुकानों का जो समय निर्धारित किया गया था वह पूरा हो चुका है । लेकिन अभी भी यह दुकाने वैसी की वैसी ही सजी है, जिससे कि स्थानीय दुकानदारों की उनकी दुकानों में बिल्कुल भी सेल नहीं है।

दुकानदारों को घाटा उठाना पड़ रहा है। सभी दुकानदारों ने एसडीएम डलहौजी से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द इन दुकानों को हटाया जाए, ताकि स्थानीय दुकानदार अपनी दुकानों का किराया निकाल सके और उन्हें आर्थिक नुकसान का भी सामना न करना पड़े । व्यापार मंडल के प्रधान संजीव ठाकुर ने सभी दुकानदारों के साथ मिलकर यह रोष पत्र एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज को सौंपा है । वहीं दूसरी ओर प्रवासी दुकानदारों का कहना है कि जब से मेला लगा है रोज तूफानी बारिश के कारण लोग समान नहीं खरीद रहे हैं, इसलिए उन्होंने भी प्रशासन से गुहार लगाई है कि दुकानों के कुछ दिन और बढ़ा दिए जाएं ।

**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं, अंजना देवी,** पत्नी तेजा सिंह, निवासी गांव शेउगी, डाकघर तांदी, उपतहसील नित्थर ,जिला कुल्लू, हल्फ़न बयान करती हूं कि मेरी पुत्री एंजल ठाकुर के नाम की स्पेलिंग स्कूल और अन्य रिकॉर्ड में ANJAL THAKUR दर्ज है, जो सही है। जबकि आधार कार्ड में गलती से ANGEL दर्ज हो गयी है। जिसे आधार कार्ड में ANJAL THAKUR अपडेट कर दिया जाए। जो सर्वदा मान्य होगी।

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकद्दमा न.- 21/NT/2025
तारीख पेशीः 29.07.25
Pran Oraon S/o Mangna Praon R/o Vill. Khardewri, Patratoli, P.S Narkopi Sero Ranchi Jharkhand -835325 हाल निवासी वार्ड नम्वर 5, नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।

**बनाम** **आम जनता**

प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969
Pran Oraon S/o Mangna Praon R/o Vill. Khardewri, Patratoli, P.S Narkopi Sero Ranchi Jharkhand -835325 हाल निवासी वार्ड नम्वर 5, नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी की पुत्री रशमी (Reshmi) का जन्म वार्ड नम्वर 5, नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर में दिनांक 21.09.2003 को हुआ है, लेकिन सम्बन्धित नगर निगम पालमपुर के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 29.07.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपत्ती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी की पुत्री के जन्म पंजीकरण के आदेश नगर निगम पालमपुर, को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 01.07.25 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न.- 71/NT/2025
तारीख पेशीः 11.07.2025
सुदर्शना कुमारी पुत्री लखू राम हाल पत्नी सतीश कुमार निवासी गांव घुघर नाला, डाक घर व तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।

**बनाम** **आम जनता**

प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969
सुदर्शना कुमारी पुत्री लखू राम हाल पत्नी सतीश कुमार निवासी गांव घुघर नाला, डाक घर व तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी का जन्म गांव घुघर, तहसील पालमपुर में दिनांक 15.02.1981 को हुआ है, लेकिन सम्बन्धित ग्राम पंचायत घुघर, हाल नगर निगम पालमपुर के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 11.07.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपत्ती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश नगर निगम पालमपुर, को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 10.06.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर ।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न.- 27/NT/2025
तारीख पेशीः 09.07.2025
पवना देवी पुत्री सीणू राम हाल पत्नी ओम प्रकाश निवासी गांव व डाक घर बाग, तहसील लडभडोल, जिला मण्डी हि.प्र.।

**बनाम** **आम जनता**

पवना देवी पुत्री सीणू राम हाल पत्नी ओम प्रकाश निवासी गांव व डाक घर बाग, तहसील लडभडोल, जिला मण्डी हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी का जन्म गांव व डाक घर पडियारखड, तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा में दिनांक 01.01.1970 को हुआ है, लेकिन सम्वन्धित ग्राम पंचायत पडियारखड, के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 09.07.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश ग्रांम पंचायत पडियारखड को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 01.07.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर ।**

**Next Date of Hearing 13.01.2025**
**Publication published on or before 06.01.2025**
Proclamation under Order 5, Rule 20, C.P.C.
**In The Court Of Mrs. Megha Sharma Civil Judge Jogindernagar, Distt. Mandi, H.P.** C.S. No. 263/2024
**In the matter of:-** Aniket Verma (Minor) s/o Balbir Singh R/o village Dhanyatar, PO Chauntra, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P. through his natural guardian as well as next friend (mother) Geeta Devi w/o Balbir Singh R/o village Dhanyatar, PO Chauntra, Tehsil Joginder Nagar, Distt Mandi, H.P. ....*Applicant*
**Versus**
1. General Public. 2. Gram Panchayat Bharyara Development Block Chauntra, PO Chauntra, Tehsil Joginder Nagar, Distt Mandi, H.P. .....*Respondents*
**Suit for declaration u/s 34 of the Specific Relief Act**
**Notice to:- Defendant. General Public**
Whereas plaintiff Aniket Verma (Minor) s/o Balbir Singh R/o village Dhanyatar, PO Chauntra, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P. through his natural guardian as well as next friend (mother) Geeta Devi w/o Balbir Singh R/o village Dhanyatar, PO Chauntra, Tehsil Joginder Nagar, Distt Mandi, H.P. has filed suit for declaration u/s 34 of Specific Relief Act to declared his name as **Aniket Verma** in place of Aniket. Hence this proclamation is hereby issued against the **Defendant No. 1 General Public** to appear in this court on **13-01-2025 at 10 A.M.** to defend the case personally or through an authorized agent or pleader failing which ex-parte proceedings will be taken against the respondent/defendant.
Given under my hand and seal of this court on this the 10th december, 2024.
**Civil Judge Jogindernagar Distt. Mandi (H.P.)**

**अज अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी हि.प्र.।**
मिसल न0-17/2025
तारीख मरजुआ-13-06-2025
तारीख पेशी-19-07-2025
Vikas S/o Sh. Kanshi Ram R/o Village/ Mohal Majhwar, Tehsil Jogidner Nagar, Distt. Mandi, H.P.
...Applicant.
**Vs**
1. Kala Devi Wd/o Late Sh. Madho Ram R/o Village Majhwar, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P.
2. General Public.
....Respondents.
**Application U/S 41-42 of Indian Registration Act.**
Vikas S/o Sh. Kanshi Ram R/o Village/ Mohal Majhwar, Tehsil Jogidner Nagar, Distt. Mandi, H.P. ने इस न्यायालय में माधो राम पुत्र साहणू राम निवासी मझवाड, डाकघर जलपेहड, तहसील जोगिन्दर नगर, जिला मण्डी, हि. प्र. के द्वारा विकास पुत्र कांशी राम निवासी महाल मझवाड, डाकघर जलपेहड, तहसील जोगिन्दर नगर, जिला मण्डी, हि. प्र. के नाम पंजीकृत वसीयत की थी जिसको पंजीकृत करवाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित किया है। अतः उपरोक्त प्रतिवादीगण । आम जनता को इस अखबारी ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 19-07-2025 को प्रातः 10:00 बजे असालतन व वकालतन इस न्यायालय में हाजर होकर अपने उजर ऐतरज पेश करे अन्यथा गैर हाजरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।
आज दिनांक 19-06-2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी हुआ ।
**उप-पंजीकाध्यक्ष, जोगिन्द्र नगर जिला मंडी, हि.प्र.।**

**व अदालत अधिशाषी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.।**
मिसल न0 / ना0/2025
तारीख पेशी 28-07-2025
मुकदमा-इनद्राज जन्म
प्रार्थना पत्र प्रार्थिका प्रवीनलता पुत्री विहारी लाल निवासी जलोट डकाघर जलोट तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र. .....प्रार्थी पक्ष
**बनाम** **आम जनता**
**विषयः-** प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र।
**अखवारी इश्तेहार बनाम आम जनता**
उपरोक्त मुकद्दमा बारे प्रार्थिका प्रवीनलता पुत्री विहारी लाल निवासी जलोट डकाघर जलोट नगरोटा बगवां ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 गुजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थिका प्रवीनलता का जन्म दिनांक 26-08-1968 को हुआ था। लेकिन अज्ञानतावश प्रार्थिका प्रवीनलता अपनी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत जलोट में दर्ज नहीं करवा सकी । प्रार्थिका प्रवीनलता अपनी जन्म तिथि 26-08-1968 को ग्राम पंचायत जलोट में दर्ज करवाना चाहती है।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र के सन्दर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथि 26-08-1968 को ग्राम पंचायत जलोट के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या बकालतन इस अदालत में दिनांक 28-07-2025 को दोपहर बाद 2.00 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यावाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज काबिल-ए समायत न होगा।
आज दिनांक 26-06-2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मोहर से जारी हुआ
**अधिशाषी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

**कोई** भी तुम्हारी कहानी सुनना पसंद नहीं करेगा, जब तक कि आप सफल नहीं हो जाते हैं।
–सरोजिनी नायडू

## संपादकीय

# श्रद्धा, साहस और संकल्प की यात्रा

देशभर से लाखों श्रद्धालु हर वर्ष जिस क्षण की प्रतीक्षा करते हैं, वह घड़ी आ चुकी है। पवित्र अमरनाथ यात्रा इस वर्ष गुरुवार से विधिवत रूप से शुरू हो गई है। जम्मू से रवाना हुए पहले जत्थे ने हिमालय की दुर्गम वादियों को पार कर जब बाबा बर्फानी के दर्शन किए, तो मानो आस्था और अध्यात्म का संगम धरती पर उतर आया हो। इस यात्रा का अपना अलग ही महत्व है। यह न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता और सामूहिक संकल्प का भी प्रमाण है। अमरनाथ गुफा तक पहुंचने के दो प्रमुख रास्ते हैं– बालटाल और पहलगाम (नुनवान)। बालटाल बेस कैंप से करीब 16 किलोमीटर की चढ़ाई पैदल करनी पड़ती है। यह मार्ग छोटा अवश्य है, लेकिन अत्यंत जोखिमपूर्ण और दुर्गम भी है।

दूसरी ओर, पहलगाम से जाने वाला रास्ता अपेक्षाकृत लंबा है, परंतु प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर। इन दोनों मार्गों पर प्राकृतिक चुनौतियां, ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी और मौसम की अनिश्चितता सदैव बनी रहती है, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था और हौसला हर कठिनाई को मात देता है। हाल ही में पहलगाम में एक भयावह आतंकी हमला हुआ, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने अमरनाथ यात्रा मार्ग के निकट निर्दोष यात्रियों और सैलानियों को निशाना बनाकर 28 हिंदुओं की निर्मम हत्या कर दी। यह न केवल मानवता के विरुद्ध अपराध था, बल्कि भारत की धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक समरसता पर भी हमला था। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया और अनेक श्रद्धालु असमंजस में पड़ गए कि क्या इस बार यात्रा पर जाना सुरक्षित होगा, लेकिन सरकार और सुरक्षा एजेंसियों ने इस आशंका को दूर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। करीब 80,000 सुरक्षाकर्मी इस बार बालटाल और पहलगाम मार्गों पर तैनात किए गए हैं।

हर दो किलोमीटर पर सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी, माउंटेन कमांडो की तैनाती और खुफिया नेटवर्क को सक्रिय कर दिया गया है। रास्ते में मेडिकल कैंप, भंडारे, हेलिपैड और रिस्पॉन्स यूनिट्स की व्यवस्था की गई है। यह साफ संकेत है कि सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि मानती है। अमरनाथ यात्रा भारत की उस सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है जिसमें विविधताएं एकता में समाहित होती हैं। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक हर कोने से लोग इस यात्रा में शामिल होते हैं। यह धार्मिक सहिष्णुता, आपसी भाईचारे और आध्यात्मिक अनुशासन की मिसाल है। यहां जाति, भाषा या क्षेत्र की दीवारें टूटती हैं और हर व्यक्ति 'हर हर महादेव' की गूंज में एकरूप हो जाता है। पाकिस्तान की आतंकी नीयत कोई छुपी बात नहीं है। वह बार-बार इस यात्रा को निशाना बनाकर भारत की आस्था और सामाजिक सौहार्द को चोट पहुंचाने की कोशिश करता है, लेकिन हर बार नाकाम रहता है।

भारत की जनता अब जागरूक है। उसे मालूम है कि आतंक का चेहरा क्या होता है और इससे कैसे निपटना है। अमरनाथ यात्रा की सफलता हर बार पाकिस्तान को यह बताती है कि आस्था पर गोलियों की चोट नहीं चलती और सद्भावना की शक्ति किसी भी बम से ज्यादा ताकतवर होती है। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों ने भले ही सुरक्षा के अभेद्य इंतजाम किए हों, लेकिन श्रद्धालुओं की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे जारी की गई एडवाइजरी का पालन करें, किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और यात्रा के दौरान अनुशासन का पालन करें। मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए पर्याप्त गर्म कपड़े, जरूरी दवाइयां और पहचान पत्र साथ रखें। मोबाइल नेटवर्क कई जगहों पर उपलब्ध नहीं होता, इसलिए यात्रा से पहले परिजनों को सूचित करना जरूरी है। अमरनाथ यात्रा का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। हजारों स्थानीय लोग इस यात्रा से रोजगार पाते हैं। जैसे पानी वाले, डांडी वाले, होटल और टेंट मालिक, भंडारों के संचालक, ड्राइवर, गाइड आदि। इसलिए यह यात्रा केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

यही कारण है कि जब यात्रा बाधित होती है, तो घाटी की आर्थिक धारा भी कमजोर हो जाती है। हर बार की तरह इस बार भी अमरनाथ यात्रा श्रद्धा, साहस और संकल्प का अद्भुत संगम है। सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता, स्थानीय लोगों का सहयोग और श्रद्धालुओं का उत्साह इन सबका सम्मिलित प्रयास ही इस यात्रा को सफल और मंगलकारी बनाएगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अमरनाथ केवल एक गुफा नहीं, बल्कि वह केंद्र है जहां भारत की आत्मा बसती है। इस यात्रा में सम्मिलित हर व्यक्ति न केवल भोलेनाथ के दर्शन कर पुण्य कमाता है, बल्कि वह भारत की अखंडता, आस्था और एकता का प्रतीक बन जाता है। इसलिए आइए, मिलकर इस यात्रा को सफल बनाएं और संदेश दें कि धर्म पर आक्रमण करने वालों की नीयत चाहे जितनी भी काली हो, भारत की श्रद्धा और संकल्प हर बार उजाला लेकर आएगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


# हिंदी फिल्मों के अभिनेता

**सुशील** कुमार हिंदी फिल्मों के अभिनेता थे। वे साठ के दशक की हिट फिल्म 'दोस्ती' में बैसाखी का सहारा लिए अपंग रामनाथ के किरदार में पर्दे पर नजर आए थे। सुशील कुमार का जन्म कराची के एक धनी परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम किशनचंद्र जमनादास सोमाया और माता का नाम तुलसीबाई था।



सुशील कुमार
जन्म : 4 जुलाई, 1945

सिंधी होते हुई भी उनकी भाषा, खान-पान और रीति-रिवाज पर कच्छ, गुजरात की संस्कृति का गहरा असर था। जब सुशील कुमार महज ढाई वर्ष के थे, तब देश का बंटवारा हुआ और उनके परिवार को अपना सब कुछ कराची में छोड़कर भागना पड़ा। वे लोग पहले गुजरात के नवसारी शहर और फिर मुंबई में आकर बस गए। यह समय उनके परिवार के लिए बदहाली का दौर था। सुशील कुमार ने 'जय हिंद कॉलेज' से बीए उत्तीर्ण किया और फिर कुछ ही समय बाद उन्हें एयर इंडिया में नौकरी मिल गई। वर्ष 1971 से 2003 तक उन्होंने नौकरी की और फिर रिटायरमेंट ले लिया। नौकरी के दौरान उन्होंने पूरी दुनिया की सैर की। उनका विवाह 1978 में अपनी बचपन की दोस्त कोशी कोटवाणी से हुआ था। ■



कविता

## अब भी वक्त है...

अश्वनी कुमार शर्मा, हमीरपुर


*ज्यों तो है स्वर्ग सा हिमाचल, हरियाली का गहना,*
*आज रो रहे हैं पहाड़, सुन लो उनका कहना।*
*जहां कभी थे देवदार घने, वहां अब सीमेंट बोया,*
*धरती मां ने दुख से देखा, कैसे सब कुछ खोया।*
*पर्वतों के सीने चीरे, मशीनों की गूंज उठी,*
*प्रकृति की करुणा, प्रतिशोध में बदल चुकी।*
*भूस्खलन, बाढ़ तबाही–क्या ये कुदरत का संयोग है?*
*या विकास की अंधी दौड़ का फैलाया हमने रोग है?*
*पुल टूटे गांव बह गए, हर ओर अंधेरा छाया,*
*फिर भी नेता गर्व से बोले–'विकास का युग है आया!'*
*अब भी वक्त है, थम जाएं, प्रकृति से करें प्रीत,*
*वरना हिमाचल पूछेगा—क्यों किए ऐसे कृत्य घृणित?*
*आसमान छूने के ख्वाब हैं पर धरती मां को भूल न जाओ,*
*वक्त अभी भी है इंसान तेरे पास, थोड़ा सा संभल जाओ।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# चुनाव में सिंदूर एक तरफ, दूसरी तरफ जातिगणना



बिहार का चुनाव ऐसे समय पर होने जा रहा है, जब देश में 2019 में पुलवामा के बाद भाजपा ने उस समय पुलवामा को लेकर दौड़ रही थी, देश में छद्म राष्ट्रवाद का नारा था। पर जनता को यह पता नहीं था, पुलवामा में हुआ क्या था, पुलवामा का बस एक एयर स्ट्राइक ही नारा था, देश मजबूत हाथों में है, उसी की पुनरावृत्ति करने के लिए भाजपा बिहार में सिंदूर को लेकर जाने में लग गई है। यह सिंदूर आपरेशन यदि एक पार्टी का बना, तो फिर जनभावनाओं का अनादर होगा, देश के सभी विपक्षी पार्टियों का अनादर होगा।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

हां चुनाव लड़ें पर देश की सेना के नाम पर किसी सैन्य कार्रवाई के आड़ में नहीं लड़ना चाहिए। यदि ऐसा करते हैं कि हिंदू को चुनावी नारा बनाया, तो यह सवाल उठेगा क्या हर चुनाव जीतने के लिए सरकार पठानकोट पुलवामा प्रयोग था, जिसकी सफलता के बाद पहलगाम। सरकार देश में किसी की भी हो पर देश की सुरक्षा से समझौता नहीं, फिर यदि कहीं सैनिक कार्रवाई दुश्मन देश पर होती है, तो उस पर चुनाव नहीं होना चाहिए। सेना देश की जनता देश है। पार्टी विचारधारा की होती है, जनता की विचाराधारा अलग होती है, वह पहले देश, फिर पार्टी धर्म जाति को देखती हैं, युद्ध काल में जनता सरकार के साथ पर युद्ध के बात जनता वापस अपनी पार्टी विचारधारा में चली जाती है। यही बिहार के चुनाव में होगा बिहार में कुछ लोग आपरेशन सिंदूर पर खड़ा मिलेंगे, चुनाव में भी पर आज का युवा बस रोजगार शिक्षा जैसे निर्णय पर बिहार का भविष्य बदलने को उत्सुक नजर आ रहा है।

वह जाति जनगणना के समर्थन में हैं वह जानना चाहता हमारी जाति कितनी पीछे हैं हम कहां पर है समाज में बराबरी पर आने में कितना समय लगेगा। हमारी पिछड़ी अतिपिछड़ी जातियां देश के मुख्यधारा में कब आएगी। हम कब फैसला लेने वाले निर्णय करने वालों की जमात में बराबरी में खड़े होंगे, हमारी जगह जो वह किस जाति के लोग लेकर बैठे हैं। उस जगह पर हम या हमारी जाति समाज के लोग कब उस स्थान पर पहुंचेंगे। यह बात अब पढ़ें लिखे पिछड़ी अति पिछड़े समाज के वंचित वर्ग में शुरू हो गया है।

अपने हक के लिए लड़ो संघर्ष करो, सत्ता बदलो नहीं तो हम हमेशा हमेशा के लिए पिछड़ते जाएंगे। हमारे दरवाजे चंद लोग बंद करते जाएंगे। 15 अप्रैल का देश के लोकसभा के नेता विपक्ष ने बिहार में शिक्षा न्याय सभा का आयोजन किया पर आयोजन न हों विपक्ष के नेता अन्य पिछड़ी जाति के छात्रों से संवाद न करें इसके लिए बिहार सरकार ने वह सब घटिया स्तर पर कार्य किया, जो एक लोकतांत्रिक देश में नहीं होना चाहिए। क्या विपक्ष नेता को देश में या भाजपा शासित राज्य में सभा करने की अनुमति सरकार नहीं देगी, किस कानून में खिला है। फिर भी विपक्ष के नेता जो पैदल चलकर अंबेडकर हास्टल में गए और अपनी बात कह दी छात्रा को नया संदेश भी दे दिया कि जाति जनगणना से ही आपके विकास का सही रास्ता मिलेगा। यह बात देश के सभी पिछड़े अति पिछड़े समाज का समझ में आ रहा है कि आजादी के सत्तर साल के बाद भी अति पिछड़े क्यों अभी भी पिछड़े हैं। राहुल गांधी ने बिहार में शिक्षा नौकरी में कांग्रेस नेतृत्व ने वह काम नहीं किया, जो समय रहते करना था यह बात स्वीकार कर लिया कि पिछले पचास साल में जो कांग्रेस को बिहार में करना चाहिए था। कांग्रेस वह नहीं कर पाई मैं इस गलती को स्वीकार करता हूं और आपको यह आश्वासन देता हूं कि बिहार और केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार बनेगी, तो पिछली गलतियों को पूर्ण रूप से ध्यान रखकर बिहार के पिछड़े अति पिछड़े समाज के लिए उनकी जनसंख्या दर के हिसाब अब से योजना और कार्यक्रम बनाए जाएंगे। अब यह समाज देश में अपना सही हक प्राप्त करेगा।

लड़ाई एक ऐसी सरकार से ऐसे विचार धारा के लोगों से है जो समाज के पिछड़ों का बस वोट चाहते पर उनका विकास हो वह विकास में शामिल हो उस सोच और विचार धारा के लोग आज जातीय जनगणना पर मुझे गाली देते हैं। सभा करने से रोकते हैं पिछड़ों अतिपिछड़ों की बात करता हूं, जो मुकदमा करते हैं जैसा आज हमारे साथ हुआ दलित समाज के छात्रों से मिलने पर जगह-जगह रोका गया आपके हास्टल के गेट पर ताला लगाया गया, यही असली में मनुवादी विचार धारा है। जो आपको आगे नहीं आने दे रहा है। पर मुझे कोई ताकत रोक नहीं सकती, आप से मिलने से आपकी बात करने से। कारण हमारे पीछे पूरा पिछड़ा अतिपिछड़ा दलित समाज के साथ हर समाज का युवा खड़ा है मेरी शक्ति बन कर। यह भाषण बिहार के चुनाव में कितना प्रभावी होगा यह तो समय बताएगा। सिंदूर की सफलता को वोट में बदलने के लिए भाजपा पूरे जोर से देश में माहौल तैयार करने में लग गई हैं, पहले चरण में तिरंगा यात्रा। इस यात्रा के जवाब में कांग्रेस का जय हिंद यात्रा चल रहा है। सिंदूर की सफलता में पलीता तो मध्य प्रदेश के कबीना मंत्री शाह ने लगा दिया जब देश की बहादुर बेटी सौफिया को आतंकी की बहन बताकर देश को शर्मशार कर दिया।

यह बखेड़ा चल ही रहा था। तब तक मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने तो मोदी की चरण वंदना में आगे रहने की सारी हद ही पार कर दी कह दिया देश का सैनिक और सेना मोदी के चरणों में नतमस्तक है। यह घटिया मानसिकता की सोच कहा से देश के नेताओं में आ रही है। यह पता नहीं पर क्या यह भाजपा प्रयोग करती ऐसे शब्दों का कि जनता की और समाज के हर वर्ग की सहनशीलता कितनी है और भूल कितनी जल्दी जाती है। या यह सब चुनाव को धार्मिक और जातिगत रंग देने का प्रयोग हो रहा है अभी से कि बिहार के चुनाव के लिए। चुनाव के समय बात होगी वंदे भारत ट्रेन दिया कितना और दे-दे बोली फिर लगेगी बिहार की। बिहार को कभी अद्यौगिक राज्य नहीं बनाएंगे केवल मजदूर राज्य ही बना रहे, यही नीति बनेगी कि बिहार के लोग मजदूर बन कर गुजरात दिल्ली जैसे महानगरों में।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# बेरहम बरसात का खौफनाक कहर कब थमेगा ?

चारों तरफ तबाही का मंजर है हर तरफ चित्कार मचा हुआ है, लाशों के अंबार लग रहे हैं, अपने पलभर में बिछड़ गए परिवार के परिवार खत्म हो रहे हैं, अग्नि देने वाला भी नहीं बच रहा है। बेरहम बरसात हिमाचल को गहरे व अमिट जख्म दे रही है, जख्म तो भर जाएंगें, मगर निशान अमिट रहेगें। हिमाचल में किन्नौर से लेकर भरमौर तक बरसात का कहर जारी है। प्रदेश में बाढ़ से 56 लोग लापता हैं और 19 लोगों की मौत हो चुकी है सैकडों लोग असमय ही काल के गाल में समा गए। देवभूमि में प्रकृति ने काफी खौफनाक तांडव हो रहा है। कुल्लू के बंजार में 250 सैलानियों को सुरक्षित निकाल लिया है ।



नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक, मंडी

प्रदेश में 245 सड़के बंद हो चुकी हैं और 918 बिजली के ट्रांसफार्मर ध्वत हो चुके हैं 683 पेयजल योजनाएं तबाह हो गई हैं। जून महीने से ही यह बरसात शुरू हो गई है। बरसात खौफनाक रौद्र रूप दिखा रही है। बरसात जिंदगियां लील रही है। सैकड़ों लोग मौत के आगोश में समा चुके हैं। आशियाने जमींदोज हो रहे हैं। 30 जून 2025 की काली और खौफनाक रात को गोहर के सयांज में बादल फटने से परिवार के नौ लोग जमींदोज हो गए हैं। करसोग में भी तीन लोगों की मौत हो गई है चारों तरफ तबाही की इबारत लिखी जा रही है अभी तो जुलाई और अगस्त महीने में पता नहीं कितने लोगों को प्रकृति मौत की गोद सुला देगी, प्रकृति के इस खौफ से जनमानस खौफजदा है।

कुल्लू के सेंज गांव में चार दिन पहले बादल फटा था जिसमें बाप बेटी की दर्दनाक मौत हो गई थी। गत वर्ष 26 सितंबर को रोनहाट में आधी रात को भूस्खलन होने से एक घर दब गया और उसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। दबने वालों में चार बच्चे व पति-पत्नी थे। यह बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ। 24 घंटों में 16 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। 20 अगस्त 2022 की रात को हिमाचल के लोग कभी नहीं भूल पाएंगें। 20 अगस्त को मंडी के गोहर के काशन में एक मकान जमींदोज हो गया था, जिसमें एक ही परिवार के आठ लोग जिंदा दफन हो गए थे।



एक घर से जब आठ अर्थियां उठी थी, तो कायनात कांप उठी थी। बरसात का ऐसा कहर 2018 में हुआ था। चार साल बाद बरसात ने लोगों को एक बार फिर रौद्र रूप दिखाकर तबाही का मंजर दिखाया। बरसात में कहीं भूस्खलन हो रहा था तो कहीं पहाड़ दरक रहे थे। इस विनाशकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा था। प्रदेश की संड़कें धंस रही थी। गाड़ियां फिसल रही थी। भांबला में खुडडी नाला में एक युवक तेज बहाव में बह गया था, मगर लोगों ने बह रहे युवक को 200 मीटर दूर बचा लिया था। युवक की स्कूटी नाले में बह गइ थी। आनी में भी भूस्खलन से श्रध्दालुओं की कार पर पत्थर गिरने से हादसा हो गया, भूस्खलन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन लोग घायल हो गए थे।

मवेशी व बकरियों की दबने से मौतें हो रही है। गोशाला गिरने से 2 मवेशियों व 20 बकरियों की दर्दनाक मौत हो गइ थीं। मणिकर्न में पिछले दिनों बादल फटने से काफी तबाही हुई थी, कुछ लोग लापता हो गए थे। मानसून का कहर लोगों को मौत बांट रहा है। हिमाचल प्रदेश को अब तक करोड़ों का नुकसान हो चुका है। मानसून के कारण हुई दुर्घटनाओं में अब तक काफी लोग अपनी जान गंवा चुके हैं व लोग घायल हुए हैं।

मौतों से हर हिमाचली गमगीन है। भूस्खलन व बरसात के कहर से प्रदेश में अब तक काफी लोग मारे जा चुके हैं। गत वर्ष 25 जुलाई को किन्नौर जिला में भूस्खलन की चपेट में आने के कारण 9 पर्यटकों की दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि तीन गभीर रुप से घायल हो गए थे। चार दिन पहले भरमौर में भी भूस्खलन के कारण कार दब गई भी और एक ही परिवार के चार लोग मारे गए थे। अगर अब भी मानव ने प्रकृति पर अत्याचार बंद नहीं किया तो प्रकृति अपना बदला लेती रहेगी और मानव को सबक सीखाती रहेगी। प्रकृति के प्रकोप से बचना है तो हमें अपनी जीवन शैली बदलनी ही होगी, छेड़छाड़ बंद करनी होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**महिलाओं** द्वारा अपने प्रेमियों के साथ साजिश का कारनामा करके अपने पतियों की जीवनलीला खत्म करने की घटनाएं तेजी से बढ़ती ही जा रही हैं। बुद्धिजीवियों की माने तो, मनोवैज्ञानिक इस तरह की घटनाओं को लेकर काफी चिंतित हैं। वर्तमान समय में ऐसा समाज में क्यों हो रहा है। आजकल न केवल पुरुष, बल्कि महिलाएं भी क्रूर व्यवहार का रास्ता अपनाती जा रही हैं। अपने पति को शारीरिक चोट पहुंचाना जैसे शरीर, अंग या स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाना या मृत्यु शारीरिक क्रूरता मानी जाएगी। अगर किसी व्यक्ति को किसी कामों से गंभीर चोट पहुंचती है तो उसे शारीरिक क्रूरता माना जाएगा। किसी व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाना मानसिक क्रूरता मानी जाएगी। देश व प्रदेश की सरकारों को इस बारे सख्त कदम लेने की जरूरत है।

**विपिन कुमार, चंबा**

# महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक

सशक्तिकरण की शुरुआत पहुंच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुंच से होती है। बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुंच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत @ 2047 के विजन से निर्देशित, मंत्रालय ने लाभ को अंतिम छोर तक त्वरित, पारदर्शी और कुशल तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए अपने कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी को व्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है।



लेखिका : अन्नपूर्णा देवी
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री

हम अक्सर कहते हैं 'सशक्त महिलाएं, सशक्त भारत' और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुंच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुंच से होनी चाहिए। आज, यह पहुंच तेजी से डिजिटल होती जा रही है। जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है-ऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदायी शासन पर जोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है। मंत्रालय ने देखरेख, संरक्षण और सशक्तिकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए-पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुंच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्वकर्ता और अमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें। जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री ने बहुत सटीक रूप से कहा है, 'मैं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने के साधन के रूप में तथा आशा और अवसर के बीच की दूरी को पाटने वाले उपकरण के रूप में देखता हूं।' इस लोकाचार ने मैनुअल प्रक्रियाओं से लेकर रियल-टाइम डैशबोर्ड तक, असंबद्ध योजनाओं से लेकर एकीकृत प्लेटफार्मों तक हमारे परिवर्तन का मार्गदर्शन किया है।

इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनबाड़ी पहल है। भारतभर में 2 लाख से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरुपित यह कार्यक्रम बाल्यावस्था देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालयी शिक्षा सेवाओं की ज्यादा प्रभावी प्रदायगी संभव बनाते हुए इन केंद्रों कोस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। देशभर में 14 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्पादन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने – पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है। 10.14 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं-जिनमें गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियां शामिल हैं।

यह प्लेटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनबाड़ी केंद्रों की नए सिरे से परिकल्पना कर, शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए-पोषण ट्रैकर महत्वपूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच 'पोषण भी पढ़ाई भी' का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है।

पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथा लीकेज कम करनेके लिए एक फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले। प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह मंत्रालय पोषण से बढ़कर, महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉश अधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है-जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है। इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है-जो अब लगभग हर जिले में चालू है। ये कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है। एक दशक पहले, मातृत्व लाभ की निगरानी करना मुश्किल था और इसमें देरी होती थी। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) की शुरुआत की है-जो मातृ कल्याण की दिशा में बहुत बड़ा बदलाव है। जैसे-जैसे हम अमृत काल में आगे बढ़ रहे हैं, मंत्रालय प्रत्येक महिला और प्रत्येक बच्चे का राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनना सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़कर नेतृत्व करना जारी रखेगा। प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता और लक्षित कार्रवाई के माध्यम से, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं, जहां सशक्तिकरण महज नारा भर नहीं है-बल्कि प्रत्येक भारतीय के लिए वास्तविकता है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# आपदा में पक्ष-विपक्ष और आमजन को निभानी चाहिए अहम भूमिका

जिस प्रकार हाल ही में देवभूमि हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर से आपदा ने कहर बरपाया है उस दृष्टि से हिमाचल प्रदेश की सरकार, विपक्ष और जनता को आपदा प्रभावितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनकी किसी न किसी रूप से यथासंभव सहयोग करने की आवश्यकता है।



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

कम से कम जान माल का नुकसान हो, तो वहीं सरकार, प्रशासन के आदेशानुसार और सामाजिक रूप से भी निवेदन किया गया है कि कोई भी व्यक्ति बेवजह सफर करने से परहेज करें, ताकि किसी मुसीबत और हादसे के शिकार न हो ऐसा निवेदन और सुझाव जनहित में जारी किया गया है।

हम सभी युवाओं और समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम अपने संबंधित क्षेत्र में आई आपदा से निजात पाने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ हर संभव सहायता करने में अपनी अहम् भूमिका निभाएं, क्योंकि पहाड़ी प्रदेशों में हर वर्ष अमूमन इस प्रकार की अप्रिय घटनाएं देखने एवं सुनने को मिलती हैं, जिन आपदाओं ने देवभूमि हिमाचल प्रदेश को भी दशकों से वर्तमान तक अनेक गहरे जख्म दिए हैं जिन जख्मों को हिमाचल कदाचित कभी भूल नहीं सकता है।



जिस प्रकार बीते वर्ष देव भूमि हिमाचल प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में आपदा आने से अनेक घरों के चिराग बुझ गए और प्रभावित क्षेत्रों का जैसे नामोनिशान मिट गया, इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम आप सभी तक ऐसे गंभीर और चिंतनीय विषय पर चर्चा एवं आत्मचिंतन करने का प्रयास कर रहे हैं, तो वहीं राजनीति से ऊपर उठकर हिमाचल प्रदेश की सरकार, विपक्ष और समस्त समाज से निवेदन करते हैं कि हम दुःख की इस घड़ी में राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप के बजाए मिलकर आपदा प्रभावितों की सहायता करने का प्रयास करें और साथ ही हम बेवजह सफर करने से परहेज करें, ताकि किसी मुसीबत का शिकार न हो, साथ ही हमें जिला प्रशासन गाइडलाइन के आदेशों का भी समय-समय पर पालन करना चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति मुसीबत का शिकार न बने, जिस प्रकार हाल ही में जिला मंडी, हमीरपुर इत्यादि में आपदा ने कहर बरपाया है और अभी तक नौ लोग लापता बताएं जा रहे हैं और विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश में जिला मंडी, हमीरपुर इत्यादि अनेक क्षेत्रों में आपदा का मंजर देखने एवं सुनने को मिल रहा वह बहुत ही भयावह और गंभीर स्थिति को दर्शाता है।

आपदा प्रबंधन के साथ हम सभी को भी सतर्क और अहम् भूमिका निभानी चाहिए ताकि भविष्य में हम इंसानियत के नाते किसी न किसी रूप से सहायक बन पाएं, क्योंकि भविष्य में आपदा जैसी मुसीबत किसी पर भी कभी भी आ सकती है, जिस प्रकार आज इन परिवारों पर आपदा आई है हो सकता है कि कल हम आपके परिवार और जीवन में भी इस प्रकार की समस्याओं और चुनौतियां से जुझना पड़े, इसलिए हम सभी को जनहित और प्रदेश हित में आपदा जैसी मुसीबतो का सामना मिलकर और प्रशासन के आदेशानुसार करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### लोक निर्माण मंत्री आज पहुंचेंगे सराज क्षेत्र में

अनंत ज्ञान, मंडी। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 4 जुलाई को सराज क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। वे 4 जुलाई को सड़क मार्ग से दोपहर एक बजे थुनाग में पहुंचेंगे तथा थुनाग के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे।

### थुनाग में 11 तक रहेगी इंट्रा-सर्किल रोमिंग सुविधा

अनंत ज्ञान, गोहर। थुनाग उपमंडल में 11 जुलाई तक इंट्रा-सर्कल रोमिंग (आईसीआर) सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे आपदा प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। इस सुविधा के तहत, कोई भी मोबाइल उपभोक्ता मौजूदा सिम से अन्य नेटवर्क प्रदाताओं के टावरों से जुड़ सकते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में संचार आसान होगा और आपात स्थिति में राहत कार्यों को सहायता मिलेगी। इसके लिए सेटिंग्स में जाकर 'नेटवर्क ऑपरेटर' पर क्लिक करें। नेटवर्क सेटिंग को 'ऑटोमेटिक' के बजाय मैन्युअल करें और उपलब्ध किसी अन्य नेटवर्क को चुनें। इससे फोन में नेटवर्क आ जाएगा। यह सुविधा थुनाग और मंडी जिले के प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन सामान्य करने में मदद करेगी।

### वर्षाकालीन फलदार पौधे किसानों के लिए उपलब्ध

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। उद्यान विकास अधिकारी सुंदरनगर डॉ. अनुपमा ने बताया कि विभागीय नर्सरियों में आम, लीची, नींबू इत्यादि के उच्च गुणवत्ता वाले फलदार पौधे किसानों एवं बागवानों के लिए उपलब्ध करवाए गए हैं। इच्छुक किसान इन पौधों को सरकारी दरों पर प्राप्त कर सकते हैं। उद्यान विकास अधिकारी ने बताया कि वर्षाकालीन फलदार पौधों की वैज्ञानिक विधि से खेती करने पर किसानों को दीर्घकालीन आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। आम, लीची और नींबू जैसे फलों की बाजार में अच्छी मांग रहती है, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। यह पौधे उद्यान विभाग सुंदरनगर के कार्यालय में 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर वितरित किए जा रहे हैं।

### आपदा में व्यापार मंडल बना उम्मीद की किरण



अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। हिमाचल में कहर बरपाते मानसून ने जहां जनजीवन को तहस-नहस कर डाला है, वहीं जोगिंद्रनगर का व्यापार मंडल मानवता की मिसाल बनकर सामने आया है। अध्यक्ष भास्कर गुप्ता की अगुवाई में 'हिमाचल मानसून आपदा राहत अपील' के तहत राहत अभियान की शुरुआत की गई है, जो न केवल आर्थिक सहयोग की पहल है, बल्कि सामाजिक संवेदनाओं का प्रतीक भी बन गया है। भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए व्यापार मंडल ने नगर के व्यापारियों और समाजसेवियों से आगे आने की अपील की है। शुक्रवार से मंडल के प्रतिनिधि दुकान-दुकान जाकर सहयोग एकत्र करेंगे, जिसे आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाकर जरूरतमंदों को राहत दी जाएगी।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए क्याश ट्रस्ट ने भेजी राहत सामग्री

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। हिमाचल प्रदेश में आई भयंकर बाढ़ के पीड़ितों की सहायता के लिए क्याश चैरिटेबल ट्रस्ट ने एक सराहनीय मानवीय कदम उठाया है। ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. धर्मेश शर्मा और डॉ. साक्षी सुपहिया के नेतृत्व में जरूरतमंद बच्चों और वयस्कों के लिए कपड़े तथा आवश्यक सामग्री एकत्र की गई है, जिसे प्रशासन को सौंपा गया है। इस राहत कार्य में अल्ट्रा टेक सीमेंट, बागा सीमेंट वर्क्स के मानव संसाधन प्रमुख नितेश निराला, राजेश जम्वाल और कर्मचारी संबंध विभाग की टीम का विशेष योगदान रहा है। साथ ही हिमाचल डेंटल कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिल सिंगला, रेडक्रॉस सोसाइटी तथा स्थानीय प्रशासन ने भी इस कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई है। सभी राहत सामग्री डिस्ट्रिक्ट सर्व कोऑर्डिनेटर अमरजीत सिंह के माध्यम से डीसी कार्यालय को सुपुर्द की गई।

### स्कूल प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। पीएम श्री राजकीय कन्या आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर का विधिवत शुभारंभ एवं समापन पाठशाला के प्रधानाचार्य मनोज चौहान द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर में एसएमसी की कार्यकारिणी समिति के लगभग 25 सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण के दौरान स्कूल संचालन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

### छोटा पड्डल मैदान में ड्राइविंग टेस्ट 5 व 23 जुलाई को

अनंत ज्ञान, मंडी। वाहन पंजीयन व अनुज्ञापन अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी रुपिन्द्र कौर ने आज यहां बताया कि वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन (एसडीएम) कार्यालय सदर मंडी के अंतर्गत 5 व 23 जुलाई को छोटा पड्डल मैदान में ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थी ड्राइविंग टेस्ट के लिए अपने फार्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फाइल के साथ लाना सुनिश्चित बनाएं। बिना फोटो, बिना फाईल तथा अधूरे फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 5 जुलाई को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट के लिए पहली जुलाई, 2025 से जबकि 23 जुलाई को होने वाले टेस्ट के लिए 16 जुलाई सुबह 11.30 बजे से परिवहन डॉट जीओवी डॉट आईएन के माध्यम से स्लॉट बुक किए जा सकते हैं।

### छोटा भंगाल की बीड़-बड़ा ग्रां सड़क का निर्माण कार्य पूरा

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट। जिला कांगड़ा की दुर्गम छोटा भंगाल घाटी के लोग अब बीड़ और बैजनाथ की ओर सीधा सफर कर सकेंगे। बीड़-बड़ा ग्रां सड़क मार्ग का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब घाटीवासी वाया राजगुंधा, बिलिंग होकर बैजनाथ पहुंच सकेंगे, जिससे पहले के 80-90 किलोमीटर लंबे रास्ते की तुलना में अब उन्हें लगभग आधा सफर ही तय करना होगा। पूर्व में घाटी के लोग बरोट, घटासनी और जोगिंद्रनगर होते हुए दूसरे जिले मंडी से होकर बीड़ और बैजनाथ जाते थे, जिससे तीन घंटे तक का समय लग जाता था। अब यह दूरी काफी कम हो गई है। घाटी के बुजुर्ग जोग राज, दुर्गा दास, तुलसी दास और रतन चंद ने बताया कि राजगुंधा से बीड़ तक सड़क का निर्माण कई वर्ष पूर्व हो गया था, मगर नेताओं और विभाग की उदासीनता से यह मार्ग वर्षों तक बंद पड़ा रहा। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लगभग 26 करोड़ की राशि स्वीकृत कर इसका पुनर्निर्माण शुरू हुआ जो अब लगभग पूरा हो चुका है। उहल नदी पर 78 लाख की लागत से बने घड़सा पुल का निर्माण कार्य भी दो वर्ष पूर्व पूर्ण हो गया है, जिससे अब छोटे वाहन आसानी से इस मार्ग से आ-जा रहे हैं। विभाग द्वारा अब उन कमियों को ठीक कर दिया गया है और रिपोर्ट सरकार और परिवहन निगम को भेजने की प्रक्रिया में है। घाटीवासियों को पूर्ण विश्वास है कि विभाग की रिपोर्ट स्वीकृत होते ही बस सेवा शुरू हो जाएगी और उन्हें मंडी जिले के लम्बे मार्ग से राहत मिल जाएगी। घाटीवासियों ने विधायक किशोरी लाल से मांग की है कि जल्द से जल्द इस मार्ग पर बस चलवाई जाए।

# मंडी जिले में 198 लोगों का किया सफल रेस्क्यू

## 357 प्रभावित लोगों को राहत शिविरों में दिया आसरा, थुनाग में जरूरी भवनों की बिजली आपूर्ति बहाल

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

मंडी। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने मंडी में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में बताया 30 जून और 1 जुलाई को आई भीषण आपदा के दौरान उपायुक्त ने बताया कि आपदा के चलते कुल 14 पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं जिनमें थुनाग में 6, करसोग में 5, बालीचौकी में 2 और धर्मपुर में एक शामिल है। चैलचौक-बगस्याड़ सड़क बहाल कर दी गई है और जंजैहली को वाया करसोग जोड़ने वाली सड़क भी 4 जुलाई को दिन में बहाल हो जाएगी।

वर्तमान में जिले में 188 सड़कों पर आवाजाही बाधित है, जिसमें सबसे ज्यादा धर्मपुर (42), सराज (37), थलौट (31) और करसोग (27) प्रभावित हैं। उपायुक्त ने बताया कि अब तक 198 लोगों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया जा चुका है। थुनाग और जंजैहली क्षेत्रों में प्रशासनिक अधिकारियों की विशेष तैनाती की गई है ताकि राहत कार्य बिना बाधा के संचालित हो सकें। थुनाग में जरूरी भवनों की बिजली आपूर्ति बहाल को कर दी गई है। इससे अब राहत कार्यों में तेजी आएगी। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि बादल फटने की घटना से प्रभावित गोहर उपमंडल के स्यांज क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से खोज अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।



### शिविरों में हेलिकॉप्टर से पहुंचाई जा रही राहत सामग्री

उपायुक्त ने बताया कि जिले में 6 राहत शिविर सक्रिय हैं, जिनमें सरकारी भवन, नामदारी गुरुद्वारा मंडी और जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह शामिल हैं। इनमें 357 लोगों और जंजैहली से एनसीसी प्रशिक्षण के लिए आए बच्चों को नवोदय विद्यालय में शिफ्ट किया गया है। राहत सामग्री राशन, कपड़े, दवाइयां प्रभावित क्षेत्रों में हेलिकॉप्टर से पहुंचाई जा रही है। बगस्याड़ से आगे राहत सामग्री खच्चर और पैदल रूट से भेजने के लिए जिला के अन्य स्थानों से खच्चरों को बगस्याड पहुंचाया जा रहा है, जहां से आगे खच्चरों पर ढोकर राहत सामग्री भेजी जाएगी।

### 115 करोड़ का हुआ नुकसान

जिले में कुल 580 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई थीं, जिनमें से थुनाग क्षेत्र में 321 योजनाएं प्रभावित हुईं। इनमें से 66 को बहाल कर दिया गया है और शेष को बहाल करने के प्रयास जारी हैं। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, आपदा से 115 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। 300 से 400 घरों को क्षति पहुंची है, 154 घर पूरी तरह और 105 गोशालाएं क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। वहीं अब तक 14 लोगों की मृत्यु हो चुकी है जबकि 31 लापता हैं।

### 14 पहुंची जिलेभर में मरने वालों की संख्या

मंडी। जिला मंडी में हुई भारी बारिश के कारण जान गंवाने वालों की संख्या 14 हो चुकी है और 50 अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। वहीं 310 लोगों को अब तक रेस्क्यू किया जा चुका है। जिलाभर में पांच रिलीफ कैंप में 357 लोग रह रहे हैं और अब तक 25 पुल ध्वस्त हो चुके हैं। भारी बारिश के कारण अब तक 154 मकान, 105 गोशालाएं और 164 पशु काल का ग्रास बन चुके हैं।

**154 मकान, 105 गोशालाएं और 164 पशु काल का बने ग्रास**

### कोटला के पास ब्यास नदी में मिला महिला का शव

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। कोटला क्षेत्र में बीते मंगलवार को ब्यास नदी के किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में सुरक्षित रखा है, लेकिन दो दिन बीतने के बावजूद महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार, मृतक महिला की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच है। पहचान न होने के कारण अब तक शव परिजनों को नहीं सौंपा गया है, और मामले को लेकर रहस्य बना हुआ है। इस बीच, कुछ दिन पहले जोगिंद्रनगर क्षेत्र में एक बच्ची का शव भी बरामद हुआ था, जिसकी पहचान हो चुकी है। पुलिस ने औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्ची के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### हॉर्टिकल्चर कॉलेज के 92 छात्र-छात्राएं सुरक्षित निकाले

मंडी। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि आपदा प्रभावित थुनाग क्षेत्र से उद्यानिकी एवं वानिकी कॉलेज, थुनाग के 92 बच्चों को सुरक्षित निकालकर उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण उद्यानिकी एवं वानिकी कॉलेज, थुनाग के लगभग 90 विद्यार्थी व उनके अध्यापक बाढ़ जैसी स्थिति में यातायात साधन बंद होने के कारण वहीं फंस गए थे। स्थानीय प्रशासन, आपदा प्रबंधन से जुड़े अन्य विभागों के संयुक्त प्रयासों से सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित रूप से वहां से निकालकर आज सकुशल उनके माता-पिता को सौंप दिया गया।

### सरकार को आपदा प्रबंधन योजना पर देना होगा ध्यान : गुमान

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर। सराज क्षेत्र में बादल फटने और फ्लैश फ्लड ने चौथे दिन भी भयंकर तबाही का देखने को मिली है। बाखलीखड्ड और सहायक नालों में आए सैलाब ने थुनाग, देजी पखरैर, जंजैहली, चिऊणी जरोल, लंबाथाच, ब्रूंग रैलचौक, ढीम कटारू और संगलवाड़ा जैसे क्षेत्रों में 400 से अधिक मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। लगभग 80 हजार की आबादी अब खाद्यान्न संकट का सामना कर रही है। थुनाग उपमंडल में 48 से अधिक लोग लापता हैं और 8 से ज्यादा की मृत्यु की खबर है। हालांकि भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टरों के जरिए राशन और दवाइयां पहुंचाने की कोशिश की जा रही है और बुधवार को भी राहत सामग्री रैनगल हैलिपैड तक पहुंचाई गई, लेकिन यह 80 हजार लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए नाकाफी है। हिमालय नीति अभियान के संयोजक गुमान सिंह का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और अनियोजित निर्माण ने सराज को और जोखिम में डाल दिया है। सरकार को दीर्घकालिक आपदा प्रबंधन योजना पर ध्यान देना होगा, जिसमें खाद्यान्न भंडारण और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना शामिल है।

## गुम्मा के पास भूस्खलन से एनएच-154 पांच घंटे रहा बंद

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

जोगिंद्रनगर। मंडी-पठानकोट नेशनल हाईवे-154 पर गुम्मा के समीप खानी नाला के पास गुरुवार सुबह भारी भूस्खलन के चलते सड़क मार्ग बाधित हो गया।

पहाड़ी से गिरे मलबे ने सुबह 4 बजे के करीब मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सड़क पर फंसे यात्रियों को करीब पांच घंटे तक अपने वाहनों में ही इंतजार करना पड़ा। भारी बारिश के चलते मलबा हटाने में एनएचएआई की टीम को भारी मशक्कत करनी पड़ी। लगातार हो रही बारिश के



बीच काम करना मुश्किल हो रहा था, लेकिन जैसे ही बारिश थमी, राहत कार्य में तेजी लाई गई और सुबह 9 बजे के करीब सड़क को दोबारा बहाल कर दिया गया। नेशनल हाईवे ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विकास ने कहा कि मार्ग को सुबह 9 बजे के करीब सुचारु कर दिया है।

## पंडोह में बाढ़ पीड़ित ढूंढते रहे अपने वाहन और घरों का जरूरी सामान

बालक राम, अनंत ज्ञान

पंडोह। कुकलाह क्षेत्र में बुधवार को बाढ़ से प्रभावित लोग अपने टूटे हुए घरों में बचे-खुचे सामान की तलाश करते रहे। बाढ़ के प्रकोप में आठ कारें, दो बाइक और एक स्कूटी कुकलाह खड्ड की भेंट चढ़ गईं।

लाल सिंह, शिव लाल, परम देव और लच्छमन दास जैसे पीड़ित अपनी गाड़ियों को खड्ड से लेकर पंडोह डैम झील तक खोजते देखे गए, मगर कोई सुराग नहीं मिला। लाल सिंह शर्मा ने बताया कि उनकी महिंद्रा बोलेरो गाड़ी ऋण पर खरीदी गई थी। इंश्योरेंस कंपनी को सूचित किया, परंतु कंपनी का कहना है कि जब तक गाड़ी या उसके पुर्जे नहीं मिलते, दावा नहीं स्वीकारा जाएगा।

**बाढ़ में बहने वाली गाड़ियां**

- एचपी 76-1481 - मारुति 800, लछमन दास
- एचपी 32-ए-76ए-7568- ऑल्टो 800, परस राम
- एचपी 32-ए-3587-शिव लाल
- एचपी 32-ए-7740-लुदरमणी
- एचपी 87-ए-0173-भूपेंद्र कुमार
- एचपी 32-बी-1892-बालक राम, बाइक
- एचपी 87-बी-8720-श्याम सिंह, स्कूटी
- एचपी 32-ए-4718-राम दास, बाइक
- एचपी 32-ए-8065-प्रेम सिंह, बाइक
- एचपी 87-ए-3220 - लाल सिंह शर्मा, महिंद्रा बोलेरो
- एचपी 32-ए-5032-परम देव, की ऑल्टो कार बाढ़ में बह गई है।

## बारिश से प्रभावित पंचायतों का कांग्रेस सचिव ने किया दौरा

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने जोगिंद्रनगर क्षेत्र की लांगणा, खड़िहार और तुलाह पंचायतों का दौरा कर हाल ही में भारी बारिश और भूस्खलन से प्रभावित हुए परिवारों से मुलाकात की।

उन्होंने पीड़ितों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया और कहा कि सरकार और प्रशासन पूरी तरह से उनके साथ खड़ा है। भारी मूसलाधार बारिश के कारण इन क्षेत्रों में कई मकानों, गोशालाओं और सुरक्षा दीवारों को भारी क्षति पहुंची है। इसके चलते स्थानीय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जीवन ठाकुर ने प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही यह दौरा किया गया है, ताकि मौके पर पहुंचकर पीड़ितों की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि सभी प्रभावितों को त्वरित राहत उपलब्ध कराई जाए और नुकसान का उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। जीवन ठाकुर ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में किसी भी परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखा जाएगा।

## पुल न होने से खलैहल पंचायत के लोग परेशान

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

बरोट। बरोट क्षेत्र के खलैहल पंचायत के मियोट, खलैहल, छोटी और बड़ी झरवाड़ गांवों के लोगों को हर वर्ष बरसात के मौसम में नाग नाला के बढ़ते जलप्रवाह का सामना करना पड़ता है।

**नाग नाला में बरसात में बढ़ता पानी बना परेशानी का सबब**



नाले पर पुल न होने की वजह से न केवल ग्रामीणों, बल्कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चों की आवाजाही भी खतरे में पड़ जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार हर बरसात में नाग नाला रौद्र रूप धारण कर लेता है, जिससे स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर उसे पार करते हैं। वर्ष 2012 में बादल फटने के कारण नाग नाला में बना पुल बह गया था और तब से अब तक इस स्थान पर नया पुल नहीं बन पाया है। लोक निर्माण विभाग ने सिर्फ सड़क को चौड़ा कर वाहनों की आवाजाही के लिए खोला है, लेकिन बरसात में सारा पानी सड़क के ऊपर से बहता है, जिससे यह सड़क एक नाले जैसा प्रतीत होती है। वार्ड सदस्यों तुवारू राम, रमेश कुमार, पवन कुमार, विजय कुमार, रागी राम, दिनेश कुमार, ओम, डागी राम, रविंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विरागी राम आदि ने मांग की है कि नाग नाला में शीघ्र पुल का निर्माण किया जाए, ताकि ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को राहत मिल सके।

## तनेहड़ गांव में दो मकान और सात गोशालाएं खतरे की जद में

अनंत ज्ञान, धर्मपुर

उपमंडल धर्मपुर की ग्राम पंचायत तनेहड़ गांव में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते शुक्रवार देररात बड़ा भूस्खलन हुआ, जिससे दो रिहायशी मकान और सात गोशालाएं खतरे की जद में आ गई हैं।

जानकारी के अनुसार हरयानाल में रहने वाले श्याम सिंह की गोशाला पर मलबा गिरने से एक गर्भवती भैंस और एक गाय की दबकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य छह से सात पशु भी बह गए हैं। अमर सिंह पुत्र नरोतम का घर और गोशाला भी भूस्खलन की चपेट में आ गया है। इसके अलावा जसवंत सिंह पुत्र कश्मीर,



आपदा के दौरान घर के ऊपर आया मलबा।

**पशुधन को भारी नुकसान कई मवेशी दबकर मरे**

मनजीत पुत्र भागमल, गौरीदत्त, अशोक कुमार तथा चंदलाल पुत्र परसराम की गोशालाएं भी भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुई हैं। गौरीदत्त की बकरी मलबे में दब गई, अशोक कुमार की गाय, बकरी और बकरा भूस्खलन में मारे गए, जबकि चंदलाल की गोशाला में भी गाय, बकरी और बकरा दब गए हैं। प्रभावित मकानों के नीचे सुरक्षा के लिए बनाए गए डंगे मूसलाधार बारिश में ढह गए हैं, जिससे अब पूरे मकान असुरक्षित स्थिति में हैं।


स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल संबंधित राजस्व अधिकारी को सूचना दी, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और रिपोर्ट तहसील कार्यालय को भेज दी है। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत राशि और उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

## मुख्यमंत्री ने निभाया संवेदनशील नेतृत्व का फर्ज : सन्नी ईपन

अनंत ज्ञान, मंडी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सह संयोजक सन्नी ईपन ने मुख्यमंत्री सुक्खू के राहत कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हाल ही में गोहर, धर्मपुर, करसोग और सराज क्षेत्रों के आपदा पीड़ितों से मिलकर मुख्यमंत्री ने जो संवेदनशीलता दिखाई है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है।

सन्नी ईपन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने न केवल पीड़ितों से संवाद किया, बल्कि उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार केवल नकद मुआवजा नहीं देगी,



बल्कि गाय के बदले गाय, बकरी के बदले बकरी और जमीन के बदले जमीन देकर लोगों को जीवन खड़ा करने का अवसर देगी। सन्नी ईपन ने इसे एक जिम्मेदार और जमीनी नेतृत्व का उदाहरण बताया और कहा कि यह पहल केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि आत्मसम्मान के साथ पुनर्वास की दिशा में बड़ा कदम है।

## स्याठी आपदा प्रभावितों ने बनाई पुनर्वास कमेटी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सरकाघाट के धर्मपुर क्षेत्र के स्याठी गांव में आई भीषण बाढ़ से तबाह हुए परिवारों की मदद के लिए देश-विदेश से लोग आगे आ रहे हैं। जिला पार्षद वंदना गुलेरिया ने राहत सामग्री से भरा टेंपो पीड़ितों को भेंट किया। वहीं पंचायत समिति सदस्य शिवकुमार वर्मा ने मासला स्थित अपना छह कमरों का मकान और 35 बीघा उपजाऊ जमीन पीड़ितों के लिए अस्थायी रूप से देने की घोषणा की है।

राज्य सूचना आयुक्त डॉ. एसएस गुलेरिया ने 1 लाख की सहायता दी है। सरकाघाट की सेवा संकल्प समिति ने स्याठी और भद्राना गांव के प्रत्येक प्रभावित परिवार को 10-10 हजार की मदद देने की घोषणा की है। स्याठी के बीस प्रभावित परिवारों ने एक सात सदस्यीय कमेटी बनाई है जिसकी अध्यक्ष अति देवी हैं।

## 'किसमें कितना है दम' में हिना दूसरे स्थान पर



किस में कितना है दम में हिना दूसरा स्थान प्राप्त करने के बाद सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान, गोहर

'किस में कितना है दम' में हिना ने प्राप्त किया दूसरा स्थान। मंडी जिला के गोहर उपमंडल के डडोह गांव की हिना ने डांस रियलिटी शो किस में कितना है दम में बिखेरा अपने डांस का जलवा और दूसरा स्थान हासिल किया। इतनी छोटी सी उम्र में एक बहुत बड़े रियलिटी शो के मंच पर डांस करके इस बेटी ने प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया। इस छात्रा के पिता मिस्त्री का काम करते हैं और माता एक गृहणी है। इस नन्ही बच्ची का डांस टीवी शो में देखकर ग्रामीण क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## आस्था

### देव मांहुनाग चुनाहन का मेला मनाया, 21 देवी-देवताओं ने की शिरकत

# वाद्य यंत्र मुकाबले में महाकाली टांवा की टीम प्रथम

आदर्श, अनंत ज्ञान

नेरचौक। श्री देव मांहुनाग चुनाहन का मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया। मेले में इलाके के 21 देवी-देवताओं ने शिरकत कर मेले की शोभा बढ़ाई।

मेले के समापन अवसर पर निदेशक को-ऑप्रेटिव बैंक लाल सिंह ने बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की और नजराना भेंट कर इन्हें विधिवत रूप से विदाई दी।

कमेटी के प्रधान रमेश यादव ने बताया कि मेले से पूर्व संध्या में देव मांहुनाग का विशाल जागरण किया गया। जिसका शुभारंभ स्थानीय पंचायत के प्रधान पंकज चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने मेले में आए सभी देवी देवताओं व उनके साथ आए हुए देवलुओं व कारदारों का मेले में पधारने के लिए मेला कमेटी की ओर से स्वागत किया।



वहीं म्यूजिकल चेयर में लक्ष्मी महिला मंडल सलवाहन व हाटेश्वरी महिला मंडल पाली का मुकाबला बराबरी पर रहा। वहीं बजंतरियों के वाद्य यंत्र मुकाबले में महाकाली टांवा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि मदोदरी माता नेरचौक की टीम दूसरे स्थान पर रही। थाना प्रभारी धनोट राजेंद्र ठाकुर ने महिला मंडलों की महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

वहीं मुख्यातिथि लाल सिंह कौशल ने बजंतरी टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि लाल सिंह कौशल ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि श्री देव मांहुनाग इस क्षेत्र के आराध्य देव हैं जिनके प्रति क्षेत्र के लोगों की अथाह आस्था है।

# सदमे में स्याठी गांव के लोग, होने लगे बीमार

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

धर्मपुर की लौंगनी पंचायत के स्याठी गांव के आपदा प्रभावित लोग सदमे के कारण बीमार पड़ना शुरू हो गए हैं। बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री और विधायक ने जब यहां का दौरा किया तो तमाम अधिकारियों प्रभावितों को तमाम सुविधाएं देने की आदेश दिए थे क्योंकि तो मुख्यमंत्री के जाने के बाद ही ना तो अधिकारियों ने प्रभावितों की कोई सुध ली और न ही इन्हें कोई भी सुविधा अब तक मुहैया हो पा पा रही है प्रभावित सिर्फ लोगों द्वारा दिए गए दान पर निर्भर है इनमें से करीब एक दर्जन लोगों का ब्लड प्रेशर हाई चल रहा और पिछली रात 55 वर्षीय कृष्ण सिंह का पेशाब रुकने के कारण पहले सरकाघाट ले



मंदिर में सुविधाओं का इंतजार करते हुए आपदा प्रभावित।

**एक को बिलासपुर और दूसरे को सरकाघाट किया एडमिट**

जाया गया और वहां से अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान बिलासपुर शिफ्ट किया गया है। आज सुबह राजो देवी पत्नी कृष्ण सिंह जिसकी उम्र 52 साल है को उस समय चक्कर आ गया जब उनके रिश्तेदार उनसे मिलने आए थे और वे घर गिरने से आहत होकर लगे सदमे के कारण विशुद्ध होकर गिर गए जिसके बाद उन्हें भी सरकाघाट अस्पताल ले जाया गया है। पूर्व जिला पार्षद भुपेंद्र सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि कुछ समय के लिए वहां पर एंबुलेंस व चिकित्सा टीम तैनात की जाए। उन्होंने बताया कि जिस मंदिर में इन बीस परिवारों को ठहराया गया है वहां पर तीन दिन से बिजली नहीं है और न ही पीने का पानी उपलब्ध है। कुल 63 लोग बेघर हुए हैं और उनमें डेढ़ दर्जन बच्चे हैं और बुजुर्ग महिला और पुरुष भी हैं जिनके ठहरने के लिए अलग व्यवस्था करनी होगी।

### शीघ्र भेजी जा रही है मेडिकल टीम : पाटिल

एसडीएम धर्मपुर जोगिंदर पाटिल ने कहा की मंदिर में ठहराए गए प्रभावितों के चेकअप के लिए धर्मपुर से मेडिकल टीम भेजी जा रही है एक्शन को तुरंत पेयजल और विद्युत सप्लाई बहाल करवाने के लिए आदेश दिए हैं इन्हें दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### बैंक अधिकारी पर अश्लील हरकतें करने का आरोप



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला में भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा के अधिकारी पर बैंक में कार्यरत दो युवतियों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। दोनों युवतियों में।से एक की ओर से महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उन्होंने शिकायत में कहा है कि बैंक अधिकारी उनके साथ अश्लील हरकतें करता है और जबरन शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने का प्रयास करता है। युवतियों ने इस मामले में वीडियो एविडेंस भी पुलिस को सौंपे हैं। इसमें स्पष्ट तौर पर अधिकारी को छेड़खानी करते हुए दिखाया गया है, हालांकि युवती ने बाद में उसी वीडियो में परेशान करने की जानकारी भी दी है। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सोशल मीडिया इन्फलुएंसर के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले में माइनिंग लीज, औद्योगिक विस्तार (बल्क ड्रग पार्क) और कई मामलों में विवादित वीडियो बनाकर वायरल करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। यह मामला अंशुल धीमान संयुक्त निदेशक, उद्योग, जिला उद्योग केंद्र, ऊना जिला ऊना की शिकायत पर बुधवार को दर्ज हुआ है। सोशल मीडिया इनफ्लेंसर जो वसंत विहार, रक्कड़ कॉलोनी, ऊनाका निवासी बताया गया है, उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में यह मामला पंजीकृत हुआ है। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में पंजीकृत करवाया कि आरोपी ने एक स्वयंभू सोशल मीडिया कार्यकर्ता जानबूझकर गलत सूचना फैला रहा है और बल्क ड्रग पार्क परियोजना के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियान चला रहा है, जो कि राष्ट्रीय महत्व की परियोजना है और इसे भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से तहसील हरोली, जिला ऊना में 1923 करोड़ रुपए के कुल परियोजना परिव्यय के साथ विकसित किया जा रहा है, साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा ड्रोन उड़ान गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध होने के बावजूद, वह अभी भी हरोली, टाहलीवाल, बल्क ड्रग पार्क साइट के औद्योगिक क्षेत्रों जैसे राष्ट्रीय हित के स्थानों पर और इसके आसपास लगातार अवैध ड्रोन उड़ाने की गतिविधियों को अंजाम दे रहा है तथा जिला मैजिस्ट्रेट महोदय ऊना द्वारा जारी जारी आदेशों जो ड्रोन नियमों से संबंधित है, में वर्णित प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए ये गतिविधियां कर रहा है। आरोपी के सभी वीडियो उनके फेसबुक जैसी विभिन्न सोशल मीडिया साइटों पर उपलब्ध हैं।

### अंब थाने में फरियादियों के लिए दी कुर्सियां



पायल महंत कुर्सियां दान करने के बाद थाना प्रभारी व स्टाफ के साथ।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब की समाजसेवी पायल महंत ने पुलिस थाना में अपनी फरियाद लेकर आने वाले लोगों को बैठने के लिए एसएचओ अंब को 12 कुर्सियां भेंट की हैं, जिससे फरियादियों को राहत मिले। दरअसल पायल महंत अपने किसी मामले को लेकर पुलिस थाना अंब में गई थी, इस दौरान दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से कुछ लोग फरियाद लेकर आए हुए थे। फरियादी लोगों में महिलाओं के साथ-साथ बुजुर्ग भी शामिल थे। थाना में फरियादियों को बैठने के समुचित व्यवस्था न होने के चलते उन्होंने बुजुर्गों को बैठने के लिए परेशान होते देखा। पायल ने उनकी तकलीफ को समझते हुए अपना काम बीच में छोड़ दिया और अपनी इच्छा से बाजार से कुर्सियां लेने चली गईं। उन्होंने फरियाद लेकर आए लोगों को बैठने के लिए कुर्सियां उपलब्ध कराईं। बताते चलें की पायल महंत समाज सेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेती है। जरूरतमंदों की मदद करना उनकी दिनचर्या बन गया है। पायल का कहना है कि जरूरतमंद की मदद करने से उन्हें अलग ही तरह का सुकून मिलता है और वह इस कार्य में किसी तरह का भेदभाव भी नहीं करती है।

# मानसून की पहली बारिश ने मचाई तबाही

## घरों में घुसा पानी, लैंडस्लाइड से सड़कें बंद, उफान पर सोमभद्रा नदी

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना/गगरेट**



पंजवार। कुठेड़ा जसवालां गांव में पुलिया टूटने से सहकारी सभा का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण हो रही तबाही रुकने का नाम नहीं ले रही है। ऊना में बुधवार देर रात से शुरू हुई बारिश वीरवार सुबह तक जारी रही, जिससे पूरे जिले में जनजीवन प्रभावित हुआ। भारी बारिश के चलते जिले में जगह-जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। कई जगह भवनों और पुलों का नुकसान हुआ, जबकि कुछ जगहों पर लैंडस्लाइड और पेड़ गिरने की भी घटनाएं सामने आई हैं। कई संपर्क सड़कें बंद हो गई हैं। ऊना जिले की लाइफ-लाइन कही जाने वाली सोमभद्रा नदी समेत उसके सभी सहायक नाले और खड्डें भारी बारिश के कारण उफान पर रहीं। इसके अलावा ऊना और आस पास कई घरों और सरकारी भवनों में बारिश का पानी घुस गया, जिसे निकालने के लिए फायर ब्रिगेड का सहारा लेना पड़ा।

**इन इलाकों में बारिश का कहर :** ऊना जिले में अधिकांश स्थानों पर कई घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई, जो कि कई जगहों पर लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई। जिले में सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में गगरेट के कुठेड़ा जसवालां, बंगाणा, घनारी, बसाल,

आफत की बारिश

धमांदरी, चलौला, रक्कड़ कॉलोनी, पंजावर, और त्यूड़ी गांव शामिल हैं। यहां भारी बारिश के चलते बरसात का पानी लोगों के घरों में घुस गया, इससे घरेलू सामान को भी खासा नुकसान पहुंचा है। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी रात भर घरों से पानी निकालने में जुटे रहे।

ऊना के टक्का स्कूल में पानी भर गया, झंबर, कुरियाला में लोगों के घरों में पानी घुस गया। धमांदरी में एक मुर्गी फार्म का नुकसान हो गया। पंगलू पोलियां पुरोहितों में भू-स्खलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ है। घनारी में घरों में पानी घुस गया और फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बंगाणा के थहड़ा में पशुशाला का नुकसान हुआ जबकि डोहगी के जखौला गांव में प्रकाश चंद का आवास योजना में बनाया जा रहा निर्माणाधीन मकान क्षतिग्रस्त हो गया है।

**लैंडस्लाइड और पेड़ गिरने से रास्ता अवरुद्ध :** त्यूड़ी गांव में भारी बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुआ, जिससे संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो गया है, साथ ही एक विशाल पेड़ गिरने से रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। प्रशासन की ओर से रास्ता बहाल करने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है बरसात से पहले ही ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन को काम करना चाहिए था. जिससे लोगों को जलभराव से नुकसान न उठाना पड़े। वहीं, भारी बारिश के चलते जिले की प्रमुख सोमभद्रा नदी में भी जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है. इसके अलावा इसके सहायक नाले और खड्डे भी पूरी तरह उफान पर हैं।

**प्रशासन ने की सतर्क रहने की अपील :** जिले में मानसून की पहली भारी बारिश के बाद प्रभावित हुए जनजीवन को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। एडीसी महेन्द्र पाल गुर्जर ने बताया कि भारी बारिश के चलते जलप्रवाह तेज हो सकता है, जिससे जान-माल को खतरा हो सकता है। जिला प्रशासन ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए सभी पंचायतों और नगर निकायों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। लोगों से अपील है कि वे अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें, नदी-नालों के पास न जाएं और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित करें।

# डॉ. महेश्वर राय को मिली ऊना एमओए की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन (एचएमओए) ऊना की नई कार्यकारिणी का गठन क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में सर्वसम्मति से कर लिया गया है। यह प्रक्रिया एचएमओए ऊना के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. राहुल कटोच के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नई कार्यकारिणी का गठन पूर्व कार्यकारिणी को भंग करने के बाद किया गया, जिसमें सभी सदस्यों की पूर्ण सहमति प्राप्त हुई।

एचएमओए ऊना की कमान डॉ. महेश्वर राय को सौंपी गई है, जिन्हें संगठन का नया अध्यक्ष चुना गया है। डॉ. संजय मांकोटिया (एमएस क्षेत्रीय अस्पताल ऊना) को मुख्य सलाहकार और डॉ. राजीव गर्ग (बीएमओ अंब) को सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई है। उपाध्यक्ष के रूप में डॉ. श्रुति वशिष्ठ, महासचिव के रूप में डॉ. चेतन मौदगिल, कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ. विकास जसवाल और प्रेस सचिव के रूप में डॉ. विकास चौहान को नियुक्त किया गया है। राज्य स्तरीय सीईसी सदस्य के रूप में डॉ. सृष्टि शर्मा, डॉ. शुभम जसवाल और संयुक्त सचिव के रूप में डॉ. संजीव धीमान तथा डॉ. मनु शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिला कार्यकारिणी में शामिल सदस्यों में डॉ. अद्विश गौतम (आरएच ऊना), डॉ. राजेश वीर सिंह (हरोली), डॉ. साहिल शर्मा (गगरेट), डॉ. संदीप कुमार (अंब), डॉ. हिमांशु नड्डा (थानाकलां) और डॉ. अभिषेक कुमार (बसदेहड़ा) का चयन किया गया है। पूर्व अध्यक्ष डॉ. राहुल कटोच ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। नई टीम से डॉक्टरों के हितों की रक्षा के साथ-साथ संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाए जाने की उम्मीद है।



क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन का गठन किया गया।

# वीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष कंवर ने की केंद्रीय खेल मंत्री से मुलाकात

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



वॉलीबाल के भविष्य को लेकर विस्तृत चर्चा।

अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय खेल, युवा सेवाएं एवं श्रम व रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान देशभर में वॉलीबाल खेल के व्यापक प्रचार-प्रसार और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुलाकात के उपरांत जानकारी साझा करते हुए वीरेन्द्र कंवर ने बताया कि देश में वॉलीबाल खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए की जा रही योजनाओं और प्रयासों पर केंद्रीय मंत्री से गहन विचार-विमर्श हुआ।

उन्होंने बताया कि डॉ. मांडविया ने वॉलीबाल को जमीनी स्तर से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक सशक्त करने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। कंवर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री से हुई यह भेंट न केवल व्यक्तिगत रूप से उत्साहवर्धक रही, बल्कि इससे वॉलीबाल खेल के विकास को नई दिशा और गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से वॉलीबाल को गांव-गांव तक लोकप्रिय बनाया जाएगा और खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, सुविधाएं और अवसर मिलेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि आगामी समय में प्रदेश स्तर पर भी विशेष प्रयास किए जाएंगे ताकि हिमाचल प्रदेश वॉलीबाल के क्षेत्र में एक मॉडल राज्य के रूप में उभरे। यह भेंट भारतीय वॉलीबाल के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# डॉ. अतुल के खिलाफ गवाही देने के मामले ने पकड़ा तूल

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** थाना बंगाणा में एक युवक द्वारा गंभीर आरोपों के साथ दी गई शिकायत ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि एक स्थानीय युवक उस पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल राणा के खिलाफ झूठी गवाही देने का निरंतर दबाव बना रहा है। उसने इसे बार-बार फोन कर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है और झूठे बयानों के लिए उकसा रहा है। इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद थाना बंगाणा के प्रभारी रोहित चौधरी ने मामले का संज्ञान लिया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लिया है और संबंधित युवक को जल्द ही थाना तलब किया जाएगा। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं है और अगर कोई व्यक्ति किसी को झूठी गवाही देने के लिए मजबूर करता है, तो वह गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। वहीं, दूसरी ओर डॉ. अतुल राणा ने थाना बंगाणा से शिकायत की रिपोर्ट लेकर सोशल मीडिया पर लगाए गए अभद्र और बेबुनियाद आरोपों के खिलाफ न्यायालय में मानहानि का मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



डॉ. अतुल मामले में एक युवक मीडिया के सामने आया।

डॉ. अतुल राणा ने साफ कहा कि वे सोशल मीडिया पर बिना तथ्यों के लगाए गए झूठे आरोपों को लेकर कोर्ट में पांच करोड़ रुपए की मानहानि का दावा करेंगे। जानकारी के अनुसार, डॉ. अतुल राणा के खिलाफ हाल ही में एक फेसबुक पेज पर कथित रूप से अपमानजनक और तथ्यहीन पोस्ट साझा की गई थी। यह पोस्ट एक कथित युवक के इशारे पर बनाई गई थी, जिसमें डॉ. राणा की छवि को धूमिल करने की कोशिश की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस पोस्ट के पीछे बंगाणा के दो युवकों की साजिश थी, जिन्होंने एक कथित व्यक्ति के कहने पर यह भ्रामक कहानी रची। गौर करने वाली बात यह है कि जिस कथित व्यक्ति ने यह पोस्ट तैयार फेसबुक पर डाली

**▶ शिकायतकर्ता ने युवक पर लगाया दबाव बनाने का आरोप**

**▶ डॉ. अतुल कोर्ट में दायर करेंगे मानहानि का मामला**

है, उस पर पहले भी थाना हरोली में आपराधिक मामला दर्ज हो चुका है। पुलिस अब इस व्यक्ति की भूमिका की भी जांच कर रही है और उसके सोशल मीडिया गतिविधियों को खंगालने में जुटी है। संभावना है कि शनिवार को थाना बंगाणा में उक्त फेसबुक पेज चलाने वाले युवक को तलब किया जाएगा।

थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने कहा कि किसी प्रतिष्ठित डॉक्टर या अधिकारी पर बिना ठोस सबूतों के सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करना कानूनन अपराध है। सोशल मीडिया अभिव्यक्ति का माध्यम जरूर है, लेकिन इसका दुरुपयोग कर किसी के निजी जीवन पर झूठे और भ्रामक आरोप लगाना न सिर्फ आपराधिक कृत्य है, बल्कि इससे समाज में गलत संदेश जाता है। थाना बंगाणा पुलिस इस मामले को लेकर पूरी सतर्कता से जांच कर रही है। साइबर सैल की मदद से आरोपी फेसबुक पेज की पूरी गतिविधियों का रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है।

पुलिस और न्यायालय की ओर से इस तरह के मामलों में सख्त कदम उठाना यह दर्शाता है कि कानून किसी की छवि धूमिल करने की इजाजत नहीं देता। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि जांच में क्या नए खुलासे होते हैं और मानहानि के इस बड़े मुकद्दमे में अदालत क्या रुख अपनाती है। थाना बंगाणा की पुलिस द्वारा की जा रही सक्रियता से उम्मीद है कि जल्द ही इस प्रकरण की सच्चाई सामने आ जाएगी और दोषियों को उचित दंड मिलेगा।

# हरोली कॉलेज में इस सत्र से बीएससी मेडिकल और नॉन मेडिकल की कक्षाएं होंगी शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरोली क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से बीएससी मेडिकल एवं नॉन मेडिकल की कक्षाएं आरंभ की जाएंगी। प्रदेश सरकार द्वारा इस संबंध में अनुमति प्रदान कर दी गई है तथा शिक्षा सचिव ने निदेशक उच्च शिक्षा को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रणवीर डडवाल ने बताया कि विज्ञान संकाय की शुरुआत से अब विद्यार्थियों को विज्ञान विषयों की पढ़ाई की उच्च स्तरीय व्यवस्था मिलेगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

**स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का भी विस्तार, नए भवन में चलेंगी कक्षाएं :** प्रो. डडवाल ने जानकारी दी कि कॉलेज में इस सत्र से बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रम भी आरंभ किए जा रहे हैं, जिनमें 60-60 सीटें निर्धारित की गई हैं।

इसके अतिरिक्त, एमकॉम, एमए अंग्रेजी, एमए हिंदी, एमए राजनीतिक विज्ञान और एमए इतिहास जैसे पांच स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी शुरू किए जा रहे हैं, जिनमें प्रत्येक में 30-30 सीटें उपलब्ध होंगी।

कॉलेज में बीए और बीकॉम की कक्षाएं पहले से ही संचालित हो रही हैं। लगभग 16 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा नया कॉलेज भवन अब पूर्णता की ओर है, जिसमें इस सत्र से कक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

### डिप्टी सीएम के प्रयासों से शिक्षा का नया युग

**उल्लेखनीय** है कि उपमुख्यमंत्री एवं हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री के निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि हरोली कॉलेज को एक बहुआयामी और उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है। विज्ञान संकाय की शुरुआत विशेष रूप से उन बेटियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर लेकर आई है, जो अब अपने घर के निकट ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। कॉलेज में नए कोर्सों की शुरुआत से क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। लोगों ने उपमुख्यमंत्री के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय न केवल आर्थिक दृष्टि से राहत प्रदान करेगा, बल्कि ग्रामीण अंचलों में बेटियों की शिक्षा को लेकर सामाजिक सोच में भी सकारात्मक परिवर्तन लाएगा।

**▶ पांच पीजी कोर्स भी होंगे आरंभ, क्षेत्रवासियों ने जताया मुकेश का आभार**

# मंदिर न्यास चिंतपूर्णी ने रिपेयर की टूटी सड़क, मिलेगी राहत

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** मंदिर न्यास चिंतपूर्णी द्वारा वीरवार को मोइन शिव मंदिर सड़क मार्ग पर टूटी सड़क को रिपेयर कर दिया गया, जिससे लोगों को राहत मिलेगी। चिंतपूर्णी के मुख्य मार्ग पर 10 से लेकर 3 बजे तक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित होने के कारण स्थानीय लोग इस रास्ते का ही इस्तेमाल अस्पताल और अन्य कार्यों के लिए करते हैं।

पूर्व सूचना न होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भाजपा नेता राजेश पराशर ने कहा कि रोड की रिपेयर से पहले सूचना देना जरूरी था। अगर सूचना दी होती तो स्थानीय लोग इस रास्ते का इस्तेमाल नहीं करते और मंदिर न्यास भी इस रोड की पूरी तरह से मरम्मत करता।

भाजपा नेता ने यह भी कहा कि अभी एक स्थान पर रिपेयर कर फॉर्मेलिटी पूरी कर दी गई है, लेकिन लगता है कि काम अधूरा है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि मंदिर न्यास आगे भी इस तरह के कार्यों में सुधार करेगा और लोगों की परेशानी को ध्यान में रखेगा।



सड़क की दुर्दशा से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता था।

# स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी पर आज होगा मंथन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा में रोगी कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा करेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी को लेकर बुलाई जा रही इस बैठक में अस्पताल प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। विधायक विवेक शर्मा ने इस संदर्भ में बताया कि रोगी कल्याण समिति की बैठक में अस्पताल की सुविधाओं का जायजा लिया जाएगा।

बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा, दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों की तैनाती और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना है, और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

**भारी बारिश से नुकसान का विधायक लेंगे जायजा :** बैठक के पश्चात विधायक विवेक शर्मा कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हुई मूसलधार बारिश के चलते हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

जानकारी के अनुसार कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, पेयजल योजनाएं बाधित हुई हैं और कुछ ग्रामीण परिवारों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। विधायक शर्मा ने कहा कि वे पिछले चार दिनों से कुटलैहड़ से बाहर थे, लेकिन इस दौरान भी वे स्थिति पर पूरी निगाह रखे हुए थे। उन्होंने बंगाणा प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बारिश से हुए नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र तैयार की जाए।

उन्होंने प्रशासन से यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि जिन परिवारों के घर या फसलें प्रभावित हुई हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर राहत राशि दी जाए। विधायक विवेक ने मौसम विभाग के हवाले से जानकारी दी कि आने वाले चार दिनों तक भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। उन्होंने कुटलैहड़ क्षेत्र के नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है।

### संकट की घड़ी में आपसी समन्वय जरूरी : विवेक



**विधायक** विवेक शर्मा ने कहा कि इस संकट की घड़ी में प्रशासन और आम जनता के बीच समन्वय बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर सभी लोग मिलकर काम करें तो किसी भी आपदा का सामना करना आसान हो जाता है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया है कि राहत और बचाव कार्यों को तेज किया जाए और जरूरतमंदों तक समय पर मदद पहुंचे। हमारी प्राथमिकता यह है कि कोई भी नागरिक असहाय न महसूस करे। उन्होंने अफवाहों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर गलत सूचनाएं फैलाने से बचा जाए और केवल अधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर विश्वास किया जाए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे स्वयं पूरे क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और एक जनप्रतिनिधि के तौर पर हरसंभव मदद करने को तत्पर हैं।

**शानदार** ऊना जिला प्रशासन ने शुरू की प्रेरणादायी पहल, पुरस्कार के रूप में मिलेगी प्रोत्साहन राशि

# सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वालों को मिलेंगे 25 हजार

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** ऊना जिले में सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वालों को अब जिला प्रशासन 25 हजार रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि से सम्मानित करेगा। यह जानकारी उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने वीरवार को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दी। उन्होंने बताया कि संबंधित एसडीएम की अनुशंसा पर यह पुरस्कार राशि जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से तत्काल प्रदान की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य लोगों को सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद के लिए प्रेरित करना है, ताकि समय रहते उपचार सुनिश्चित हो सके और अधिक से अधिक जीवन बचाए जा सकें।



जिले के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त जतिन लाल।

बैठक में उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने के लिए पारंपरिक तरीकों से इतर लीक से हट कर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी उपमंडलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा को लेकर नियमित बैठकें आयोजित करें और सुधारात्मक कदमों को सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक एसडीएम अपने क्षेत्र के लिए एक समग्र 'सड़क सुरक्षा योजना' तैयार करे । उस योजना में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख हो कि वहां वर्तमान स्थिति क्या है, मुख्य समस्याएं कौन-सी हैं, अब तक क्या सुधार किए गए हैं और आगे किन उपायों से स्थितियों को बेहतर बनाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्कूल बसों की समय-समय पर जांच और स्कूलों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

उपायुक्त ने हर उपमंडल में प्रमुख स्थलों पर साइनेज, स्पीड ब्रेकर, उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे तथा चौक-चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगाने हेतु व्यापक सर्वेक्षण कर आवश्यक प्राक्कलन प्रस्तुत करने को कहा, ताकि प्रस्तावित कार्यों को समयबद्ध रूप से अमल में लाया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे किनारे खतरनाक स्थिति में खड़े जर्जर पेड़ों की पहचान कर आवश्यकता अनुसार उन्हें हटाया जाए, जिससे जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा, एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, एसडीएम बंगाणा अमित शर्मा, नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोमलाल, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता कुलदीप कुमार और बलदेव सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुखदीप सिद्धू सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मैहतपुर-ऊना एनएच पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**उपायुक्त** ने बताया कि मैहतपुर से ऊना तक एनएच पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए 38 स्थान चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि रामपुर पुल का मरम्मत कार्य प्रगति पर है। उन्होंने डीसी कार्यालय के समीप ऊना-होशियारपुर-संतोषगढ़ चौक पर शीघ्र ट्रैफिक लाइट स्थापित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, अंब के बढ़ूही चौक पर उपयुक्त ऊंचाई पर साइनेज बोर्ड और ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था करने को कहा। उपायुक्त ने ऊना-अंब हाईवे पर वाहनों की गति दर्शाने वाले इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले यूनिट लगाने तथा गगरेट और दौलतपुर बाजार सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर सभी प्रक्रियागत औचारिकताएं जल्द पूर्ण करने को कहा। साथ ही बंगाणा और टाहलीवाल चौकों में सुचारू यातायात के लिए ट्रैफिक लाइट लगाने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश भी दिए।

# बाबा राकेश को मिली फौरी राहत

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान, गगरेट।** दुष्कर्म के आरोपों का सामना कर रहे डेरा बाबा हरि शाह के गद्दीनशीन बाबा राकेश शाह को उच्चतम न्यायालय से फौरी राहत मिली है। उच्चतम न्यायालय ने बाबा राकेश शाह की गिरफ्तारी पर 19 अगस्त तक रोक लगा दी है। इस मामले की अगली सुनवाई उच्चतम न्यायालय में उन्नीस अगस्त को होगी। बाबा राकेश शाह पर एक युवती ने करीब दस साल पहले पानी में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर उसे कमरे में ले जाकर उसके साथ अर्धचेतन अवस्था में दुष्कर्म करने के संगीन आरोप लगाए थे।

युवती का आरोप था कि उस समय वह नाबालिग थी। इन आरोपों के आधार पर गगरेट पुलिस ने बाबा राकेश शाह व एक अन्य के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था। बाबा राकेश शाह वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक माथुर के माध्यम से अग्रिम जमानत के लिए उच्चतम न्यायालय की शरण में गए थे। दो जुलाई को डबल बेंच ने इस मामले में नोटिस जारी करते हुए बाबा राकेश शाह की गिरफ्तारी पर स्टे लगा दी है।

# श्री शाम संकीर्तन में संजय मित्तल के भजनों पर झूमा पंडाल

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान**

**टाहलीवाल।** श्री श्याम मित्र मंडल ऊना के तत्वाधान में आयोजित चतुर्थ श्री शाम संकीर्तन में विश्वप्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल ने हजारों श्रद्धालुओं को अपने भजनों पर झूमने को मजबूर कर दिया। बाबा श्याम व सालासर बालाजी का विशाल संकीर्तन बुधवार की रात संतोषगढ़ के एक पैलेस में आयोजित किया गया, जिसमें भजन गायक संजय मित्तल ने कई प्रसिद्ध भजन गाए। इस दौरान हारे का सहारा,खाटू श्याम हमारा, लखदातार की जय आदि उद्घोष गूंजते रहे।

मध्यप्रदेश से प्रसिद्ध भजन गायिका कनिका ग्रोवर ने जी लेंगें सरकार तेरी सरकारी में, करते हो तुम कन्हैया, श्याम घणी का जयकारा सहित कई प्रस्तुतियां दी। पंजाब से बाबा का गुणगान करने पहुंचे कलाकार आदित्य गोयल ने भी बाबा श्याम के शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर श्याम प्रेमियों को रसपान कराया। संतोषगढ़ ऊना से नमिश बस्सी ने भी मेरी बात बन रही है, तेरी बात करते करते सहित कई भजन गाए। श्याम भजनों से पूरा नगर ही खाटूमय हो गया। भोग आरती के साथ प्रसाद वितरित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिन-जिन सहयोगियों ने अपनी भूमिका निभाई है। उनका व साथ ही आसपास के इलाके से आए श्रद्धालु का आभार व्यक्त किया है। बाबा श्याम व सालासर बालाजी के कीर्तन में बिलासपुर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली सहित कई जगहों से श्रद्धालुओं ने शिरकत की।

कार्यक्रम में श्री श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारी मुकेश बस्सी, अंकुश बस्सी, हितेश बस्सी, अंकुश वशिष्ठ, परीक्षित चब्बा, प्रदीप कौशल, अजय जगोता, सुमित चावला, राकेश सोनी, नरिंन्द्र सिंह, मोहिंद्र पाल, प्रतीक कौशल, संजीव कुमार संजू, पुष्पराज, वंश चीटू, नंदन चीटू, चेतन चब्बा, सन्नी मेहन, डॉ. डेविड, गोविंद वशिष्ठ, सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 15 घंटे बाद बहाल हुआ मनाली-लेह मार्ग

## कांगनी नाले में आई बाढ़, इससे भारी मात्रा में मलबा स्नो गैलरी के ऊपर व आसपास हुआ एकत्रित



पर्यटन स्थल सोलंगनाला के समीप भारी बारिश के बाद कांगनी नाले में आई बाढ़ के कारण अवरुद्ध मनाली-लेह सड़क मार्ग।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन स्थल सोलंगनाला के समीप कांगनी नाले में बुधवार आधी रात को अचानक बाढ़ आ गई। भारी बारिश के बाद आई इस बाढ़ से भारी मात्रा में मलबा स्नो गैलरी के ऊपर व आसपास और भीतर एकत्रित हो गया। इस कारण अटल टनल से होकर मनाली-लेह मार्ग यातायात के लिए अवरुद्ध हो गया।

रास्ता अवरुद्ध होने के कारण अटल टनल से सोलंगनाला और सोलंगनाला से अटल टनल की ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। इसके बाद सीमा सड़क संगठन की टीम ने कड़ी मशक्कत से लगभग 15 घंटे के बाद सड़क को एक तरफा यातायात के लिए खोल दिया। लगभग 15 घंटे तक इस मार्ग पर यातायात पूर्ण रूप से बंद रहा। मनाली में रात को भारी बारिश हुई, जिससे कांगनी नाला में अचानक आई बाढ़ से भारी मलबा अटल टनल से पहले बनी स्नो गैलरी के समीप आ गया। स्नो गैलरी का एक मुहाना मलबे से भर गया और सड़क भी धंस गई।

इस कारण यातायात पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। लाहौल से सब्जियां लेकर मनाली की तरफ आ रहे सैकड़ों वाहन अटल टनल के आसपास फंस गए। लाहौल और लेह की ओर जाने वाले वाहन भी दिनभर जाम में फंसे रहे। हालांकि, प्रशासन ने बाद में यातायात रोहतांग दर्रा होकर शुरू किया। लाहौल जाने वाले और लाहौल से मनाली आने वाले वाहनों को बिना किसी परमिट के आने-जाने की अनुमति दी गई। मलबा आने की सूचना मिलते ही सीमा सड़क संगठन ने अपनी मशीनरियां लगाकर सड़क को बहाल करने का कार्य शुरू किया, लेकिन मलबा ज्यादा होने के कारण सड़क बहाल होने में लगभग 15 घंटे का समय लग गया। दोपहर करीब तीन बजे सीमा सड़क संगठन ने सड़क एक तरफा यातायात के लिए खोल दी। उधर, एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि कांगनी नाला में बारिश के कारण से बाढ़ आई थी, जिससे मलबा काफी सारी मात्रा में स्नो गैलरी के समीप आ गया। सीमा सड़क संगठन ने सड़क एक तरफा यातायात के लिए खोल दी है। उन्होंने अपील की है कि मौसम की स्थिति को देखकर ही यात्रा करें।

### डर के मारे सो नहीं पाए बीआरओ के जवान

**बीआरओ** योजक परियोजना का मुख्यालय भी इसी कंगनी नाले के किनारे बना है। हालांकि, मुख्यालय को नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन बीआरओ के जवान डर के भय में रात भर नहीं सो पाए। सोलंग गांव के ग्रामीण गोकल, रूप चंद व गुरदयाल ने बताया कि आधी रात को नाले में बहुत जोर की आवाज आई। बाढ़ आने से ग्रामीणों का कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन सड़क व स्नो गैलरी को नुकसान पहुंचा है। मनाली डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि सड़क बहाल होने से ट्रैफिक भी सुचारु हो गया है। सड़क बंद होने के कारण फंसे सभी वाहन अपने गंतव्यों की ओर निकल गए हैं। सड़क बंद होने के कारण सुबह से दोपहर तक सभी वाहनों को पलचान से रोहतांग व कोकसर होते हुए अटल टनल के नार्थ पोर्टल की ओर भेजा।

## श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया

**अनंत ज्ञान, मनाली।** श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक रवि शर्मा ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उनको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती हैं, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। इसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत के नीचे बुला लेते हैं, जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर देते हैं। इसके बाद ब्रज में भगवान कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं।

## महिलाओं के लिए काउंसिलिंग व सेंटरों को सुदृढ़ करना प्राथमिकता : विद्या नेगी



**अनंत ज्ञान, मनाली**

महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष विद्या नेगी ने कहा कि आयोग में आने वाली शिकायतों का जल्द समाधान, महिलाओं के लिए काउंसिलिंग और काउंसिलिंग सेंटरों को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

शिमला में कार्यभार संभालने के बाद अपने घर आई विद्या नेगी मनाली में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि आयोग में ढाई साल यह पद संभाला है। नेगी ने कहा कि इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाउंगी। इस समय आयोग में करीब 1600 मामले लंबित हैं, जिन्हें दोगुनी रफ्तार से निपटाने का प्रयास किया जाएगा। उनका प्रयास रहेगा कि हर जिले में जाकर वह उन मामलों को सुलझाने का प्रयास करेंगी। नेगी ने कहा कि आयोग में आने वाली शिकायतों का जल्द समाधान, महिलाओं के लिए काउंसलिंग और काउंसलिंग सेंटरों को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। सामाजिक न्याय और लैंगिक समानता के अधिकारों को प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा और महिलाओं की स्थिति को जमीनी स्तर पर सुधारने के लिए आवश्यक नीतिगत बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने यह जिम्मेदारी देने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री सूक्खू सहित विधायक भुवनेश्वर गौड़ का आभार जताया।

### मनाली पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

शिमला में कार्यभार संभालने के बाद घर लौटी महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी का जोरदार स्वागत किया गया। विद्या नेगी का ग्रामीणों व मनाली कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व नेताओं ने उनके सम्मान में सर्किट हाउस में सम्मान समारोह रखा। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से विद्या नेगी का स्वागत किया। विद्या नेगी ने सभी लोगों का आभार जताया और कहा कि वह घाटी वासियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। महिला कांग्रेस के अलावा कांग्रेस के अधिकतर बड़े नेता कार्यक्रम में नहीं दिखे, लेकिन मनाली के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

## अब हृदय रोगियों को नहीं लगाने पड़ेंगे पीजीआई और आईजीएमसी के चक्कर

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

- 15 करोड़ रुपए से कैथ लैब में लगेगी मशीनरी
- कुल्लू अस्पताल में जल्द होगी कार्डियोलॉजिस्ट की तैनाती

**कुल्लू।** कुल्लू जिले के लोगों को अब हार्ट अटैक या हृदय रोग से संबंधित बीमारी के उपचार के लिए पीजीआई या आईजीएमसी जाने की जरूरत नहीं रहेगी।

जल्द ही प्रदेश सरकार की ओर से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में कार्डियोलॉजिस्ट की तैनाती की जाएगी। कार्डियोलॉजिस्ट की तैनाती होने से हृदय रोगियों को पीजीआई चंडीगढ़, आईजीएमसी शिमला या अन्य अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इससे कुल्लू जिले के अलावा जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति, चंबा, भरमौर के अलावा कुल्लू के साथ सटे मंडी जिला के मरीजों को भी सुविधा मिलेगी। लिहाजा, जल्द ही हृदय रोग से संबंधित मरीजों को अब उपचार के लिए बड़े अस्पतालों की दौड़ से छुटकारा मिलने के साथ ही समय और पैसे दोनों की बचत होगी। इसके अलावा मरीजों को अपने ही शहर में आधुनिक और विशेषज्ञ इलाज मिलेगा।

> **जल्द** ही प्रदेश सरकार की ओर से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में कार्डियोलोजिस्ट की तैनाती की जा रही है। साथ ही करीब 15 करोड़ की लागत से कैथ लैब और पूरी मशीनरी भी मुहैया करवाई जा रही है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार में हिमाचल प्रदेश सहित कुल्लू जिले में सुविधाओं को लेकर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू नए आयाम स्थापित कर रहा है। अभी हाल ही में बागासराहन में सीएम के दौरे के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में कार्डियोलोजिस्ट की तैनाती करने की बात कही है।
>
> **सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक कुल्लू विस क्षेत्र।**

### शहीद डोला राम का 26वां बलिदान दिवस गर्व के साथ मनाया

## देशभक्ति के जज्बे से गूंजा निथर



कारगिल युद्ध के हीरो शहीद डोला राम की शहादत के अवसर पर गणमान्य लोग।

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर शहीद डोला राम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वीरवार को निथर के शहीद डोला राम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बलिदान दिवस गर्मजोशी और गर्व के साथ मनाया गया। कारगिल युद्ध के हीरो और कुल्लू जिले के एकमात्र कारगिल शहीद डोला राम के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभक्ति की भावना हर दिल में हिलोरे मारती दिखी।

तीन जुलाई, 1999 को ऑपरेशन विजय में अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद हुए डोला राम की स्मृति में आयोजित समारोह में 871 मीडियम रेजिमेंट के कर्नल जीएस अरोड़ा की अगुवाई में शहीद को सलामी दी गई। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, नाटक और रंगारंग कार्यक्रम पेश कर समां बांधा। बच्चों की आवाज में शहीद के प्रति सम्मान और देश के लिए कुछ कर गुजरने का जुनून साफ झलक रहा था। शहीद की पत्नी प्रेमा देवी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, गणमान्य नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों और कई पूर्व सैनिकों की पत्नियों ने भी शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कर्नल जीएस अरोड़ा ने कहा कि यहां के बच्चों में देशभक्ति का जोश देखकर विश्वास होता है कि इस क्षेत्र से भविष्य में भी अनेक वीर सपूत सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा, आप सभी की देशभक्ति हमारे लिए भी प्रेरणा है और हम हर पल देशवासियों की सेवा के लिए तत्पर हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मपाल ने मुख्यातिथि, शहीद की पत्नी और अन्य सभी अतिथियों सहित आयोजन को सफल बनाने वाले सभी का आभार व्यक्त किया।

एसएमसी अध्यक्ष धर्मपाल समेत अन्य शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि यह निथर क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि यहां से कुल्लू जिले के एकमात्र कारगिल शहीद डोला राम ने जन्म लिया, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा में प्राण न्योछावर कर अमर बलिदान दिया।

## सितारे जमीन पर फिल्म देखकर भावुक हुए विशेष बच्चे

### शोभला साथी ट्रस्ट की ओर से बच्चों व अभिभावकों के लिए निशुल्क स्क्रीनिंग



शोभला थियेटर में विशेष बच्चों व अभिभावकों के साथ विधायक सुंदर ठाकुर सहित अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सांफिया फाउंडेशन और शोभला साथी ट्रस्ट की संयुक्त पहल पर वीरवार को शोभला थियेटर ढालपुर में विशेष बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए बॉलीवुड की प्रसिद्ध प्रेरणादायक फिल्म सितारे जमीन पर की निशुल्क स्क्रीनिंग आयोजित की गई।

इसमें मुख्यातिथि कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगता के क्षेत्र में सांफिया फाउंडेशन उत्कृष्ट योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि विशेष बच्चे समाज के लिए बोझ नहीं, बल्कि एक विशेष आशीर्वाद हैं, जिनमें किसी न किसी रूप में अद्भुत प्रतिभा होती है। विधायक सुंदर सिंह ने बताया कि जब क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र की शुरुआत हुई थी, तब कई प्रकार की भ्रांतियां थीं, लेकिन आज यह केंद्र विशेष बच्चों के लिए बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने अस्पताल में और सुविधाएं जोड़ने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. नाग राज पवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने सांफिया फाउंडेशन व शोभला साथी ट्रस्ट की इस सराहनीय पहल के लिए बधाई दी। चंडीगढ़ से आई एक अभिभावक प्रिया ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनकी बेटी अमायरा का इलाज चंडीगढ़ में कराने के बाद भी जब सुधार नहीं हुआ, तब उन्होंने कुल्लू का रुख किया, जहां अब उनकी बेटी पहले से काफी बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थानों में भी अगर इच्छाशक्ति और समर्पण हो, तो निजी संस्थानों से कहीं बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। अभिभावक संघ के अध्यक्ष राकेश उपाध्याय ने कहा कि केंद्र में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल रही हैं। सांफिया फाउंडेशन की निदेशक डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज ने विधायक का आभार व्यक्त किया और कहा कि आज उन्होंने पूरा थियेटर विशेष बच्चों के लिए समर्पित कर, जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह प्रेरणादायक है।

## बिलिंग में बनेगा प्लास्टिक वेस्ट का सेल्फी प्वाइंट : किरण भड़ाना



एमआरएफ केंद्र के निरीक्षण के दौरान डीसी लाहौल-स्पीति अधिकारियों से चर्चा करती हुईं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने बिलिंग में स्थापित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) केंद्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी आकांक्षा शर्मा, वन मंडल अधिकारी अनिकेत मारुति वानवे तथा खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलड़िया भी उनके साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने केंद्र में एकत्रित प्लास्टिक कचरे का रचनात्मक उपयोग करने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने निर्देश दिए कि इस प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग एमआरएफ भवन की दीवारों, बाउंड्री और परिसर की सौंदर्यता बढ़ाने के लिए किया जाए, जिससे यह केंद्र न केवल स्वच्छता का प्रतीक बने, बल्कि पर्यावरणीय जागरूकता का एक आदर्श उदाहरण भी प्रस्तुत करे। इसके साथ ही उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि एमआरएफ केंद्र तक पहुंचने वाले संपर्क मार्ग को जल्द पक्का किया जाए, ताकि वर्ष भर किसी भी मौसम में वहां सुगमता से पहुंचा जा सके।

निरीक्षण के पश्चात डीसी ने विलिंग से आगे उस स्थल का भी दौरा किया, जहां से लेडी ऑफ केलांग की सुंदर छवि स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। उन्होंने वहां पर प्लास्टिक वेस्ट का कलात्मक उपयोग करते हुए एक आकर्षक सेल्फी प्वाइंट विकसित करने के निर्देश दिए। यह सेल्फी प्वाइंट न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि स्वच्छता और अपशिष्ट पुनः उपयोग का भी एक संदेश देगा। डीसी ने अधिकारियों से आग्रह किया कि पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक अपशिष्ट के नवोन्मेषी पुनः उपयोग की दिशा में और भी रचनात्मक प्रयास किए जाएं, ताकि लाहौल-स्पीति जिले को एक स्वच्छ, हरित और जागरूक मॉडल जिला बनाया जा सके।

## कुल्लू में कृषि सेवा सहकारी सभाओं को व्यावसायिक गतिविधियों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

- 45 सदस्यों ने संस्थान की जानकारी का लाभ उठाया

क्षेत्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान चंड़ीगढ़ द्वारा जिला सहाकर संघ कुल्लू व सहकारिता विभाग के सहयोग से वीरवार को कुल्लू में जिला सहकारी संघ सीमित के सभागार में नवगठित बहुउद्देशीय कृषि सेवा सहकारी सभाओं के कर्मचारियों व प्रबंधक कमेटी सदस्यों के लिए एकदिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवगठित बहुउद्देशीय कृषि सेवा सहकारी सभाओं को व्यावसायिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देना था। इस अवसर पर नवगठित सभाओं द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों बारे जानकारी प्रवक्ता सुनील द्वारा दी गई। उन्होंने बताया गया कि सहकारी सभाएं बचत व ऋण का कार्य, कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में, विधायन, विपणन का कार्य कर सकती हैं तथा भारत सरकार सहकारी सभाओं को, पेट्रौल आदि का कार्य भी दे रही है। इसके अतिरिक्त अन्य सेवाओं व विविध संभावित व्यवसायिक क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी। राजेश जसवाल जिला अंकेक्षण अधिकारी, सहकारी सभाएं कुल्लू द्वारा भी प्रतिभागियों को बताया गया कि कैसे ये सभाएं अपनी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे सकती हैं व अपने सदस्यों को सशक्त कर समाज के कल्याण के लिए कार्य कर सकती हैं। इस अवसर पर विभिन्न सहकारी सभाओं के सचिव व प्रबंधक समीति के लगभग 45 सदस्य उपस्थित रहे और संस्थान की ओर से प्रदान की गई जानकारी का लाभ उठाया। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग, जिला सहकारी संघ के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## एनसीसी हैंगर का कार्य जल्द करें पूर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भुंतर स्थित हवाई अड्डे पर निर्माणाधीन एनसीसी हैंगर के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और जल्द कार्य पूरा किया जाए। भुंतर स्थित हवाई अड्डे पर निर्माणाधीन एनसीसी हैंगर के कार्य की प्रगति को लेकर आयोजित बैठक में डीसी तोरुल एस रवीश ने यह आदेश जारी किए। डीसी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष बचे सिविल कार्य को समयबद्ध पूर्ण करें, ताकि जिले के एनसीसी एयर विंग के कैडेट्स को यहीं पर एयरक्राफ्ट के प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने लोक निर्माण के इलेक्ट्रिक विंग को यहां के इलेक्ट्रिक कार्य के लिए केबलिंग, डिजी सेट, सीसीटीवी लगाने के लिए टेंडर के कार्य को गति देने के दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने कहा कि भुंतर स्थित हवाई अड्डे पर हैंगर के बन जाने से जिले के एनसीसी विंग के कैडेट्स को यहां पर ही माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट उड़ाने की प्रशिक्षण सुविधा मिल सकेगी।

## छूटे हुए उपभोक्ताओं को मिलेगा दो माह का राशन : अरविंद शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, अरविंद शर्मा ने कहा कि जून माह में छूटे हुए उपभोक्ताओं को अब दो माह का राशन दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विभाग ने लोगों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए उचित मूल्य की दुकानों में स्थापित पॉस मशीनों में जून 2025 के राशन बिक्री के लिए बैकलॉग सेल का प्रावधान कर दिया है। उन्होंने बताया कि सभी उचित मूल्यों कि दुकानों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि जिन उपभोक्ताओं को जून माह के राशन का कोटा नहीं मिल पाया है, उन्हें अब जुलाई 2025 में जून माह का राशन जारी कर दिया जाएगा। जून से विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उपभोक्ताओं को उचित मूल्य की दुकानों से मोबाइल ओटीपी तथा आधार फेस प्रमाणीकरण से राशन वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निरीक्षकों और उचित मूल्य दुकानदारों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बहुत से उपभोक्ताओं विशेषकर बुजुर्ग राशन कार्डधारकों के मोबाइल नंबर आधार से लिंक न होने के कारण, बिना ओटीपी प्रमाणीकरण से ऐसे उपभोक्ताओं को जून 2025 का राशन कोटा प्राप्त नहीं हो सका है। उन्होंने उपभोक्ताओं को अपना मोबाइल नंबर अपने आधार कार्ड के साथ लिंक करवाने की भी अपील की, ताकि भविष्य में इस तरह की मुश्किल का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए संबंधित उचित मूल्य के दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। उपभोक्ताओं को यह सुविधा जुलाई-2025 के कोटे के साथ-साथ जून-2025 का कोटा भी उपलब्ध करवा दिया जाए।

## बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा के जन्मदिन पर 40 यूनिट रक्त किया गया एकत्र



बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदान करते हुए बौद्ध भिक्षु।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के जन्मदिन के अवसर पर वीरवार को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में काईस गोंपा समिति की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें काईस गोंपा के बौद्ध भिक्षु ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। इसमें 40 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इसके अलावा एक दिन का भोजन वितरण किया गया। वहीं, पौधरोपण भी किया गया। इसमें 113 पौधे लगाए गए। बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा 90 वर्ष के हो चुके है। हालांकि, उनका जन्मदिन 6 जुलाई को होता है, लेकिन उस दिन काईस गोंपा में विशेष पूजा पाठ रखा गया है। ऐसे में वीरवार को ही उनका जन्मदिन मनाया गया। बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा का बौद्ध धर्म में एक महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में उनके जन्मदिन के अवसर पर पुण्य कार्य किए गए काईस गोंपा के लामा उर्गन नोरबू और समिति के अध्यक्ष चुनी लाल नेगी ने बताया कि रकतदान शिविर में 40 यूनिट रक्त हुआ। वहीं, पौधरोपण भी किया गया। साथ ही पूरे दिन भर कुल्लू अस्पताल में भोजन भी वितरित किया गया। इस मौके पर समिति के सदस्यों द्वारा बीते दिनों आपदा में जान गवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

**आयोजन** आगामी सेब सीजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

## बागवानों को न हो असुविधा, तैयारियां करें पूरी : डीसी



आगामी सेब सीजन की तैयारियों को लेकर बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से चर्चा करती हुईं डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि सेब सीजन के लिए सभी संबंधित विभाग पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि बागवानों को किसी तरह की असुविधा न हो। वीरवार को बहुउद्देश्यीय भवन कुल्लू में आगामी सेब सीजन की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने यह बात कही।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं हित धारकों के साथ समीक्षा कि गई, ताकि सेब सीजन के दौरान परिवहन, मंडियों की व्यवस्था, सुरक्षा, श्रमिकों की उपलब्धता और अन्य आवश्यक सेवाओं की उचित व्यवस्था की जा सके। डीसी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों से भी अपने-अपने स्तर पर सेब सीजन को सफल एवं सुचारु बनाने के लिए समुचित योजना और समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की। बैठक में एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर, एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, आटीओ राजेश भंडारी, डीएसपी राजेश कुमार, फल उत्पादक प्रेम शर्मा, लाल चंद ठाकुर, ट्रक यूनियन के अध्यक्ष हरिंदर महंत, जीप यूनियन से जयप्रकाश सहित हितधारक, एपीएमसी की सचिव शगुन सूद, एचपीएमसी, बागवानी कृषि, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे ।

बैठक में मुख्य एवं लिंक सड़कों के रखरखाव एवं समय पर मुरम्मत, फलों की त्वरित ढुलाई सुनिश्चित करने के लिए ट्रकों/परिवहन की सुविधाओं की उपलब्धता, फल उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए भाड़ा दरों को तर्कसंगत बनाए जाने, फल उत्पादकों को समय पर पैकिंग सामग्री की उपलब्ध करवाने, बाजार हस्तक्षेप योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और किसानों को उचित मूल्य दिलाने, सब्जी मंडियों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने और कानून व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर चर्चा करने के उपरांत दिशा-निर्देश जारी किए गए।

### एसडीएम उपमंडल में सारी औपचारिकता करवाएं पूरी

**उन्होंने** जिले के सभी एसडीएम को भी अपने-अपने उपमंडलों में सेब सीजन को लेकर समय पर बैठक कर सभी औपचारिकता पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि बागवानों को किसी प्रकार की मुश्किल का सामना न करना पड़े। डीसी ने आगामी सेब सीजन के आरंभ होने से पहले सभी तैयारियों की समीक्षा की और विभागों को आगामी दिशा-निर्देश जारी किए।



एसडीएम निरमंड की अध्यक्षता में पंचायत समिति हाल में आयोजित बैठक में हिस्सा लेते लोग।

## निरमंड से मंडियों तक सेब ढुलाई का भाड़ा पिछले वर्ष की तरह ही रहेगा

**अनंत ज्ञान, आनी**

उपमंडल निरमंड से प्रदेश की विभिन्न सब्जी मंडियों तक भेजे जाने वाले सेब का प्रति पेटी ढुलाई भाड़ा इस बार भी पिछले वर्ष की तरह ही रहेगा।

यह निर्णय वीरवार को एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में पंचायत समिति हाल में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में बागवानों, ट्रक ऑपरेटर्स व संबंधित विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में ट्रक ऑपरेटर्स ने चिंता जाहिर की कि कुछ बागवान यूनिवर्सल कार्टन में निर्धारित वजन से अधिक सेब भर देते हैं, जिससे ढुलाई में दिक्कतें आती हैं। इस पर एसडीएम ने आश्वस्त किया कि जल्द ही फॉरवार्डिंग एजेंट्स के साथ विशेष बैठक आयोजित की जाएगी और एक कमेटी गठित की जाएगी, जो पेटियों के वजन की जांच करेगी। बागवानों और ट्रक ऑपरेटर्स ने कानवा-दशोली, बागीपुल-जाओं, अरसू-ठारवा, कथांडा, पुजारली समेत कई ग्रामीण सड़कों की हालत पर चिंता जताई और सेब सीजन से पहले इन्हें ठीक करने की मांग रखी। इस पर एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग को जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि कानवा-दशोली सड़क को 10 जुलाई तक दुरुस्त कर लिया जाएगा, क्योंकि यहां सेब सीजन पहले शुरू होता है। एसडीएम मनमोहन सिंह ने सभी हितधारकों से सेब सीजन के दौरान सहयोग की अपील की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, ट्रक ऑपरेटर्स और बागवान संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सोलन अस्पताल में रोगियों को नहीं मिल रहा जन औषधि केंद्र का लाभ

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** सोलन अस्पताल में करीब दो वर्ष के बाद हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। साथ ही अस्पताल में फिलहाल पर्ची बनाने का शुल्क नहीं लिए जाने का निर्णय लिया गया।

इसके अलावा क्रश्ना लैब की कार्य प्रणाली पर भी असंतोष जताया गया। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल शांडिल की मौजूदगी में समिति की तरफ से बताया गया कि सोलन अस्पताल में पिछले चार वर्षों से रोगियों को जन औषधि केंद्र का लाभ नहीं मिल रहा है, जबकि अस्पताल में जन औषधि केंद्र की दुकान खुली रहती है, वहीं अस्पताल परिसर में चल रही सिविल सप्लाई की दुकान में रोगियों को दवा खरीदने पर अधिकतर दवाइयों में छूट नहीं दी जा रही है। दुकान का किराया महज 1400 रुपए दिया जा रहा है। नियम के तहत अस्पताल के अंदर चल रही दवा की दुकान में रोगियों को 30 फीसदी छूट देना अनिवार्य है पर सिर्जिकल आइटम में ही छूट दी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने दोनों मामलों का संज्ञान लिया। साथ ही इसको लेकर कमेटी के गठन का निर्णय लेकर रिपोर्ट तैयार करने को कहा। साथ ही जन औषधि केंद्र को बंद करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया कि काफी समय से अस्पताल में जन औषधि केंद्र है, लेकिन लोगों को का लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में इसे खाली करवा दिया जाए। साथ ही सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन की दवा दुकान से किराया बढ़ाने का भी प्रस्ताव डाला गया। बताया कि काफी समय से सिविल सप्लाई दवा दुकान पर मरीजों को कोई छूट नहीं दी जा रही है।



### पीएसए प्लांट न चलने पर उठाए सवाल

**बैठक** में ऑक्सीजन प्लांट न चलने पर भी सवाल उठाए गए। मनोनीत सदस्य कुशल जेठी ने कहा कि करोड़ों रुपए की संपत्ति जनसेवा से लोगों को सेवाएं नहीं दे रही है। सरकार ने पुराने कर्मचारियों को रखने के लिए कह दिया है फिर भी क्यों नहीं हो रहे है। इस पर स्पष्ट किया कि ऑक्सीजन प्लांट में हाल ही में कर्मचारी आ गया, अब मरीजों को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कोई दिक्कत नहीं आएगी। इस पर सवाल किया कि सरकार क्यों प्लांट कर्मचारियों को निकाल रही है। एक साथ क्यों समय नहीं बढ़ाया जा रहा। वहीं, बैठक में निर्णय लिया कि अब ऑक्सीजन प्लांट को निजी कंपनी को चलाने के लिए टेंडर किए जाएंगे। वे 25 लाख का एक उपकरण का प्रयोग कर सिलेंडर भी भर सकते हैं। इस मौके पर डीसी, सीएमओ डॉ. अजय पाठक, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश पंवार, डॉ. संदीप जैन, महापौर उषा शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

> अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से रोगी कल्याण समितियों के कार्यों को और बेहतर किया जा रहा है। इस दिशा में रोगी कल्याण समितियों के माध्यम से अस्पतालों की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाना, स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक गुणवत्ता लाना तथा अस्पतालों के प्रबंधन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए ठोस निर्णय लिए गए हैं।
> **कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल, स्वास्थ्य मंत्री।**

## हिमाचल की सड़कों पर दौड़ेंगी 24 नई वोल्वो बसें, सीएम ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

# हरित ऊर्जा में देश के समक्ष आदर्श स्थापित करेगा प्रदेश : सीएम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को विश्व स्तरीय परिवहन सुविधाएं प्रदान करने और हिमाचल को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री गत सायं सोलन के क्यारीघाट से 24 स्टेट ऑफ द आर्ट वोल्वो बसों को हरी झंडी दिखाने के उपरांत जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान हिमाचल पथ परिवहन निगम को और बेहतर बनाने के लिए गत दो वर्षों में प्रति वर्ष एक-एक हजार करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है, ताकि लोगों को सुविधाजनक एवं आरामदायक परिवहन सुविधा प्रदान की जा सके। प्रदेश सरकार द्वारा 500 डीजल बसें, 300 इलेक्ट्रिकल बसें और लगभग 30 वोल्वो बसें क्रय की जा रही हैं। भविष्य में भी यातायात सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए 100 टैम्पो-ट्रैवलर खरीदे जाएंगे। हिमाचल पथ परिवहन निगम को हर माह 60 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाता है। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में रेलवे तथा वायु परिवहन सुविधाएं अधिक न होने के कारण प्रदेश को यातायात के लिए मुख्यतः सड़कों पर निर्भर रहना पड़ता है तथा हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें लोगों की आवाजाही का मुख्य साधन है। प्रदेश के विकास और लोगों की सुविधा के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम को और बेहतर बनाने के यथा संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। राज्य में हाईड्रोजन चलित बसों को बढ़ावा देने का कार्य भी प्रगति पर है। हरित ऊर्जा से परिपूर्ण हिमाचल न केवल देश के लिए आदर्श स्थापित करेगा, बल्कि वैकल्पिक आय स्रोतों के साथ हिमाचल की आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। वर्तमान सरकार सत्ता सुख के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के भाव से कार्य कर रही है। ग्रीन हिमाचल के दृष्टिकोण से प्रदेश में अधिक से अधिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, जिस पर 110 करोड़ रुपए व्यय होंगे। इससे जहां हिमाचल का प्राकृतिक सौंदर्य बना रहेगा। वहीं, ग्रीन हिमाचल का सपना भी साकार होगा।



वोल्वो बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री सुक्खू व उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री।

इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम ने अपने 50 वर्ष पूरे किए हैं। निगम की यह बसें हिमाचल प्रदेश के लोगों की जीवन रेखाएं हैं, जिसमें 4 से 5 लाख लोग प्रतिदिन सफर करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को निगम के साथ सहयोग करना चाहिए और अपना साथी बनाना चाहिए। गत दो वर्षों में प्रदेश सरकार ने डीजल की सवा दो सौ बसें खरीदी हैं। जल्द ही 250 नई बसें निगम के बेड़े में शामिल की जाएंगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें प्रदेश के दूर-दराज के क्षेत्रों में सेवाएं दे रही हैं।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों को गत दो वर्षों में वित्तीय लाभ प्रदान किए हैं। कर्मचारियों को ओपीएस तथा रुके हुए भत्तों का लाभ दिया गया है। प्रदेश में आवश्यकतानुसार नए बस अड्डों का निर्माण किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के सशक्त नेतृत्व में प्रदेश में लोगों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए अनेक योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वोल्वो बसों के संचालन के उपरांत प्रदेश की आय में बढ़ोतरी होगी तथा स्थानीय लोगों व पर्यटकों को आरामदायक यात्रा की सुविधा मिलेगी।

# जालपा व छामला माता मंदिर परिसर निर्माण के लिए सांसद ने 5-5 लाख किए स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

ग्राम पंचायत सन्याडीमोड़ के अंतर्गत जालपा माता मंदिर छामला के मंदिर परिसर निर्माण के लिए शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने पांच लाख रुपए देने की घोषणा की है।

छामला मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने भागवत कथा का श्रवण किया। उनके साथ पूर्व विधायक अर्की गोविंद राम शर्मा, रतन सिंह पाल और अन्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कथा में हरि महाराज कथा के माध्यम से भक्तों को भगवान की भक्ति और प्रेम का संदेश दिया। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन के बाद सांसद सुरेश कश्यप ने जालपा माता मंदिर परिसर निर्माण के लिए पांच लाख की राशि देने की घोषणा की।



छामला मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा में सांसद सुरेश कश्यप ने भागवत कथा का श्रवण किया।

इससे पूर्व उन्होंने नयना माता मंदिर पनसोडा में भी पांच लाख की राशि मंदिर परिसर के लिए देने की घोषणा की थी। इसके लिए जालपा माता मंदिर कमेटी ने सांसद सुरेश कश्यप का आभार जताया। उपप्रधान सन्याडीमोड़ भीम शर्मा और प्रधान मनीराम शर्मा ने इस घोषणा का स्वागत किया और सांसद के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अदाणी अंबुजा सीमेंट दाड़ला के सीएमओ मुकेश सक्सेना, मनोज कौशल, राकेश गौतम, नरेंद्र हांडा, जगदीश्वर शुक्ला, जालपा माता मंदिर कमेटी के सभी सदस्य और भक्त उपस्थित रहे।

# अंश व मीनाक्षी ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश पुलिस शूटिंग क्लब, धौलाकुआं के दो प्रतिभावान निशानेबाज अंश चौधरी और मीनाक्षी शर्मा ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा (क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग) में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

यह उपलब्धि उन्होंने देहरादून में 1 से 10 जुलाई तक आयोजित इंडिया ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में हासिल की है। क्लब अध्यक्ष एवं छठी बटालियन आईआरबीएन के कमांडिंग ऑफिसर भागमल ठाकुर ने इस सफलता पर दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पुलिस शूटिंग क्लब युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा में लगाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और उन्हें खेलों के माध्यम से नशे व अन्य नकारात्मक प्रभावों से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहा है। क्लब कोच सुरेश चौहान ने बताया कि अंश और मीनाक्षी की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। यह क्लब की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत वह राज्य में खेल प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जहां एयर राइफल स्पर्धा में सफलता मिली है, वहीं पिस्टल श्रेणी में चयन मैच अभी बाकी हैं, लेकिन क्लब को भरोसा है कि उसके अन्य निशानेबाज भी उसमें दमदार प्रदर्शन करेंगे।

# शिलांजी पंचायत के वार्ड सदस्य सुभाष निष्कासित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने विकास खंड राजगढ़ की ग्राम पंचायत शिलांजी के पंचायत सदस्य, वार्ड नं-7 सुभाष को पंचायतीराज अधिनियम की उल्लंघना करने, प्रत्यक्ष लाभ अर्जित करने, अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार का दोषी पाए जाने पर पंचायत सदस्य पद से निष्कासित कर ग्राम पंचायत शिलांजी के वार्ड नं.-7 पंचायत सदस्य पद को रिक्त घोषित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुरूप अयोग्य घोषित किए गए पंचायत सदस्य सुभाष को छह वर्ष की अवधि के लिए पंचायत पदाधिकारी के रूप में निर्वाचित होने के लिए निरर्हित कर, उन्हें 23070 रुपए की धनराशि तुरंत पंचायत निधि के खाते में जमा करवाने के निर्देश दिए गए।

# सोलन में पानी के लिए त्राहि-त्राहि भाजपा ने दी आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन शहर के लोगों की प्यास बुझाने वाली गिरि पेयजल योजना 40 घंटे से पूरी तरह ठप पड़ी है। इससे हजारों नागरिक बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।



भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने तीखा आरोप लगाया कि सरकार और जल विभाग ने इस गंभीर संकट में भी झूठ बोलकर लोगों को गुमराह किया। उन्होंने बताया कि विभाग ने दावा किया था कि शाम 6 बजे तक पेयजल आपूर्ति बहाल हो जाएगी, लेकिन हकीकत यह रही कि देर रात 11 बजे गिरि पेयजल योजना की सप्लाई शुरू हुई, जो अपनी क्षमता से आधा पानी गिरा रही थी इसकी मात्रा इतनी कम है कि इससे सोलन की जनता की जरूरतें पूरी नहीं हो सकीं। शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह हालत बताती है कि शहर में चल रही दोनों प्रमुख पेयजल योजनाएं कागजों पर तो चालू दिख रही हैं, लेकिन हकीकत में विभाग और सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल हो चुके हैं। भाजपा सरकार ने गिरि योजना के विस्तारीकरण के लिए 20 करोड़ से भी अधिक की धनराशि खर्च की थी, लेकिन फिर भी वर्तमान कांग्रेस सरकार इन पेयजल योजनाओं को सुचारु रूप से चलाने में नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने स्थानीय मंत्री पर भी जमकर निशाना साधते हुए कहा कि मुफ्त में पानी देने का वादा करके महंगे पानी को भी जनता को तरसा रहे हैं। शैलेंद्र गुप्ता ने चेतावनी दी कि अगर जल्द पेयजल आपूर्ति सामान्य नहीं की गई और विभागीय लापरवाही पर कार्रवाई नहीं हुई, तो भाजपा जन आंदोलन शुरू करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### हरे कृष्ण, हरे रामा से गूंजा पांवटा साहिब



**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** गुरु की नगरी पांवटा साहिब में वीरवार को भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह रथ यात्रा भव्यता, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित की गई। रथ में आरूढ़ भगवान जगन्नाथ के दर्शनों के लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान हरे कृष्ण, हरे रामा, जय जगन्नाथ स्वामी जय जगन्नाथ...आदि मधुर स्वर लहरियों से पांवटा साहिब गूंजता नजर आया। हर कोई प्रभु की भक्ति में लीन नजर आया। सुसज्जित रथ में विराजमान भगवान जगन्नाथ के दर्शनों के लिए शहर भर में लोगों की भीड़ उमड़ी। भगवान के जयकारे लगाते हुए नंगे पांव भगवान के रथ का रस्सा खींच कर भक्तों ने पुण्य कमाया। इसको लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। रथयात्रा में भजनों की धुन पर श्रद्धालु जमकर झूमते नजर आए।

### जिला युवा कांग्रेस ने सनोहल में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन युवा कांग्रेस के द्वारा जिला अध्यक्ष सचिन कश्यप की अगुवाई में ग्राम पंचायत सनोहल में पौधरोपण किया गया। इसमें बान के लगभग 150 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सचिन कश्यप ने कहा कि युवा कांग्रेस एक राजनीतिक संगठन है, लेकिन समय-समय पर युवा कांग्रेस इस प्रकार के सामाजिक और पुनीत कार्य करती आई है और भविष्य में भी करती रहेगी। सुशील कोंडल ने कहा कि पर्यावरण का स्वस्थ और साफ होना अति आवश्यक है और इसके लिए युवाओं को जागरूक होने की आवश्यकता है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष दीपक तनवर, कसौली विधानसभा के अध्यक्ष साहिल अत्रि, सोलन ब्लॉक युंका अध्यक्ष हितेश ठाकुर आदि लगभग 60 युवा शामिल रहे।

### शांडिल स्वास्थ्य संस्थानों के संबंध में करेंगे बैठक

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल कंडाघाट के एसडीएम कार्यालय में उपमंडल के कई स्वास्थ्य संस्थानों के संबंध में बैठक करेंगे। इसमें रोग कल्याण समिति कंडाघाट की बैठक, सिविल अस्पताल चायल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायरी के संबंध में बैठक और विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### कृषि संबंधित जानकारियों से अवगत करवाया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट व नाबार्ड द्वारा संचालित बड्डर खड्ड जलागम परियोजना के अंतर्गत गांव मनलोग बडोग में एकदिवसीय कृषि व पशु पालन संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अंबुजा फाउंडेशन के कृषि विशेषज्ञ हरि कृष्ण शर्मा के अलावा पशु पालन विभाग के डॉ. वरुण पूरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कृषि विशेषज्ञ हरि कृषि शर्मा ने उपस्थित लोगों को कृषि संबंधित नई तकनीकों, पौष्टिक आहार, पौधरोपण, बरसात के समय में कृषि में लगने वाली बीमारियों व कृषि संबंधित अनेक जानकारियों से अवगत करवाया। साथ ही जलवायु परिवर्तन के बारे में भी बताया और इस से कैसे निपटा जाए इसके बारे में बताया। इसके उपरांत पशु पालन विभाग से आए डॉ. वरुण पूरी ने लोगों को पशु पालन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बरसात के समय में पशुओं में होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत करवाया। डॉ. पूरी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पशुओं का रखरखाव, खानपान कैसे किया जाए। उसके बारे में बताया। बड्डर खड्ड जलागम समिति के प्रधान नरेश शर्मा ने अंबुजा फाउंडेशन व नाबार्ड द्वारा इस क्षेत्र में चलाई जा रही जलागम परियोजना के लिए धन्यवाद किया और उन्होंने बताया कि यह एक अच्छी परियोजना है, जिससे लोगों को लाभ मिल रहा है।

# शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए सरकार संकल्पित

## धर्माणी ने कहा- विद्यार्थियों को केवल किताबें पढ़नी नहीं, बल्कि समझनी चाहिए

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा तथा व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणवत्ता लाने और छात्रों को आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है।

राजेश धर्माणी सोलन के वाकनाघाट स्थित बाहरा विश्वविद्यालय में 'सितारे हिमाचल के सम्मान' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सोलन जिले के 141 विद्यालयों के 1236 विद्यार्थियों ने भाग लिया। राजेश धर्माणी ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल किताबें पढ़नी नहीं, बल्कि समझनी चाहिएं, ताकि इनका व्यवहारिक उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणवत्ता लाने और बच्चों को आधुनिक शिक्षा देने के लिए नवीन योजनाएं ला रही है। प्रदेश सरकार द्वारा 2 करोड़ रुपए से स्टेट इनोवेशन फंड आरंभ किया गया है। इसके तहत युवाओं की ओर से तैयार प्रोजेक्ट को स्टार्टअप के तौर पर आरंभ किया जा सकता है। इस दिशा में प्रदेश सरकार भी सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन व्यक्ति के विकास में सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। इस समय छात्रों को अपने आत्म विकास की ओर ध्यान देना चाहिए, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि समय का सदुपयोग करें, अपने संचार कौशल को बेहतर बनाएं और अपने व्यक्तित्व विकास पर कार्य करें। राजेश धर्माणी ने कहा कि सफलता के लिए कठिन परिश्रम, स्मार्ट वर्क और सीखने की चाह होना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि कर्मशील बनें, ताकि एक आदर्श समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया और युवाओं से नशे से दूर रहने का भी आग्रह किया।



औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी सम्मानित किए गए मेधावी छात्रों के साथ।

# सोलन से पिकअप चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस थाना सोलन के तहत पिकअप चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

यह आरोपी पहले भी चोरी की घटनाओं में संलिप्त रहा है। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बीती 29 मई को सोलन निवासी भूपिंद्र चौहान ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इसके पास एक पिकअप नंबर एचपी-14-4611 है, जिसे इसके चालक मोहन दत्त ने 25 मई शूलिनी हार्डवेयर के समीप पार्क किया था और वह स्वयं अपने घर सिरमौर चला गया था। 29 मई को जब चालक मोहन दत्त वापस आया, तो पिकअप वहां पर खड़ी नहीं थी, जिस पर इन्होंने पिकअप की आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन पिकअप का कहीं भी पता न चला। इन्हें शक है कि इनकी पिकअप को कोई नामालूम शख्स चोरी करके ले गया है, जिसकी कीमत लगभग 3,50,000 रुपए है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने चोरी हुई पिकअप की तलाश शुरू की और 30 मई को कालका हरियाणा से पिकअप को बरामद किया। इस मामले की आगामी जांच में पाया गया कि पुलिस थाना सदर सोलन में दर्ज एक चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी वीरेंद्र कुमार द्वारा ही इस पिकअप को चुराया गया था। इसके अतिरिक्त तकनीकी साक्ष्यों का भी विश्लेषण किया गया, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन की टीम ने विरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया और जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत पर भेजा गया है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि जांच के दौरान यह भी पाया गया कि गिरफ्तार आरोपी पहले भी आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहा है।

# कॉलेज से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट कॉलेज में वीरवार को इंडक्शन कार्यक्रम दीक्षारंभ का आयोजन किया गया। इंडक्शन कार्यक्रम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसमें प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में शामिल हुई। प्राचार्या ने विद्यार्थियों का विधिवत स्वागत करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को कॉलेज से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। सभी प्राध्यापकों ने अपने संबोधन में विस्तृत रूप में शैक्षणिक गतिविधियों का ब्यौरा देते हुए विभिन्न क्लबों की जानकारी दी। गैर-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए प्राध्यापकों ने सांस्कृतिक गतिविधियों की भी जानकारी दी।

**सरोकार** शांडिल ने सोलन अस्पताल की रोगी कल्याण समिति के शासकीय निकाय की बैठक की अध्यक्षता की

# श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों को श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. शांडिल क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की रोगी कल्याण समिति के 29वें शासकीय निकाय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से रोगी कल्याण समितियों के कार्यों को और बेहतर किया जा रहा है। यह प्रयास किया जा रहा है कि रोगी कल्याण समितियां रोगियों को और अच्छी सुविधाएं प्रदान करें। इस दिशा में रोगी कल्याण समितियों के माध्यम से अस्पतालों की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाना, स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक गुणवत्ता लाना तथा अस्पतालों के प्रबंधन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में रोगी कल्याण समिति द्वारा रोगियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि समिति रोगियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में वृद्धि के लिए सघन प्रयास करें। उन्होंने समिति की आय में वृद्धि के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक से पूर्व साईं समिति सोलन की ओर से भेंट की गई निक्षय मित्र किट रोगियों को भेंट की। बैठक में रोगी कल्याण समिति के विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के 2 करोड़ 70 लाख 18 हजार 500 रुपए के व्यय को अनुमोदित किया गया।




क्षय रोगियों को निक्षय किट वितरित करते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल।

बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए 2 करोड़ 71 लाख रुपए का अनुमानित बजट पेश किया गया। बैठक में अवगत करवाया गया कि वर्ष 2023-24 में आयुष्मान भारत योजना के तहत 532 रोगियों के उपचार पर 40 लाख 30 हजार 683 रुपए, हिमकेयर योजना के तहत 1167 रोगियों के उपचार पर 32 लाख 16 हजार 949 रुपए व्यय किए गए। इस अवधि में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 4320 बच्चों का निशुल्क उपचार किया गया। वर्ष 2024-25 में आयुष्मान भारत योजना के तहत 555 रोगियों के उपचार पर 11 लाख 23 हजार 8 रुपए, हिमकेयर योजना के तहत 1177 रोगियों के उपचार पर 34 लाख 64 हजार 760 रुपए व्यय किए गए। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 3873 बच्चों का निशुल्क उपचार किया गया। बैठक में रोगियों की सुविधा के लिए एक अतिरिक्त पर्ची काउंटर खोलने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में रोगी कल्याण समिति द्वारा आउटसोर्स पर डाटा एंट्री ऑपरेटर, सेवादार, चालक के पद भरने पर भी विचार किया गया। बैठक में अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, चिकित्सा प्रमाण पत्र का शुल्क इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय शिमला के शुल्क की तर्ज पर किए जाने पर सहमति जताई। डीसी व उपाध्यक्ष रोगी कल्याण समिति मनमोहन शर्मा ने कहा कि रोगी कल्याण समिति द्वारा रोगियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे ओर रोगियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। डॉ. सुमित सूद ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया।

# मानसून के दृष्टिगत सभी उपमंडलों में आपातकालीन परिचालन केंद्र सक्रिय

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि वर्षा और संभावित आपदाओं के दृष्टिगत सोलन जिले के सभी उपमंडलों में आपातकालीन परिचालन केंद्र की स्थापना की गई है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि तहसील एवं उपतहसील स्तर विशेषकर उपमंडल मुख्यालय से दूर क्षेत्र में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित राहत एवं सहायता पहुंचाई जा सके।



किसी भी आपातकालीन स्थिति के दृष्टिगत आमजन जिला स्तर पर कार्यालय नंबर 01792-220049, 01792-220048, 01792-220882, मोबाईल नंबर 94594-57292, जिला आपदा प्रबंधन के प्रभारी प्रदीप ठाकुर के मोबाईल नंबर 94183-02496 तथा टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में सोलन में उपमंडल स्तर पर कार्यालय नंबर 01792-223707 तथा मोबाईल नंबर 94595-11429, कंडाघाट उपमंडल वाले कार्यालय नंबर 01792-256100, 01792-256143 तथा मोबाइल नंबर 98172-05556, अर्की उपमंडल वाले कार्यालय नंबर 01796-220666 तथा मोबाइल नंबर 98165-85672 व कसौली उपमंडल वाले कार्यालय नंबर 01792-294121 तथा मोबाइल नंबर 94180-26075 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में नालागढ़ उपमंडल वाले कार्यालय नंबर 01795-223024 तथा मोबाइल नंबर 97368-00011, बद्दी उपमंडल वाले कार्यालय नंबर 01795-298500 तथा मोबाईल नंबर 94180-01228 पर संपर्क कर सकते हैं। रामशहर तहसील वाले एओके मुकेश कुमार के मोबाइल नंबर 89884-92000, अधीक्षक सुनील कुमार के मोबाइल नंबर 94181-00534 तथा कार्यालय नंबर 01795-258533 पर संसपर्क कर सकते हैं। दाड़लाघाट उपतहसील वाले विजेंद्र कुमार (ओके) के मोबाइल नंबर 62610-70008, कनिष्ठ सहायक विपिन कुमार के मोबाईल नंबर 83739-26175, वरिष्ठ सहायक ललित कुमार के मोबाईल नंबर 82190-01080 तथा एफके सुनील कुमार के मोबाईल नंबर 94597-75415 पर संपर्क कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डाउन-सिंड्रोम से पीड़ित लड़की की आंखों की रोशनी की रिस्टोर

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** मैक्स अस्पताल, मोहाली में जटिल कैटरेक्ट की सफल सर्जरी के बाद डाउन-सिंड्रोम से पीड़ित 14 वर्षीय लड़की की आंखों की रोशनी रिस्टोर की गई। लड़की की दोनों आंखों में मोतियाबिंद था और वह कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज, अफेसिया (बोलने और भाषा समझने में असमर्थ), अंग विकृति और इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी सहित मल्टीपल डिसेबिलिटी से भी पीड़ित थी। मैक्स अस्पताल, मोहाली में ऑफ्थैल्मोलॉजी डायरेक्टर डॉ. हरप्रीत कपूर ने बताया कि मोतियाबिंद के कारण लड़की की दोनों आंखों की रोशनी चली गई थी और उसकी दृष्टि वापस पाने की एकमात्र उम्मीद मोतियाबिंद का ऑपरेशन ही था। डॉ. कपूर ने कहा कि यह एक दुर्लभ और जटिल मामला था, जिसे निस्टागमस ने और जटिल बना दिया था। उन्होंने आगे बताया कि मोतियाबिंद सर्जरी के लिए फेकोएमल्सीफिकेशन सिस्टम का उपयोग करने वाली एक विशेष तकनीक का इस्तेमाल किया गया और दोनों आंखों में एक प्रीमियम इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपित किया गया। दोनों सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की गईं।



### 'आप' विधायक संजीव अरोड़ा बने मंत्री

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब सरकार के मंत्रिमंडल में विस्तार हो गया है। आम आदमी पार्टी के लुधियाना पश्चिम हलके से नवनिर्वाचित विधायक संजीव अरोड़ा ने मंत्री पद की शपथ ले ली है। अरोड़ा को इंडस्ट्री और एनआरआई विभाग दिया गया है। पहले ये दोनों विभाग कुलदीप धालीवाल के पास थे। वहीं धालीवाल ने पंजाब कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया है। धालीवाल से लगातार विभाग वापस लिए जा रहे थे। धालीवाल ने कहा कि 2013 में अमेरिका की सिटिजनशिप छोड़कर आया था। तब से एक दिन छुट्टी नहीं ली है। विभागों व पद की परवाह नहीं है। पहले की तरह पंजाब के लिए काम करता रहूंगा।

### चंडीगढ़ में ऑटो-म्यूटेशन सिस्टम शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** संपत्ति कार्यालय, यूटी चंडीगढ़ ने एक प्रमुख डिजिटल शासन सुधार शुरू किया है। पंजीकृत संपत्ति विलेखों पर आधारित ऑटो-म्यूटेशन सिस्टम, जिसका उद्देश्य संपत्ति स्वामित्व हस्तांतरण में सेवाओं की समय पर पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल डिलीवरी सुनिश्चित करना है। यह पहल चंडीगढ़ प्रशासन की सार्वजनिक सुविधा और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यूटी चंडीगढ़ के एस्टेट अधिकारी, आईएएस निशांत कुमार यादव ने बताया कि ऑटो-म्यूटेशन सिस्टम नागरिकों के लिए संपत्ति स्वामित्व प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए एक परिवर्तनकारी कदम है। यह प्रणाली एस्टेट ऑफिस के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी प्रकार की अचल संपत्तियों-फ्रीहोल्ड, लीजहोल्ड आदि पर लागू होगी, जहां स्वामित्व पंजीकृत डीड के माध्यम से स्थानांतरित किया गया है। यह सिस्टम कार्यान्वयन की तिथि से लागू है। पुराने मामले मैन्युअल म्यूटेशन प्रक्रिया के तहत जारी रहेंगे।

### जेपी नड्डा के पिता के जन्मदिवस पर पहुंचे टंडन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के पिता डॉ. नारायण लाल नड्डा के 100वें जन्म दिवस पर उनके बिलासपुर स्थित पैतृक गांव में भव्य कार्यक्रम 'जयंति शतकम' का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. नारायण लाल नड्डा के शताब्दी प्राप्त होने पर उनको शुभकामनाएं दीं और उनसे आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इसके साथ-साथ उन्होंने भाजपा के जेपी नड्डा और उनके समस्त परिवार को इस शुभ अवसर पर बधाई प्रदान की। कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठान, हवन, यज्ञ, भजन प्रस्तुति से उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हुए। इस मौके पर संजय टंडन ने अपने बधाई संदेश में कहा कि डॉ. नारायण लाल नड्डा और उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने एक शिक्षक होने के नाते देश और समाज को जागरूक बनाने का काम किया और हमेशा सादगीपूर्ण जीवन व्यतीत किया। उन्होंने समाज के प्रति बहुत से सामाजिक कार्यों को भी किया जो कि अविस्मरणीय हैं और उनके यही संस्कार आगे उनके परिवार के सभी सदस्यों में झलकते हैं। ये उनके द्वारा दिए हुए संस्कारों का ही परिणाम है कि उनके परिजन भी उनकी इस परिपाटी को आगे बढ़ा कर जनता की सेवा में दिन रात लगे हुए हैं।

# विकसित भारत के विजन को साकार करेगा स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन: सैनी

## हरियाणा ने विजन-2047 के तहत एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का रखा लक्ष्य

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को मानेसर में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी हरियाणा को मिली है। इस सम्मेलन में हम सब अपने लोकतंत्र को मजबूत करने तथा राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर विचार मंथन कर रहे हैं। यह विषय हमारे लोकतंत्र की जड़ों को सींचने और प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन को साकार करने की राह दिखाता है।

सैनी ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला और नर्सरी हैं। लोकतंत्र की जड़ें स्थानीय स्तर पर जितनी गहरी होंगी, हमारा राष्ट्र उतना सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित हरियाणा, विकसित नगरों से ही बनेगा। इसलिए, हमने हरियाणा में विजन-2047 के तहत एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और 50 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि साइबर सिटी गुरुग्राम शहरी विकास का एक मॉडल है। इसके साथ लगते 180 किलोमीटर लंबे केएमपी कॉरिडोर के साथ पंच ग्राम योजना के तहत ऐसे ही 5 अत्याधुनिक शहर बसाने की परियोजना पर काम कर रहे हैं। यह योजना वर्ष 2050 तक 75 लाख जनसंख्या के लिए बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरुत योजना के तहत शहरों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। हरियाणा में सभी परिवारों का पहचान पत्र बनाया गया है और इससे सभी सरकारी योजनाओं को जोड़ दिया है।

वहीं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में शहरी निकाय की अहम भूमिका है। शहरी निकाय जन प्रतिनिधियों को नवाचार पद्धति, सशक्त मार्गदर्शन व व्यवहार कुशलता के साथ विकसित भारत के विजन 2047 को सामने रख अपना दायित्व निभाना होगा। उन्होंने कहा कि सभी संकल्प लें कि मेरा निगम, मेरा परिषद व मेरी नगर पालिका व मेरा शहर दुनिया के स्वच्छ व सुंदर शहरों में शुमार हो।

लोकसभा अध्यक्ष वीरवार को मानेसर स्थित आईकैट-2 परिसर सभागार में संवैधानिक लोकतंत्र को सुदृढ़ करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका विषय पर आयोजित प्रथम दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर से आए जनप्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बिरला ने दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत रूप से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, मंत्री राव नरबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एमसीसी ने मनाया अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर, नगर निगम चंडीगढ़ ने अपनी एक माह लंबी 'प्लास्टिक मुक्त चंडीगढ़' अभियान की सफल समाप्ति का जश्न मनाया। यह अभियान 5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रारंभ किया गया था।

इस आयोजन के दौरान नगर निगम के संयुक्त आयुक्त, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर प्रवीन दुग्गल, चंडीगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव चड्ढा और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

इस अवसर की मुख्य विशेषता के रूप में, एमसीसी ने प्लास्टिक बोतलों के पुनर्चक्रण के लिए उपयोग होने वाली अत्याधुनिक बायोक्रक्स मशीन के बारे में जनता को जागरूक करने हेतु एक जन जागरूकता अभियान चलाया। नीलम थिएटर, सेक्टर-17 के पास हाल ही में स्थापित इस इकाई पर मशीन का सीधा प्रदर्शन किया गया, जिससे लोगों को जिम्मेदार प्लास्टिक निपटान के लिए प्रेरित किया गया।

सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त आयुक्त ने दो प्रेरणादायक नागरिकों सुश्री मंजू और बजरंगी को पुरस्कृत किया, जिन्होंने प्रयुक्त प्लास्टिक बोतलें जमा कर बायोक्रक्स प्रणाली के माध्यम से 500 ग्रीन प्वॉइंट्स अर्जित किए। उन्हें पुनर्नवीनीकृत प्लास्टिक से बनी टी-शर्ट और प्रशंसा पत्र भेंट किए गए।

इस पहल के बारे में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने बताया कि कंधारी बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से, नगर निगम ने पहले ही शहर में 11 बायोक्रक्स प्लास्टिक बैलिंग मशीनें स्थापित की हैं। इन मशीनों ने पिछले 1.5 वर्षों में कुल 29,031 प्लास्टिक बोतलों का पुनर्चक्रण किया है, जो लगभग 580.62 किलोग्राम प्लास्टिक कचरे के बराबर है। नगर निगम ने एक बार फिर स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त चंडीगढ़ के अपने संकल्प को दोहराया और नागरिकों से अपील की कि वे एकल-उपयोग प्लास्टिक के पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाएं।

# गांव घोड़ा चक्क में मिली पाक की एके-47 और हेरोइन के पैकेट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान अभी भी अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा और सरहद पार से हथियार और नशे की खेप भेज रहा है। पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये एक एके-47, 37 कारतूस और अलग-अलग पैकेट में 467 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) भेजा गया था। हथियार सीमावर्ती गांव घोड़ा चक्क के खेतों में फेंके गए थे। वहीं हेरोइन के पैकेट उठाने आए व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



थाना लक्खोके बहराम पुलिस ने सूचना के आधार पर गांव गजनी वाला (दोना मत्ड़) के सेमनाले के पुल के पास से आरोपी रेशम सिंह उर्फ बग्गू निवासी गजनी वाला को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर इसके पास से 181 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। ये यहां बैठा ग्राहकों का इंतजार कर रहा था। इसी तरह, ममदोट पुलिस को गुप्त सूचना दी थी कि किसी ने पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम असलहा की खेप मंगवाई है, जो सीमावर्ती गांव घोड़ा चक्क के खेत में पड़ी है। पुलिस ने वहां पर सर्च अभियान चला कर एक एके-47 व 37 कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा थाना सदर पुलिस ने सीमावर्ती गांव जल्लोके श्मशानघाट की दीवार से सटे खेत से हेरोइन का पैकेट बरामद किया है। इसमें 286 ग्राम हेरोइन है। उक्त पैकेट ड्रोन के जरिये आसमान से फेंका गया था।

# पानीपत: महिला ने ऑटो में ही बच्चे को दिया जन्म

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत में सरकारी एंबुलेंस न मिलने के कारण एक महिला ने ऑटो में बच्चे को जन्म दे दिया। महिला के परिजनों ने आरोप लगाया है कि वह सिविल अस्पताल में एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल करते रहे। उसके बाद परिजनों ने एंबुलेंस न मिलने के आरोप लगाकर अस्पताल में खूब हंगामा किया। जिस पर वीरवार को सीएमओ ने आरोपों की जांच करवाई। जांच में परिजन के मोबाइल में डायल नंबर देखा तो वे लगातार गलत नंबर डायल कर रहे थे। जब उन्होंने सही नंबर डायल किया, तो सूचना मिलने के 12 मिनट के भीतर एंबुलेंस उनके एड्रेस पर पहुंच गई थी, लेकिन तब तक परिजन महिला को ऑटो में लेकर सिविल अस्पताल के लिए निकल चुके थे। अस्पताल पहुंचने से पहले ही बीच रास्ते में महिला ने बच्चे को जन्म दे दिया। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों ने लापरवाही के आरोप लगाए थे। इस बारे में सीएमओ डॉ. विजय मलिक ने कहा कि मामला संज्ञान में आने के बाद मामले की जांच की गई। स्पष्टीकरण लेटर जारी कर जवाब मांगा गया। जिसके बाद ये तथ्य सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार सनौली खुर्द की एक महिला नगमा जो गर्भवती थी। उसकी अचानक बुधवार रात तबीयत खराब हो गई जिसे परिवार के सदस्य उसको ऑटो में सरकारी अस्पताल के लिए चल दिए। बीच रास्ते में उसने ऑटो में ही बच्चे को जन्म दे दिया।

# कांवड़ यात्रा में सड़कों पर रहेगी पुलिस, छुट्टियां हुईं रद्द

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस कर्मचारियों को सड़कों पर तैनात करने के निर्देश देते हुए यात्रा की अवधि में सभी पुलिस कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी है। हरियाणा में 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू होगी। जिसे लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पुलिस विभाग के आला अधिकारियों को बैठक में निर्देश जारी किए।

मुख्यमंत्री के साथ बैठक के बाद पुलिस महानिदेशक ने कांवड़ यात्रा को लेकर संभावित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों के लिए गुरुवार को निर्देश जारी कर दिए हैं (कांवड़ यात्रा के मद्देनजर राज्यभर में पुलिस बल को अलर्ट मोड में रखा गया है और सभी जिलों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य के सभी जिलों में पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई है। 11 जुलाई से यात्रा समाप्ति तक पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर प्रतिबंध लगाया गया है ताकि अधिकतम पुलिस बल उपलब्ध रह सके। सभी संवेदनशील स्थानों, नाकों और शिविर स्थलों पर वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में 24 घंटे गश्त सुनिश्चित की जाएगी।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार श्रद्धालुओं के मार्गों पर महिला कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। यात्रा मार्गों पर चलने वालों के लिए अलग लेन सुनिश्चित की गई है और मुख्य सड़कों से दूर शिविर लगाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।

### अखिलेश की सुरक्षा में चूक, मंच के पास पहुंचा युवक

**एजेंसी, आजमगढ़।** यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव की सुरक्षा में सेंधमारी की घटना सामने आई है। आजमगढ़ में एक शख्स सुरक्षा घेरा तोड़कर मंच तक पहुंच गया। यह सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सुरक्षा में चूक की बड़ी घटना मानी जा रही है। आजमगढ़ में मंच पर एक युवक सुरक्षा घेरा तोड़कर अखिलेश यादव के पास जा पहुंचा तो मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उसे तुरंत रोक दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि, अखिलेश यादव आजमगढ़ में रैली के लिए पहुंचे थे। उन्हें यहां नए पार्टी ऑफिस का उद्घाटन करना था। अखिलेश यादव के इस कार्यक्रम में कई कार्यकर्ता पहुंचे हैं। जिस व्यक्ति ने सुरक्षा घेरा तोड़कर अखिलेश यादव के करीब जाने की कोशिश की उसकी दिमागी स्थिति भी ठीक नहीं बताई जा रही है। (अनंत ज्ञान)



### ब्रिटेन की संसद में आंसू बहाती दिखीं वित्त मंत्री

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन की वित्त मंत्री रेचल रीव्ज बुधवार को संसद में रो पड़ीं। तब ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर विपक्ष के सवालों का जवाब दे रहे थे। रीव्ज के रोने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई लोगों ने उन्हें कमजोर बताया और उनकी आलोचना की। रीव्ज के रोने का नुकसान ब्रिटिश मार्केट पर तुरंत दिखा। पाउंड की कीमत डॉलर के मुकाबले 1 गिर गई। दरअसल, निवेशकों ने समझा कि चांसलर की कुर्सी खतरे में है। अक्टूबर 2022 के बाद यह पहली बार हुआ जब पाउंड में इतनी गिरावट हुई। उस वक्त प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मिनी-बजट ने बाजार में जबरदस्त उथल-पुथल मचा दी थी और उसका नतीजा यह हुआ था कि ट्रस को अपने पद से हटना पड़ा था। इस बीच पीएम स्टार्मर ने रीव्ज का बचाव किया। उन्होंने कहा कि रीव्ज के आंसुओं का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और उन्होंने भरोसा दिलाया कि रीव्ज आने वाले कई सालों तक चांसलर बनी रहेंगी। (अनंत ज्ञान)



### चीन ने भारत को जरूरी मशीनों की डिलीवरी रोकी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चीन ने भारत को जरूरी मशीनों और पार्ट्स की डिलीवरी रोक दी है। ये मशीनें और पार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल जैसे सेक्टर्स के लिए बेहद जरूरी हैं। इसके अलावा, भारत में आईफोन बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन ने अपने 300 से ज्यादा चीनी इंजीनियर्स और टेक्नीशियन्स को भारत से वापस बुलाने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन ने ऐसा भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को प्रभावित करने के लिए किया है। सूत्रों ने कहा कि चाइनीज कर्मचारियों की संख्या 1 प्रतिशत से भी कम है, लेकिन ये प्रोडक्शन और क्वालिटी मैनेजमेंट जैसे अहम ऑपरेशंस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चीनी सरकार द्वारा अपने नागरिकों को वापस बुलाने के निर्देश से फैक्टरियों में काम धीमा हो सकता है। भारत ने 4 साल पहले बड़े पैमाने पर आईफोन असेंबल करना शुरू किया था। एप्पल की योजना 2026 के अंत तक अमेरिका के लिए ज्यादातर आईफोन्स भारत में बनाने की है, जिसकी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने आलोचना की है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# बागेश्वर धाम में पंडाल का हिस्सा गिरने से एक श्रद्धालु की मौत

**एजेंसी, छतरपुर**

छतरपुर बागेश्वर धाम में वीरवार सुबह पंडाल का एक हिस्सा गिरने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल बताए गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि बारिश और आंधी के चलते ये हादसा हुआ। हादसा सुबह 7 बजे आरती के बाद हुआ। लोहे का एंगल गिरने की वजह से श्रद्धालु के सिर पर चोट लगी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरती के दौरान बारिश हो रही थी। इसी समय भारी भीड़ जमा हो गई।

**बारिश और आंधी के चलते हुआ हादसा आठ लोग घायल**

बारिश से बचने के लिए लोग शेड के नीचे पहुंचे थे। मृतक का नाम श्यामलाल कौशल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायल राजेश ने बताया कि उनके ससुर लाला श्यामलाल कौशल की इस हादसे में मौत हो गई है। वहीं परिवार के 6 लोग घायल हुए हैं। घायलों में पत्नी सौम्या, बच्ची पारुल, बच्ची उन्नति, पड़ोसी आर्यन, कमला हैं। इनको अस्पताल में भर्ती किया गया है।

उन्होंने बताया कि हम लोगों को दर्शन के लिए जाना था पानी गिरने लगा तो भागकर पंडाल के नीचे खड़े हो गए और जब पानी बंद हो गया तभी अचानक पंडाल गिर गया और भगदड़ मच गई। हम लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई है। यहां पंडाल में तकरीबन 15 से 20 लोग नीचे दब गए तो वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकाला। (अनंत ज्ञान)

# थाईलैंड को दो दिन में मिला दूसरा पीएम



**एजेंसी, बैंकॉक।** थाईलैंड को दो दिन में दूसरा प्रधानमंत्री मिला है। देश के गृह मंत्री फुमथम वेचायाचाई ने वीरवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने 24 घंटे प्रधानमंत्री रहे सूर्या जुंगरुंगरेंगकित की जगह ली है। सूर्या जुंगरुंगरेंगकित को बुधवार को देश का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। 70 साल के सूर्या ने निलंबित प्रधानमंत्री पाइतोंगतार्न शिनावात्रा की जगह ली थी, जिन्हें 1 जून को पद से हटाया गया था। (अनंत ज्ञान)

# डीएसी ने 1.05 लाख करोड़ के 10 सैन्य खरीद प्रस्तावों को दी मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में वीरवार को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में करीब 1.05 लाख करोड़ रुपए की लागत वाले 10 प्रमुख रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। ये सभी प्रस्ताव खरीद (भारतीय-आईडीडीएम) यानी स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। यह कदम न केवल सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने की दिशा में अहम है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूती देगा।

नौसेना की सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भी कई महत्वपूर्ण खरीदों की स्वीकृति दी गई है, जिसमें मूर्ड माइंस जलपोतों की सुरक्षा के लिए समुद्र में लगाए जाने वाले विस्फोटक उपकरण और माइन काउंटर मेजर वेसल्स समुद्र में बिछाए गए दुश्मन के माइंस को निष्क्रिय करने वाले जहाज शामिल हैं। इसके साथ सुपर रैपिड गन माउंट तेज फायरिंग वाली बंदूकें, जो समुद्री खतरों से बचाव में मदद करेंगी। इसमें सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल्स बिना किसी चालक के पानी के नीचे चलने वाली उन्नत नावें, जो निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने में सहायक होंगी। (अनंत ज्ञान)

**ये रक्षा उपकरण खरीदे जाएंगे**



**बख्तरबंद वाहन :** युद्ध के दौरान क्षतिग्रस्त टैंकों और भारी वाहनों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए।

**इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली :** दुश्मन की रडार और संचार प्रणाली को निष्क्रिय करने की अत्याधुनिक तकनीक।

**एकीकृत कॉमन इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम :** थल, वायु और नौसेना के बीच आपूर्ति शृंखला को बेहतर और अधिक समन्वित बनाने के लिए।

**सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें :** वायुसेना और नौसेना की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने के लिए।

# रेप केस: हाईकोर्ट ने ममता सरकार से मांगी रिपोर्ट

## मामले में 10 को होगी अगली सुनवाई, डायरी भी पेश करने के आदेश

**एजेंसी, कोलकाता**

प. बंगाल के कोलकाता में कथित दुष्कर्म के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने छात्रा के दुष्कर्म मामले की जांच में हुई प्रगति को लेकर हलफनामे के रूप में रिपोर्ट दाखिल करने और केस डायरी पेश करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य को निर्देश दिया कि वह 10 जुलाई को अगली सुनवाई में जांच रिपोर्ट को हलफनामे के साथ पेश करें। दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज की एक पूर्व छात्रा और दो वरिष्ठ छात्रों द्वारा कथित सामूहिक दुष्कर्म के संबंध में तीन जनहित याचिकाएं दायर की गईं।

इससे पहले 24 साल की लॉ की छात्रा के साथ 25 जून को कोलकाता के कस्बा इलाके के साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया था। कॉलेज के 31 वर्षीय पूर्व छात्र मनोजीत मिश्रा को मामले के मुख्य आरोपी के तौर पर गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 19 साल जैब अहमद और 20 साल के प्रमित मुखोपाध्याय के रूप में पहचाने गए दो छात्र और एक सुरक्षा गार्ड को भी गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने मनोजीत और दोनों छात्रों को 8 जुलाई तक कोलकाता पुलिस की हिरासत में भेज दिया। (अनंत ज्ञान)

**इलेक्शन तक सभी छात्र संघ ऑफिस बंद**

**कोलकाता** हाईकोर्ट ने लॉ कॉलेज में गैंगरेप को लेकर दाखिल की गई तीन जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने बंगाल के सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी में छात्र संघ कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से भी रिपोर्ट मांगी है। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस स्मिता दास डे की बेंच ने कहा कि छात्र चुनाव होने तक ये कमरे बंद रहेंगे।

# सोने के दाम में गिरावट, चांदी हुई महंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सोने के दाम में 3 जुलाई को मामूली गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 143 रुपए कम होकर 97,337 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 97,480 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 932 रुपए बढ़कर 1,07,620 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले यह 1,06,688 रुपए पर थी। वहीं, 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप बोले-भारत के साथ ट्रेड डील जल्द होने की उम्मीद, टैरिफ भी कम रहेंगे

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उम्मीद जताई है कि भारत-अमेरिका के बीच जल्द ट्रेड डील होगी, टैरिफ भी कम रहेंगे। मीडिया से बातचीत में ट्रंप ने कहा, भारत के साथ ट्रेड डील कुछ अलग होगी। भारत टैरिफ के मामले में किसी भी देश को रियायत नहीं देता है, लेकिन मेरा मानना है कि इस बार की ट्रेड डील से दोनों देशों को फायदा मिलने वाला है। ट्रंप ने डील की डेडलाइन 9 जुलाई रखी है। (अनंत ज्ञान)

**भारत ट्रेड डील को लेकर दो शर्तों पर अड़ा**

**भारत** ट्रेड डील को लेकर भारत अपनी दो शर्तों पर अड़ा हुआ है। पहली शर्त यह है कि ट्रंप टैरिफ को किसी भी सूरत में 10 प्रतिशत या फिर इससे कम ही रखा जाए। ट्रंप की ओर से अप्रैल में भारत पर लगाए गए 26 प्रतिशत टैरिफ को कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। दूसरी शर्त यह है कि भारत की एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम ईकाई) को अमेरिकी बाजार में अनुकूल हालात मुहैया करवाया जाए। इसमें लेदर, गारमेंट, जेम्स-ज्वेलरी और फार्मा मुख्य हैं। भारत का कहना है कि जीएसपी (जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंस) की तर्ज पर भारतीय उत्पादों पर जीरो टैरिफ की कैटेगरी बने। 2019 तक लागू जीएसपी से लगभग 20 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को टैरिफ नहीं चुकाना पड़ता था।

# ब्रिटिश फाइटर जेट एफ-35 बी 14 दिन से तिरुवनंतपुरम में खड़ा

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** ब्रिटिश फाइटर जेट 13 दिन से तकनीकी खराबी के चलते तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खड़ा है। ब्रिटिश रॉयल नेवी का फाइटर जेट एफ-35 अभी भी केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खड़ा है। कई बार रिपेयरिंग के बावजूद विमान उड़ान भरने की स्थिति में नहीं है। ब्रिटेन से इंजीनियरों की टीम इसे ठीक करने आई, लेकिन अब तक मरम्मत सफल नहीं हो सकी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब फाइटर जेट को टुकड़ों में मिलिट्री कार्गो एयरक्राफ्ट के जरिए वापस ब्रिटेन ले जाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**गिरावट** | **सेंसेक्स 83,239.47 और निफ्टी 25,405.30 के स्तर पर बंद**

# सेंसेक्स में 170 अंकों की गिरावट, निफ्टी भी लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी वीरवार को उतार-चढ़ाव के बाद भारतीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 170.22 अंक या 0.20 प्रतिशत गिरकर 83,239.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 440.4 अंक या 0.52 प्रतिशत बढ़कर 83,850.09 अंक पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 48.10 अंक या 0.19 प्रतिशत गिरकर 25,405.30 अंक पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

**बाजार में रही उतार-चढ़ाव की स्थिति**

**रेलिगेयर** ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और अंत में बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। उन्होंने कहा कि सेक्टरवार रुझान मिलाजुला रहा। ऑटो और फार्मा में बढ़त दर्ज की गई, जबकि मेटल और रियल्टी में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। व्यापक सूचकांकों ने भी इस उतार-चढ़ाव को दर्शाया।



**यूरोपीय बाजार में रहा मिलाजुला रुख**

**एशियाई** बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार ज्यादातर बढ़त के साथ बंद हुए। सकारात्मक मांग के रुझान और बिक्री में जारी सुधार के बीच अंतरराष्ट्रीय बिक्री और रोजगार सृजन में मजबूत विस्तार हुआ।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पंत आगामी डीपीएल सत्र के लिए पुरानी दिल्ली 6 के साथ बने रहेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र के लिए पुरानी



दिल्ली 6 के साथ बने रहेंगे, लेकिन राष्ट्रीय टीम के कार्यक्रम को देखते हुए वह किसी भी मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है। पंत लीग में युवा टी20 सितारों के बीच आकर्षण का केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले साल शुरूआती चरण में एक मैच खेला था। फ्रेंचाइजी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ''पुरानी दिल्ली 6 ने आगामी सत्र के लिए स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को बरकरार रखने की आधिकारिक घोषणा की है। पंत को 'मार्की' खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया है।'' पंत के हवाले से विज्ञप्ति में कहा गया, ''डीपीएल से देश में कई खिलाड़ी निकले हैं जैसे दिग्वेश राठी और प्रियांश आर्य। पुरानी दिल्ली 6 को पिछले साल के शानदार सत्र के बाद इस साल और भी मजबूत होकर लौटने की उम्मीद है।'' वहीं दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने आधिकारिक तौर पर दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी को शामिल करने की घोषणा की है। इसमें 'आउटर' (बाहरी) दिल्ली और नई दिल्ली फ्रेंचाइजी 2025 सत्र में पदार्पण करेगी जिससे लीग छह से आठ टीमों की हो जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

### भारत में एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट खेलेगी पाक टीम : खेल मंत्रालय



**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान की टीम को अगले महीने भारत में एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दी जाएगी। खेल मंत्रालय के सूत्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत कई देशों की भागीदारी वाले टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलेगा। सूत्र ने कहा, ''हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन द्विपक्षीय प्रतियोगिता अलग होती है।'' हॉकी एशिया कप 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के कारण अगले महीने एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर संदेह था। एशिया कप के अलावा नवंबर-दिसंबर में होने वाले जूनियर विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम को खेलने की अनुमति दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### इरफान-सफा की खूबसूरत जोड़ी

**मुंबई ।** भारतीय पूर्व क्रिकेटर इरफान खान की पत्नी सफा बेग खूबसूरत होने के साथ-साथ ब्यूटी विद ब्रेन का उदाहरण रही हैं। मॉडलिंग करियर के अलावा सफा की नेल आर्ट में भी गहरी रुचि है और इसमें वह काफी शानदार भी हैं। अकसर उनकी तस्वीरों में आप उनकी नेल आर्ट को देख सकते हैं। सफा मॉडल भी काम कर चुकी हैं।



## महिला टी20 मैच — भारतीय महिला टीम सीरीज में 2-0 से आगे, लगाएगी जीत की हैट्रिक

# इंग्लैंड के खिलाफ इतिहास रचने उतरेगी टीम इंडिया

**एजेंसी, लंदन**



पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में सीरीज जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है। उसने पांच मैच की सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम सीरीज में अभी 2-0 से आगे चल रही है।

भारतीय महिला टीम ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ हर महिला टी20 सीरीज में हारती रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर। यह प्रभावशाली प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, जो अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्व रखता है।

भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में शतक बनाया तो हरलीन देओल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरे मैच में अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्द्धशतक लगाकर टीम को मुश्किल स्थिति से उबारा और उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। अब सभी की निगाहें बड़े शॉट लगाने वाली सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर टिकी हैं, जो अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगी। टीम में वापसी करने वाली शेफाली ने पहले दो मैच में कुल मिलाकर 23 रन बनाए हैं।

अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में नहीं खेल पानी वाली कप्तान हरमनप्रीत ने दूसरे मैच में केवल दो गेंद का सामना किया और वह भी मैदान पर कुछ समय बिताना चाहेंगी। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की अनुपस्थिति में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ने सराहनीय प्रदर्शन किया है।

बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी अपनी पहली सीरीज में ही स्टार खिलाड़ी बनकर उभरी हैं। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने छह विकेट चटकाए हैं और उनका इकॉनमी रेट भी सबसे अच्छा रहा है। इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ी समस्या सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले और डैनी व्याट-हॉज का अच्छी शुरुआत नहीं दे पाना है। उसकी गेंदबाजी भी औसत दर्जे की रही है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : रात 11.05 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड:** नताली साइवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स (विकेट कीपर), डैनी व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉल्फिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, लिन्सी स्मिथ, इसी वोंग।

## इंग्लैंड के तेज गेंदबाज वोक्स को मौके गंवाने का अफसोस

**एजेंसी, बर्मिंघम**

इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने स्वीकार किया कि दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अंपायरों के कुछ फैसले भारत के पक्ष में जाने के बाद वह निराश हो गए थे।



वोक्स अपनी शानदार लाइन और लेंथ के साथ मेजबान टीम के लिए सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए और उन्होंने पहले दिन 18 ओवर में 59 रन देकर दो विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी पर इंग्लैंड ने दो रिव्यू लिए जिन पर तीसरे अंपायर का फैसला भारत के पक्ष में गया। इस तेज गेंदबाज ने इसे निराशाजनक करार दिया।

वोक्स ने बुधवार को पहले दिन खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''यह वास्तव में निराशाजनक था। जब आप टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होते हैं तो भावनाएं हावी हो जाती हैं। अगर ये फैसले हमारे पक्ष में होते तो दिन पूरी तरह से अलग होता, लेकिन यह टेस्ट क्रिकेट है और हम इन चीजों को आत्मसात करके आगे बढ़ते हैं।''

इनमें से पहला मामला सातवें ओवर में आया, जब भारत का स्कोर बिना किसी नुकसान के 14 रन था और वोक्स ने यशस्वी जायसवाल के खिलाफ एलबीडब्ल्यू की अपील की थी। दूसरा मामला 11वें ओवर में आया, जब भारत का स्कोर एक विकेट पर 21 रन था और करुण नायर भी इसी तरह के रिव्यू से बच गए।

दोनों अवसरों पर डीआरएस से पता चला कि गेंद स्टंप से टकराई थी, लेकिन यह बांग्लादेशी अंपायर शरफुद्दौला के नॉटआउट के फैसले को पलटने के लिए पर्याप्त नहीं था। वोक्स ने कहा, ''अगर यह फैसले हमारे पक्ष में जाते तो हम उनका स्कोर तीन विकेट पर 30 रन कर सकते थे और तब स्थिति पूरी तरह से भिन्न होती। यह फैसले हमारे पक्ष में भी जा सकते थे, लेकिन हम इस खेल को इसी तरह से खेलते हैं।'' (अनंत ज्ञान)

## भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच: दूसरा दिन — रवींद्र जडेजा ने 89 और वॉशिंगटन सुंदर ने बनाए 42 रन

# शुभमन गिल ने 311 गेंदों में जड़ा दोहरा शतक

**एजेंसी, बर्मिंघम**

भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेला जा रहा है। वीरवार को दूसरे भारत ने पहली पारी में 7 विकेट खोकर 566 रन बना लिए थे। वॉशिंगटन सुंदर को 42 रन पर जो रूट ने बोल्ड कर दिया। रूट ने शतकीय साझेदारी को तोड़ा। इससे पहले, रवींद्र जडेजा 89 रन बनाकर जोश टंग की बॉल पर कैच हुए। जडेजा ने शुभमन के साथ छठे विकेट के लिए 203 रन की पार्टनरशिप की। यह इंग्लैंड में भारत की ओर से छठे विकेट के लिए तीसरे सबसे बड़ी पार्टनरशिप है। भारतीय टीम ने वीरवार को 310/5 के स्कोर से खेलना शुरू किया। गिल ने 114 और जडेजा ने 41 रन के स्कोर से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। समाचार लिखे जाने तक शुभमन गिल 266 रन पर खेल रहे थे और उनका साथ आकाश दीप दे रहे थे। (अनंत ज्ञान)




दोहरा शतक लगाने के बाद खुशी जाहिर करते कप्तान शुभमन गिल।

**गिल ने तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड**

**गिल** सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान बने हैं। गिल ने विराट कोहली के 254 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। कोहली ने 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुणे में नाबाद 254 रन की पारी खेली थी।

## सूर्यवंशी के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अंडर-19 वनडे में इंग्लैंड को हराया

**एजेंसी, नॉर्थम्पटन**



शॉट खेलता वैभव सूर्यवंशी।

| | |
|---|---|
| रन | 86 |
| गेंद | 31 |
| चौथे | 06 |
| छक्के | 09 |

आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए रिकॉर्ड नौ छक्के लगाए और उनकी इस पारी के दम पर भारत ने वर्षाबाधित तीसरे अंडर-19 युवा वनडे मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है।

14 वर्ष के सूर्यवंशी ने 31 गेंद में 86 रन बनाए। इंग्लैंड के छह विकेट पर 268 रन के जवाब में भारत ने 34.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में छह चौके और नौ छक्के जड़े। अंडर-19 वनडे क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का यह सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड है। इससे पहले मनदीप सिंह ने आठ छक्के लगाए थे। भारत का स्कोर 24वें ओवर में छह विकेट पर 199 रन था, लेकिन गेंदबाज हरफनमौला कनिष्क चौहान ने 42 गेंद में नाबाद 43 रन बनाए और आरएस अंबरीश नाबाद 31 के साथ 75 रन की अटूट साझेदारी की। कनिष्क ने गेंदबाजी के दौरान भी तीन विकेट लिए थे। सूर्यवंशी ने तीसरे ही ओवर में सेबेस्टियन मोर्गन को दो छक्के लगाकर अपने तेवर जाहिर कर दिए थे। अगले ओवर में उन्होंने मोर्गन को दो छक्के और एक चौका लगाया। राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले 14 वर्ष के सूर्यवंशी ने साबित कर दिया कि उनका फॉर्म महज तुक्का नहीं था। इंग्लैंड के बायें हाथ के तेज गेंदबाज जेम्स मिंटो को उन्होंने छठे ओवर में खासी नसीहत देते हुए 23 रन निकाले। सूर्यवंशी के आउट होने के समय भारत का स्कोर आठवें ओवर में 111 रन था। इससे पहले इंग्लैंड के लिए कप्तान थॉमस रियू ने 44 गेंद में नाबाद 76 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिंस ने 62 रन की पारी खेली। (अनंत ज्ञान)

## लिवरपूल के खिलाड़ी जोटा की कार दुर्घटना में मौत

**एजेंसी, मैड्रिड**

लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की स्पेन में कार दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने वीरवार को यह जानकारी दी। स्पेनिश सिविल गार्ड के अनुसार जोटा और उनके भाई की कार पश्चिमी शहर जमोरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे कार में सवार दोनों भाइयों की मौत हो गई।

पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इसमें कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था। 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई, 25 वर्षीय आंद्रे सिल्वा दोनों पुर्तगाल के खिलाड़ी थे। जोटा पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए भी खेल चुके हैं। सिल्वा निचले डिवीजन में पुर्तगाली क्लब पेनाफेल के लिए खेल चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



## गिल की रणनीति में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण : जोनाथन ट्रॉट

**एजेंसी, मुंबई**

पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का कहना है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल की सोची-समझी रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण हैं जिनका भविष्य उज्ज्वल नजर आता है। गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में दूसरा शतक जड़ा और बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक नाबाद 114 रन (216 गेंद, 12 चौके) बनाकर भारत को पांच विकेट पर 310 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।



इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने कहा, 'उनके हाव भाव और जिस तरह से उन्होंने रन बनाए वह उल्लेखनीय है। इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ उनके नियंत्रण ने ड्रेसिंग रूम को संदेश दिया कि वह जिम्मेदारी ले रहे हैं और आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, ''उनकी रणनीति स्पष्ट थी। मैं क्रीज पर टिका रहूंगा और मैं कल फिर से खेलूंगा। मैं सुनिश्चित करूंगा कि हम जीत की स्थिति में पहुंचें। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं जिनका भविष्य उज्जवल है।''

ट्रॉट ने कहा, ''उन्होंने एक सोची समझी रणनीति से बल्लेबाजी की जिसमें उनका आत्मविश्वास साफ नजर आता था। कप्तान के रूप में इस तरह के प्रदर्शन से टीम के अन्य खिलाड़ियों पर भी सकारात्मक असर पड़ता है।'' (अनंत ज्ञान)

## झारखंड के राज्यपाल ने हॉकी खिलाड़ी लाकड़ा से अस्पताल में की मुलाकात

**एजेंसी, रांची**

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने वीरवार को पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बिमल लाकड़ा से मुलाकात की, जिनका रांची के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। राजभवन के आधिकारिक बयान के अनुसार, राज्यपाल ने अस्पताल का दौरा किया और लाकड़ा की प्रगति के बारे में डॉक्टरों से बात की तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



गंगवार ने कहा, ''लाकड़ा ने हॉकी के क्षेत्र में देश के साथ-साथ राज्य का भी नाम रोशन किया है। पूरा राज्य उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है।'' सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, 45 वर्षीय लकड़ा 30 जून को सिमडेगा जिले में अपने पैतृक घर के पास खेत में बेहोशी की हालत में पाए गए थे। उन्हें सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां सीटी स्कैन से पता चला कि उनके सिर में खून का थक्का जमा है। इसके बाद उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को लाकड़ा को सभी चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। (अनंत ज्ञान)

## विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट — महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी, गॉफ, पेगुला व किनवेन पहले हो चुकी हैं बाहर

# अल्काराज जीते, सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अब अकेली मैदान में

**एजेंसी, लंदन**



दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा जहां एरीना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं।

अल्काराज ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालीफायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है। पुरुष एकल में ही पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को 3-6, 6-3, 7-6 (0), 4-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की, लेकिन 12वें नंबर के फ्रांसेस टियाफो भी बाहर होने वाले वरीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। उन्हें 2022 के विंबलडन सेमीफाइनलिस्ट कैम नोरी ने 4-6, 6-4, 6-3, 7-5 से हराया।

महिला वर्ग में पिछले साल की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी के बाहर होने के बाद सबालेंका पांच शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर बची हुई हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ, तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन पहले ही बाहर हो चुकी हैं। पाओलिनी को गैर वरीयता प्राप्त कामिला राखीमोवा से 4-6, 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने बुधवार को अपने दूसरे दौर के मैच में मैरी बुजकोवा पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। वह अब 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू का सामना करेंगी। राडुकानू ने 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में छठी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज़ ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से पराजित किया। (अनंत ज्ञान)

